

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,सोमवार 13 मार्च 2023 ■ चैत्र कृष्ण पक्ष -6 ■ वर्ष- 38 ■ अंक-341 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 14 मार्च 2023 ₹ 1.00



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112


## संक्षेप

### भारत लगातार दूसरी बार डब्लूटीसी के फाइनल में

**नई दिल्ली,13 मार्च।** भारतीय क्रिकेट टीम विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंच गई है। क्राइस्टचर्च में न्यूजीलैंड ने श्रीलंका के खिलाफ खेले गए पहले टेस्ट को जीतकर भारत को फाइनल में पहुंचा दिया। भारत को फाइनल में पहुंचने के लिए दो टेस्ट में से किसी एक में श्रीलंका की हार या ड्रॉ की



जरूरत थी। न्यूजीलैंड ने लंकाई टीम को परास्त कर भारत को बड़ी खुशी दे दी। अब भारत और ऑस्ट्रेलिया के चौथे टेस्ट मैच के नतीजे का कोई असर विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के समीकरण पर नहीं पड़ेगा। मैच की बात करें तो न्यूजीलैंड ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। श्रीलंका ने पहली पारी में 355 रन बनाए। वहीं, न्यूजीलैंड ने पहली पारी में 373 रन बनाए। इस तरह उसे पहली पारी में 18 रनों की बढ़त मिली। श्रीलंका ने दूसरी पारी में 302 रन बनाए। न्यूजीलैंड को दूसरी पारी में जीत के लिए 285 रनों का लक्ष्य मिला। केन विलियम्सन के शतक की बदौलत ने मैच के पांचवें और अंतिम दिन आखिरी गेंद पर श्रीलंका को हरा दिया।

### आंगनबाड़ी भवन के लिए केंद्र से नहीं मिला बजट : अनिला

**रायपुर,13 मार्च।** छत्तीसगढ़ विधानसभा का बजट सत्र सांसद सोहन पोटाई को श्रद्धांजलि देने के बाद गर्मजोशी से शुरू हुआ। सदन में पामगढ़ विधायक इंदू बंजारे ने सवाल उठाते हुए महिला बाल विकास मंत्री अनिला भेड़िया से सवाल पूछा कि, पामगढ़ क्षेत्र में कितने आगंनबाड़ी केंद्र संचालित है, कितने आंगनबाड़ी केंद्र भवन विहिन है और कितने किराए के भवन में संचालित है। वित्तीय वर्ष में 2021-22 में कितने आंगनबाड़ी भवन में बनाए गए हैं। इंदू बंजारे के सवालों का जवाब देते हुए मंत्री अनिला भेड़िया ने सदन में बताया कि वित्तीय वर्ष में 2021-22 में एक भी नए भवन नहीं बनाए गए। केंद्र से बजट नहीं मिला। नए भवनों के लिए सरकार की अलग-अलग एजेंसियों के समन्वित प्रयास जारी है। शहरी क्षेत्रों के लिए बजट में 100 नए भवनों के लिए स्वीकृति मिली है। इसके लिए केंद्र सरकार को भी पत्र लिखा गया है। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य की बराबर हिस्सेदारी से आंगनबाड़ी के नए भवनों का निर्माण होता है।

### आईपीएस समेत 8 पुलिस अफसरों को मिली नवीन पदस्थापना

**रायपुर,13 मार्च।** राज्य शासन द्वारा राज्य पुलिस सेवा के अधिकारियों का नवीन पदस्थापना आदेश जारी किया गया है। बता दें कि गृह विभाग द्वारा जारी सूची में एक आईपीएस और 7 राज्य पुलिस सेवा के अधिकारी शामिल है। एएसपी नीरज चंद्राकर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण रायपुर बनाए गए है। वहीं कीर्तन राठौर एसीबी भेजे गए, मनोज ध्रुव सिविल लाइन सीएसपी बनाए गए। अविनाश मिश्रा होंगे उरला सीएसपी। गौरव रामप्रवेश और ओम प्रकाश चंदेल एसीबी रायपुर भेजे गए।

### एयर इंडिया की फ्लाइट में यात्री ने किया हंगामा

**मुंबई 13 मार्च।** इन दिनों फ्लाइट में उपद्रव की कई घटनाएं सामने आ रही हैं। लंदन से मुंबई आने वाली एयर इंडिया का फ्लाइट में भी कुछ ऐसा वाकया हुआ कि उपद्रव कर रहे यात्री को सीट से बांधकर एंटी-एंजाइटी इंजेक्शन देना पड़ गया। रत्नाकर द्विवेदी नाम के इंडो-अमेरिकन यात्री के खिलाफ केस दर्ज किया गया है।



# ऑस्कर में भारत को पहली बार दो अवॉर्ड

## ■ नाटू-नाटू को बेस्ट ओरिजिनल सॉन्ग, द एलिफेंट व्हिस्परर्स बेस्ट शॉर्ट डॉक्यूमेंट्री

**लॉस एंजलिस,13 मार्च।** 95वीं ऑस्कर सेरेमनी में पहली बार भारत को पहली बार दो अवॉर्ड मिले हैं। फिल्म आरआरआर के गाने नाटू-नाटू ने बेस्ट ओरिजनल सॉन्ग का अवॉर्ड जीता। वहीं, द एलिफेंट व्हिस्परर्स बेस्ट डॉक्यूमेंट्री शॉर्ट फिल्म बनी। हालांकि, डॉक्यूमेंट्री फीचर फिल्म ऑल दैट ब्रीथ्स रेस से बाहर हो गई है। ऑस्कर अवॉर्ड में इन तीन कैटेगरी में भारत को नॉमिनेशन मिला था। नाटू-नाटू को इससे पहले गोल्डन ग्लोब्स अवॉर्ड में बेस्ट ओरिजनल सॉन्ग का खिताब मिला था। ऑस्कर सेरेमनी में आरआरआर के नाटू-नाटू गाना लिखने वाले चंद्रबोस और कंपोजर एमएम कीरवानी ने ट्रॉफी ली। इस दौरान फिल्म के डायरेक्टर राजामौली पीछे बैठे रहे। आरआरआर का तेलुगु मीनिंग रौद्रम रानम रुधिरम और हिंदी में राइज रोर रिवोल्ट है। बेस्ट शॉर्ट डॉक्यूमेंट्री चुनी गई द एलिफेंट व्हिस्परर्स की डायरेक्टर कार्तिकी गोंजाल्विस और प्रोड्यूसर गुनीत मोंगा ने अवॉर्ड लिया। इस दौरान सेरेमनी में मौजूद दीपिका पादुकोण भावुक हो गईं। वे सेरेमनी के प्रेजेंटर के तौर पर पहुंची थीं। ऑस्कर सेरेमनी की शुरुआत भारतीय समय के मुताबिक सोमवार सुबह साढ़े 5 बजे अमेरिका के लॉस एंजेलस में हुई थी।

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी** ने ट्वीट कर आरआरआर और द एलिफेंट व्हिस्परर्स के मेकर्स को बधाई दी है। उन्होंने कहा- असाधारण! 'नाटु नाटु' की लोकप्रियता वैश्विक है। यह एक ऐसा गाना है, जिसे आने वाले सालों तक याद रखा जाएगा। इस सम्मान के लिए एमएम कीरवानी और चंद्रबोस समेत पूरी टीम को बधाई। भारत प्रफुल्लित और गौरवान्वित है।

**गुनीत बोलीं- भारत के लिए 2 महिलाओं ने कर दिखाया-**द एलिफेंट व्हिस्परर्स को बेस्ट डॉक्यूमेंट्री शॉर्ट फिल्म का अवॉर्ड मिलने पर प्रोड्यूसर गुनीत मोंगा ने सोशल मीडिया पर लिखा- हमने अभी-अभी किसी भी इंडियन प्रोडक्शन के लिए पहला ऑस्कर जीता है। दो महिलाओं ने ये कर दिखाया। मैं अभी तक कांप रही हूं। वहीं डायरेक्टर कार्तिकी गोंजाल्वेस ने लिखा- यह अवॉर्ड मेरी मातृभूमि भारत के लिए। फिल्म द एलिफेंट व्हिस्परर्स ने बेस्ट डॉक्यूमेंट्री शॉर्ट फिल्म का जीता। प्रोड्यूसर गुनीत मोंगा (रेड साड़ी में) ने ट्रॉफी ली।

द एलिफेंट व्हिस्परर्स गुनीत की दूसरी फिल्म है, जिसे ऑस्कर अवॉर्ड मिला है। इस फिल्म की कहानी दक्षिण भारत के कपल बोमन और बेली की है, जो एक रघु नाम के अनाथ छोटे हाथी की देखभाल करते हैं। इस फिल्म के जरिए इंसान और जानवरों के बीच की बॉन्डिंग को दिखाया गया है।

# मोहन मरकाम ने सदन में अपनी ही सरकार को घेरा

## ■ डीएमएफ में बंदरबांट का लगाया आरोप, मंत्री चौबे ने दिए जांच के निर्देश



रायपुर,13 मार्च ■ तरुण छत्तीसगढ़

कोंडागांव में ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग में जिला निर्माण समिति के तहत कराए गए कार्यों में गड़बड़ी का मुद्दा सदन में प्रश्नकाल के दौरान उठा. कांग्रेस विधायक मोहन मरकाम ने मुद्दा उठाते हुए डीएमएफ के पैसे के बंदरबांट का आरोप लगाते हुए विधानसभा की समिति से जांच कराने की मांग की. मंत्री रविन्द्र चौबे ने मामले को गंभीर बताते हुए राज्य स्तर के अधिकारी से एक महीने में जांच और जांच के बाद दोषियों पर कार्रवाई की घोषणा की.

विधानसभा में पीसीसी चीफ और कांग्रेस विधायक मोहम मरकाम ने कहा कि 7 करोड़ रुपये डीएमएफ के पैसे का बंदरबांट हुआ है. एक ही अधिकारी कई विभागों के पदों पर डटे हैं. मामले की सदन की कमिटी से जांच की मांग. नेता प्रतिपक्ष ने भी सदन की कमेटी से जांच की मांग की. मंत्री रविन्द्र चौबे ने कहा कि गंभीर मामले को उठाया है. मोहन मरकाम ने कहा कि 7 करोड़ का बंदरबांट हुआ है. क्या अधिकारी पर कार्रवाई करेंगे? विधानसभा की कमिटी से जांच कराएंगे क्या? इस पर मंत्री ने कहा कि कलेक्टर किसी को नोडल अधिकारी बना सकते हैं. राज्य स्तर के अधिकारी को भेज कर मामले की जांच कराई जाएगी. एक महीने के अंदर जांच रिपोर्ट आएगी. जांच रिपोर्ट के आधार पर दोषी अधिकारी पर कार्रवाई होगी. भाजपा विधायक बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि प्रदेश में 50 प्रतिशत से ज्यादा डीएमएम की राशि का बंदरबांट हो रहा है. पहले भी डीएमएफ की राशि में गड़बड़ी का मामला आ चुका है, विस्तृत जांच जरूरी है.

# बिलासपुर में सीवरेज मामले की होगी जांच

रायपुर 13 मार्च ■ तरुण छत्तीसगढ़

छत्तीसगढ़ विधानसभा में आज एक बार फिर से बिलासपुर सीवरेज का मुद्दा गूंजा। शून्यकाल में विधायक धर्मजीत सिंह, शैलेष पांडेय ने इस मुद्दे को उठाया। नेताद्वय ने कहा कि बिलासपुर का सीवरेज जी का जंजाल बन गया है। आये दिन इस सीवरेज की वजह से दुर्घटनाएं होती रही है। पिछले दिनों ने 17 साल के एक बच्चे की सीवरेज के लिए बनाये गये गड्ढे में डूबकर मौत हो गयी। विधायक धर्मजीत सिंह ने कहा कि सीवरेज के लिए जहां-जहां गड्ढे किये गये हैं, वहां सुरक्षा सुनिश्चित होनी चाहिये। इस मामले में अधिकारियों पर कार्रवाई के साथ-साथ कलेक्टर और कमिश्नर को निर्देशित करने की मांग की गयी, कि गड्ढे के आसपास सुरक्षा की उचित व्यवस्था की जाये। वहीं बिलासपुर विधायक शैलेष पांडेय इस मामले को उठाते कहा कि आये दिन सीवरेज की वजह से बिलासपुर में हादसे होते रहते हैं। अब तक कई लोगों की सीवरेज की वजह से मौत भी हो गयी है। विधायक पांडेय ने इस मामले में दोषी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए पिछले दिनों 17 साल के एक लड़के की मौत पर पीड़ित परिवार को 10 लाख मुआवजा देने की मांग की। शैलेष पांडेय ने कहा कि सीवरेज परियोजना बिलासपुर में पूरी तरह से फेल हो चुकी है।



अब तक इसकी टेस्टिंग भी पूरी नहीं हो सकी है। जगह-जगह सीवरेज के नाम पर गड्ढे खोद दिये गये हैं, जिसकी वजह से आये दिन दुर्घटनाएं होती रहती है। उन्होंने पिछले दिनों हुई 17 साल के लड़के की मौत पर दुख जताया। योजना में जाँच की माँग और अधिकारियों और ठेकेदार पर कार्यवाही की माँग को लेकर विधानसभा अध्यक्ष चरणदास महंत ने जांच के निर्देश दिये, जिसके बाद मंत्री रविंद्र चौबे ने इस प्रकरण में जांच की घोषणा की। घटना को लेकर विधानसभा अध्यक्ष ने विभागीय मंत्री को मामला संज्ञान में लेने के लिए निर्देशित किया, जिसके बाद संसदीय कार्य मंत्री श्री रविंद्र चौबे ने जाँच की घोषणा की। आपको बता दें कि बिलासपुर के तोरवा में आदित्य वैष्णव नाम के बच्चे की सिवरेज में डूबने से मौत हुई है।

### पूर्व सांसद पोटाई को विधानसभा में श्रद्धांजलि

छत्तीसगढ़ विधानसभा में आज पूर्व सांसद सोहन पोटाई को श्रद्धांजलि दी गई। प्रश्नकाल से पहले दिवंगत सांसद सोहन पोटाई को सदन में श्रद्धांजलि दी गयी। संसदीय कार्य मंत्री रविंद्र चौबे, नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल, मोहन मरकाम, बृजमोहन अग्रवाल, शिशुपाल सोरी ने श्रद्धांजलि दी। सोहन पोटाई का निधन 9 मार्च को हो गया था। सत्ता पक्ष के साथ-साथ विपक्ष के सदस्यों ने सोहन पोटाई के कार्यों को याद करते हुए उनके जाने से अपूरणीय क्षति होने की बात कही। मंत्री रविन्द्र चौबे ने कहा कि सोहन पोटाई के साथ राजनीति और सामाजिक क्षेत्र में बहुत काम किया है। भाजपा से 4 बार सांसद रहे। क्षेत्र की विकास के लिए अपनी बात रखते थे। बस्तर के विकास के लिए चिंतित रहते थे। समाज के उत्थान के लिए प्रयासरत रहते थे।

# लंदन में राहुल के दिए बयान पर संसद में हंगामा

**नई दिल्ली,13 मार्च।** संसद के बजट सत्र का दूसरा चरण सोमवार को शुरू होते ही हंगामे की भेंट चढ़ गया। संसद के दोनों सदनों में राहुल गांधी के लंदन में दिए गए बयान को लेकर भाजपा ने माफी की मांग की। इस पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा- देश संविधान के मुताबिक नहीं चल रहा। हंगामे को देखते हुए दोनों सदनों को दोपहर दो बजे तक स्थगित कर दिया गया। बता दें कि इस महीने की शुरुआत में राहुल गांधी लंदन दौरे पर थे। यहां उन्होंने कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी में कहा था कि संसद में माइक बंद कर दिए जाते हैं। विपक्ष अपनी आवाज नहीं रख सकता है। उन्होंने कहा कि विपक्ष का कोई नेता किसी भी यूनिवर्सिटी में बोल नहीं सकता है। भारत में लोकतंत्र पर सीधा प्रहार हो रहा है।

लोकसभा और राज्यसभा दोनों सदनों में राहुल गांधी से माफी की मांग की गई। लोकसभा में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा



कि राहुल गांधी ने लंदन में भारत का अपमान किया है। मैं मांग करता हूं कि उनके बयानों की इस सदन के सभी सदस्यों को निंदा करनी चाहिए। उन्हें सदन के सामने माफी मांगने के लिए कहा जाए।वहीं राज्यसभा में केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि राहुल ने देश की गरिमा को गिराया है। वह सदन में आकर माफी मांगे। सरकार के एक और मंत्री गिरिराज सिंह ने राहुल गांधी पर देशद्रोह का केस चलाने तक की मांग कर दी।इधर, सत्ता पक्ष के बयान को लेकर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने भी पलटवार किया है। खड़गे ने कहा- भाजपा के नेता खुद लोकतंत्र को कुचल रहे हैं और हर एजेंसी का गलत उपयोग कर रहे हैं। वे देश को एक तानाशाही की तरह चला रहे हैं और फिर ये लोग लोकतंत्र और देशभक्ति की बात करते हैं। हम अडानी शेयरों के मुद्दे पर जेपीसी के गठन की मांग कर रहे हैं। जब हम इस मुद्दे को उठाते हैं तो माइक बंद कर दिया जाता है और सदन में हंगामा शुरू हो जाता है। इसके लिए आज भी हम जेपीसी की मांग कर रहे हैं। राहुल गांधी के बयान को सत्ता पक्ष के लोग अपने हिसाब से तोड़ मरोड़कर पेश कर रहे हैं। बजट सत्र शुरू होने से पहले कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने विपक्षी दलों की बैठक बुलाई। सोनिया गांधी भी इस बैठक में नजर आईं, वहीं बैठक में 16 दल शामिल हुए।

# उदंती-सीतानदी टाईगर रिजर्व में आग

गरियाबन्द,13 मार्च ■ तरुण छत्तीसगढ़

उदंती सीतानदी टाईगर रिर्जव क्षेत्र में भीषण आग लग गई है. इबताया जा रहा है कि ये आग काफी तेजी से पूरे जंगल में फैल रही है। इस आगजनी से वन्यप्राणी आफत में हैं। इसी के साथ यह भी जानकारी मिल रही है कि कुल्हाड़ीघाट, तौरेंगा, अरसिकन्हार उदंती अभ्यारण में भी आग लगी है। गर्मियों का मौसम शुरु हो गया है और आमतौर ज्यादा गर्म होने की वजह से जंगलों में आग लगने की घटनाएं काफी बढ़ जाती है। सूखे पत्ते और पेड़ होने की वजह से आग जल्दी बुझती भी नहीं है। ऐसे में सबसे ज्यादा संकट वहाँ रहने वाले वन्यप्राणियों को होती है। जंगली जानवर अपनी जान बचाने की लिए यहां-वहां भागते फिरते हैं। उदंती सीतानदी टाईगर रिजर्व 1842.54 वर्ग किलोमीटर तक फैला है। इस अभ्यारण में बड़ी संख्या में तेंदुआ, नीलगाय, बायसन,जंगली सुअर, सोन कुत्ते, हिरण, चौसिंगा, शाही, जंगली बिल्ली के साथ कई दुर्लभ वन्यजीव पाए जाते हैं।



# चीन की मदद से सऊदी अरब और ईरान में समझौता

**नई दिल्ली,13 मार्च।** लंबे तनाव के बाद ईरान और सऊदी अरब को राजनीतिक संबंध फिर से बहाल करने और दूतावास को फिर से खोलने पर सहमत हो गए। भारत इस क्षेत्र को अपने विस्तारित पड़ोस के रूप में देखता है। चीन की सहायता से मिली इस अहम कूटनीतिक सफलता से दोनों देशों के बीच टकराव की संभावना कम हो गई है।

जब से इस का खुलासा हुआ है कि चीन ने दो कट्टर दुश्मन सऊदी अरब और ईरान के बीच एक सौदा किया है, हर कोई इसको लेकर उत्साहित है। सऊदी अरब में एक जाने-माने शिया धर्म गुरु को फांसी दिए जाने के बाद रियाद स्थित सऊदी दूतावास में ईरानी प्रदर्शनकारी घुस आए थे। 2016 में इस घटना के बाद सऊदी अरब ने ईरान से अपने रिश्ते तोड़ लिए थे। इसके बाद से सुन्नी बहुल सऊदी अरब और शिया बहुल ईरान के बीच भारी तनाव रहा है। लंबे तनाव के बाद ईरान और सऊदी अरब को राजनीतिक संबंध फिर से बहाल करने और दूतावास को फिर से खोलने पर सहमत हो गए। भारत इस क्षेत्र को अपने विस्तारित पड़ोस के रूप में देखता है।

चीन की सहायता से मिली इस अहम कूटनीतिक सफलता से दोनों देशों के बीच टकराव की संभावना कम हो गई है। यह समझने के लिए कि ऐसा क्यों है, हमें इस विवाद के इतिहास को समझने की आवश्यकता है और यह आज प्रत्येक देश के दृष्टिकोण को कैसे प्रभावित करता है।

1940, 50, 60 और 70 के अधिकांश दशकों में ईरानी और सउदी करीबी सहयोगी थे। उन दोनों का एक ही रक्षक था- अमेरिका। वे दोनों समाजवाद का विरोध करते थे, वे दोनों अपने तेल संसाधनों का उपयोग धनवान बनने के लिए करते थे और उस धन का अधिकांश हिस्सा अपनी आबादी में वापस गिरवी रखते थे। इस अवधि के दौरान ईरान नहीं सऊदी अरब था जो इस क्षेत्र में प्राथमिक अमेरिकी सहयोगी था। लेकिन सउदी को सीमित मात्रा में द्वितीय श्रेणी के हथियार मिले, जबकि ईरानियों के पास अपनी इच्छानुसार बेहतरीन और सबसे आधुनिक अमेरिकी हथियार थे। समस्या यह थी कि ईरान के शाह ने सोचा था कि केवल धन ही आधुनिकता के बराबर है और उन्होंने अपने देश के दृष्टिकोण को जबरन आधुनिक बनाने की कोशिश की। सउदी ने वह गलती नहीं की। 60 और 70 के दशक के दौरान कई सऊदी



राजाओं ने शाह को इस तरह के तेजी से आधुनिकीकरण के खिलाफ सलाह दी लेकिन उनकी सलाह को अनसुना कर दिया गया। 1979 में, कारकों का एक संयोजन- आधुनिकीकरण से नाराज रूढ़िवादी विरोध, तेल की कीमतों में एक नाटकीय गिरावट, अवसरवादी अयातुल्लाओं के झूठे वादे, शाह के साथ थकान, और शाह के अपने लोगों की सामूहिक हत्या को मंजूरी देने से इनकार करने से उनके वंश को समाप्त कर दिया और चला गया उसे निर्वासित करने के लिए।

तीनों देशों द्वारा जारी संयुक्त बयान के अनुसार सऊदी अरब और ईरान 2016 में टूटे राजनयिक संबंधों को फिर से शुरू करेंगे और दो महीने के भीतर अपने दूतावासों और मिशनों को फिर से खोलेंगे। अब आप इस सऊदी-ईरानी सौदे के सामने आने वाली समस्या को देख रहे हैं। जबकि दोनों राजनयिक संबंधों को फिर से स्थापित करने और बात करने के लिए सहमत हुए हैं, बहुत कुछ है जो प्रत्येक पक्ष ने दूसरे के खिलाफ निवेश किया है। संक्षेप में शांति के लिए महंगे राइट-ऑफ की आवश्यकता होगी और दूसरे पक्ष को इस तरह के राइट-ऑफ के लिए पर्याप्त मुआवजे की पेशकश करनी होगी। आज शियाओं को हर जगह हथियार बना दिया गया है। संबंधों को शांत करने के लिए - ईरान को या तो शियाओं को छोड़ना होगा या इन सभी भौगोलिक क्षेत्रों में प्रतिकूल यथास्थिति की ओर लौटना होगा। उदाहरण के लिए लेबनान को लें, जहां शिया शायद अब पूर्ण बहुमत में हैं, और फिर भी सांप्रदायिक राजनीतिक सबसे छोटा हिस्सा है। उन्हें समझौता करने के लिए मजबूर करने का अर्थ अनिवार्य रूप से समानता और शांति के गूढ़ वादों के बदले एक ठोस और शक्तिशाली संपत्ति का नुकसान होगा। एक नियम के रूप में मूर्त के लिए गूढ़ शांति सौदे कभी काम नहीं करते। यही सवाल हर जगह है - सीरिया, इराक, बहरीन, यमन, पाकिस्तान। चीन ने ईरान और सऊदी अरब की बातचीत की मेजबानी करने के पीछे कोई छिपी हुई मंशा होने से इनकार किया और कहा कि वह पश्चिम एशिया में 'किसी निर्वात' को भरने की कोशिश नहीं कर रहा है। उल्लेखनीय है कि ईरान-सऊदी अरब के बीच हुई वार्ता में दोनों देशों ने राजनयिक संबंध स्थापित करने पर सहमति जताई और इसकी घोषणा शुक्रवार को की गई। दोनों देशों द्वारा सात साल बाद एक दूसरे देश में अपने दूतावास दोबारा खोलने के फैसले को चीन की अहम कूटनीतिक जीत मानी जा रही क्योंकि खाड़ी देशों का मानना है कि पश्चिम एशिया में अमेरिका अपनी उपस्थिति कम कर रहा है। विदेश मंत्रालय ने अज्ञात प्रवक्ता के हवाले से बताया कि चीन का ''कोई स्वार्थ नहीं है'' और वह इलाके में भूराजनीतिक प्रतिस्पर्धा का विरोध करता है।

प्रवक्ता ने कहा कि चीन संवाद और विचार विमर्श के जरिये विवादों को सुलझाने और क्षेत्र में स्थायी शांति और स्थिरता कायम करने के लिए पश्चिम एशियाई देशों का समर्थन करना जारी रखेगा। इराक और ओमान ने भी शुक्रवार को राजनयिक संबंधों को फिर से स्थापित करने के लिए सऊदी अरब और ईरान के बीच समझौते का स्वागत किया है।

एक नजर

## सड़क पर युवती से गालीगलौज मारपीट, पुलिस में केस दर्ज

**भिलाई 13 मार्च।** भिलाई नगर पुलिस ने सेक्टर-6 निवासी डौली दुबे की शिकायत पर वसीम ईरानी के खिलाफ धारा 294, 506, 323, 427 के तहत केस दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि विवाद परफ्यूम लौटाने को लेकर शुरू हुआ 11 मार्च को रात 8 बजे फोन तक आरोपी ने सेक्टर-9 चौक बुलाया जहां आरोपी ने पहले गाली-गलौज की। इसके बाद मारपीट करते हुए मोपेड में तोड़फोड़ की। युवती ने बताया कि वह पीएससी की तैयारी कर रही है और आरोपी से उसका पुराना परिचय है। इसके चलते युवती फोन पर बात होने के बाद आरोपी से मिलने घटनास्थल पहुंच गई। जहां आरोपी ने युवती से मारपीट की। इस दौरान मौके पर भीड़ जुट गई। घटना के बाद आरोपी मौके से भाग खड़ा हुआ। इसके बाद इसकी सूचना युवती ने पुलिस को दी। बहरहाल मामले में पुलिस की जांच जारी है।

## 3 युवकों ने घर में घुसकर मारपीट की

**भिलाई, 13 मार्च।** भिलाई मोहन नगर थाना अंतर्गत शंकर नगर निवासी बादल जाटव के घर घुसकर तीन युवकों ने जमकर मारपीट की इस दौरान तोड़फोड़ भी की गई आरोपियों ने घर में रखी टीवी भी तोड़ दी बादल की शिकायत पर राहुल, प्रशांत और छोटू जाटव के खिलाफ धारा 294, 506, 323, 427, 452, 506, 34 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है। पुलिस ने बताया कि घटना रात करीब साढ़े 11 बजे की है बादल घर पर खाना खा रहा था तभी आरोपी वहां आए गाली गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी हाथ के कड़े से सिर पर कई वार किए गए इतना ही नहीं बीच-बचाव करने पहुंचे चाचा गोकुल और मां किरण से भी झूमाझटकी की उनसे गाली गलौज भी किया बहरहाल मामले में पुलिस ने अपराध दर्ज कर लिया है।

## सुपेला निवासी महिला ने घर में फांसी लगाकर की आत्महत्या

**भिलाई, 13 मार्च।** सुपेला थाना क्षेत्र कृष्णा नगर सुपेला निवासी महिला ने दरम्यानी रात अपने घर पर फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना का कारण अज्ञात है। सुपेला पुलिस ने प्राथमिकी कर जांच शुरू की है। सुपेला टीआई ने बताया कि धन्वंतरि स्कूल के पीछे कृष्णा नगर सुपेला निवासी रीना प्रसाद ( 32 ) दरम्यानी रात करीब दो बजे अपने घर पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसके पति रामबाबू ने उसे फंदे पर झूलता देखकर उसे फौरन नीचे उतारा और अस्पताल ले गया जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू की है।

## शिव पारा चौक के शिविर में लोगो ने नियमितीकरण की जानकारी दी गई

**दुर्ग, 13 मार्च।** नगर पालिक निगम दुर्ग सीमा क्षेत्र अंतर्गत अवैध निर्माण एवं अनाधिकृत विकास के लिए शिव पारा चौक ।के शिविर का आयोजन किया गया द्य शिविर के माध्यम से अनाधिकृत विकास और अवैध निर्माण के नियमितीकरण के लिए शिविर में शिव पारा क्षेत्र के लोगो ने आवेदन फॉर्म लेकर अवैध नियमितीकरण शिविर का लाभ उठाया।शिविर के दौरान भवन अधिकारी प्रकाशचंदथवानी,सहायक भवन अधिकारी गिरीश दिवान, श्रीमती रुक्मणी ठाकुर आदि मौजूद रहें। क्षेत्र से अवैध निर्माण एवं अनाधिकृत विकास के नियमितीकरण को लेकर आवेदन का संग्रहण किया जा रहा है।इसके लिए शिव पारा क्षेत्र में शिविर में लगभग 250 से अधिक लोगो को अनाधिकृत व अवैध निर्माण नियमितीकरण अपील आवेदन प्राप्त किये ।इसके साथ ही अनाधिकृत विकास के नियमितीकरण के लिए पूछताछ करने लोग पहुँचे।

आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने अनधिकृत निर्माण को लेकर शिविर का ज्यादा से ज्यादा लोगो द्वारा लाभ उठाने की अपील की है।अवैध निर्माण एवं अनाधिकृत विकास नियमितीकरण शिविर में तेजी दिखाई दिया है। घरों प्लाटो पर अनाधिकृत तरीके से बनाए गए भाग के नियमितीकरण की सुविधा लोगो को अब आसानी से मिलने लगी। निगम द्वारा शिविर का आयोजन गुजराती धर्मशाला के सामने, तकियापारा, दिनाँक 14 मार्च दिन मंगलवार को समय सुबह 10ः00 बजे से लेकर 3 बजे तक निर्धारित समय पर अपील आवेदन प्राप्त किये जा सकते है।

# श्रीराम वन गमन पथ बनाने वाले प्रभु श्रीराम को मानते नहीं: प्रेम प्रकाश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई, 13 मार्च।** सेक्टर-10 स्थित मुड़िचिपा प्रांगण में श्री राम जन्मोत्सव समिति के तत्वाधान में 500 से अधिक ध्वजवाहकों का सम्मान कार्यक्रम का आयोजन समिति के संरक्षक पूर्व केबिनेट मंत्री प्रेम प्रकाश पाण्डेय, बुद्धन सिंह ठाकुर, सेवक राम साहू, रमेश माने, युवा विंग के अध्यक्ष मनीष पाण्डेय, रिंकु साहू, विनोद सिंह, संजय दानी, पूर्व पार्षद रश्मि सिंह, विष्णु पाठक, गार्गी शंकर मिश्रा, तिलक राज यादव, गोल्डी सोनी, पुष्पा पटेल, सुनीता विश्वकर्मा, अनिल सोनी, जयशंकर चौधरी इत्यादी मण्डल अध्यक्ष महामंत्रियों की उपस्थिति में किया गया। पूर्व केबिनेट मंत्री प्रेमप्रकाश पाण्डेय ने अपने उद्बोधन में कटाक्ष करते हुए कहा कि प्रदेश में लोग श्रीराम वन गमन पथ बना रहे हैं लेकिन आज भी प्रभु श्रीराम को नहीं मानते। इस दौरान उन्होंने समिति द्वारा चलाये जाने वाले एक मुट्ठी दान- श्रीराम के नाम अभियान की शुरूआत कर दान थैली का भी विमोचन किया एवं समस्त भिलाईवासियों से इस पुण्य अभियान में सहभागी बनने का आह्वान किया। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित पूर्व विधानसभा अध्यक्ष प्रेमप्रकाश पाण्डेय ने कहा कि 37 वर्षों से श्री राम जन्मोत्सव समिति लगातार शोभायात्रा निकाल रही है जो इनकी आस्था को दर्शाता है। उन्होंने ध्वजवाहकों के सम्मान में कहा कि ध्वज प्रमुख बनना अपने आप में गर्व का विषय है। उन्होंने कहा कि श्रीरामनवमी का इस 38वें वर्ष का आयोजन हम सभी के लिए बहुत ख़ास है, जिस स्वप्न के साथ श्रीराम जन्मोत्सव समिति की नींव रखी गई थी वह अब पूर्णत- की ओर है। पाण्डेय ने कहा कि अयोध्या में रामलला के मंदिर के लिए 500 सालों से संघर्ष चल रहा था, हमारी पीढ़ी बुहत ही सौभाग्यशाली है जो मंदिर बनते हुए देख रही है। अयोध्या में हमारे आराध्य प्रभु श्रीराम का दरबार सजकर तैयार हो रहा है। यह हर हिन्दू के लिए गौरव का विषय है। पाण्डेय ने कहा कि कुछ लोग हैं जो आज भी प्रभु श्रीराम को नहीं मानते हैं। ये लोग श्रीराम वन गमन पथ तो जरूर बना रहे हैं लेकिन प्रभु श्रीराम को मानने से इंकार करते हैं। इस दौरान अपने संक्षिप्त संबोधन में युवा विंग के अध्यक्ष मनीष पाण्डेय ने कहा कि श्री राम जन्मोत्सव समिति सनातन धर्म के लिए पिछले 38 वर्षो से लगातार काम करते आ रही है। 1100 मंदिरों से ध्वज यात्रा जो निकाली जा रही है। वह सनातन क्षेत्र के लिए बड़ी बात है। सनातन के लोग झण्डे को लेकर आगे आए हैं। मनीष ने कहा कि आगामी 30 मार्च को शाम 6 बजे श्रीराम लीला मैदान सेक्टर-6 में एक मुट्ठी दान श्रीराम के नाम का शुभारंभ 17 तारीख से प्रत्येक रामभक्त करेंगे। जो घर-घर जाकर एक मुट्ठी दान लेंगे श्रीराम के नाम और 510000 लोगों के साथ श्री रामलीला मैदान सेक्टर 6 में विशाल भण्डारा किया जायेगा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से लालचंद मौर्य, अरविंद वर्मा, तारिक खान, तिलकराज यादव, रविन्द्र भगत, रविन्द्र राउल, अरूण सिंह, मदन सेन, केके तिवारी, श्यामसुंदर राव, धर्मेंद्र भगत, श्रीमती ईश्वरी नेताम, श्रीमती वीणा चंद्राकर, श्रीमती रीना नैय्यर, जोगिंदर शर्मा, मुकेश सिंह, शिवप्रकाश शिबू, जे. श्रीनिवास राव सहित हजारों की संख्या में श्रीरामभक्त उपस्थित थे।





# मोर आवास मोर अधिकार, रोक के रखे है भूपेश सरकार

**उतई, 13 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** भारतीय जनता युवा मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष के निर्देशानुसार छत्तीसगढ़ विधानसभा घेराव के तैयारी को लेकर भारतीय। जनता युवा मोर्चा उतई मंडल का महत्वपूर्ण बैठक सम्पन्न हुआ । बैठक के पश्चात् विभिन्न जगहों पर पोस्टर चिपकाकर वाल राइटिंग कर विधानसभा घेराव का आमंत्रण पत्र वितरण किया गया हैं।उक्त बैठक में उतई मंडलबप्रभारी व भाजयुमों जिला मंत्री अमित पटेल,मंडल अध्यक्ष फत्तेलाल वर्मा,महामंत्री सोनू राजपूत,भाजयुमों अध्यक्ष प्रवीण यदु,महामंत्री संतोष सपहा,किशन यादव,महिला मोर्चा अध्यक्ष शीतला ठाकुर,महामंत्री बिमला कामड़े,किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष फलेंद्र सिंह राजपूत,इमरान खान,मनीराम निषाद,देवेंद्र भारती, गोपाल सिंह ठाकुर,नरेंद्र चंद्रकार,प्रहलाद चंद्रकार, विजय निषाद,अविनाश राजपूत,अरुण निषाद,दीपक यादव,चंदन शर्मा,नवीन साहू,राजेंद्र निषाद,लक्ष्मण साहू,नितेश साहू,गोविंद ओझा,एवं समस्त भाजपा कार्यकर्तागण अधिक संख्या में उपस्थित रहे।



**उतई, 13 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** ग्राम पंचायत करगाडीह में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन जिला न्यायालय दुर्ग द्वारा किया गया।जिसमें जिला न्यायालय के अपर सत्र न्यायाधीश श्री गणेश राम पटेल ने ग्रामीणों को फौत - बटवारा, नशा निषेध,व महिलाओं से सम्बंधित कानून की जानकारी दिये।इस अवसर पर सरपंच घनश्याम गजपाल,उपसरपंच संतोष सोनवानी,गौठान अध्यक्ष रूपेंद्र साहू,राजीव युवा मितान क्लब अध्यक्ष भेखचन्द साहू,डोमार साहू,पुनुक टेलर,मन्नू लाल साहू,माखन साहू,महेश साहू,हितेंद्र साहू,महिला चेतना पुलिस दीपा साहू ,थाना उतई प्रधान आरक्षक योगेश साहू ,सुरेश चक्रधारी सहित अन्य ग्रामीणजन उपस्थित थे।

# दूसरे की राइफल के साथ फोटो खिंचवाकर इंस्टाग्राम पर अपलोड करना पड़ा महंगा



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 13 मार्च।** वैशाली नगर थाना क्षेत्र सोशल मीडिया पर राइफल के साथ फोटो खींच कर अपलोड करना युवक को भारी पड़ गया। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है जबकि अन्य को चेतावनी देकर छोड़ दिया गया है। मामले में आलोक सिंह उर्फ आलू, कैंप 1 भिलाई का आदतन अपराधी है. जिसके ऊपर 7 से 8 मामले पहले से दर्ज हैं। अपनी लाइसेंसी बंदूक देने वाले पूर्व फौजी और सिक्योरिटी गार्ड को भी दुर्ग पुलिस ने जमकर फटकार लगाई है। सोशल मीडिया पर हथियार लेकर फोटो अपलोड करने की घटनाओं को गंभीरता से पुलिस ने लिया है। एसपी अभिषेक पल्लव ने सोशल मीडिया फेसबुक, इंस्टाग्राम, ट्विटर आदि पर लगातार निगरानी रखने के आदेश दिए हैं। इसके लिए एक टीम गठित कर कार्रवाई के लिए लगाई गई थी। टीम ने सायबर सेल के माध्यम से सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म फेसबुक, इंस्टाग्राम, ट्विटर आदि पर सतत निगाह रखना शुरू किया। जिसके बाद इस केस का खुलासा हुआ। इंस्टाग्राम पर राइफल लेकर फोटो खींचकर अपलोड करने वाले 2 व्यक्तियों की पहचान आलोक सिंह उर्फ आलू, राहुल सोनकर के तौर पर हुई है। पूछताछ करने पर राहुल ने बताया कि करीब 7-8 वर्ष पहले जन्मदिन पार्टी पर उसने हथियार के साथ फोटो खिंचवाया था। जिसे सोशल मीडिया पर उसने अपलोड किया। इसी मामले में पुलिस ने यह कार्रवाई की है। दूसरा आरोपी आलोक सिंह उर्फ आलू थाना वैशाली नगर क्षेत्र का आदतन बदमाश है। जिसके खिलाफ मारपीट और जुएबाजी के केस दर्ज हैं।

## इरईखुर्द में आयोजित रामधुनी सम्मेलन में शामिल हुए विधायक

**राजनांदगांव ।** ग्राम पंचायत इरईखुर्द में आज दिन रविवार को रामधुनी सम्मेलन कार्यक्रम में शामिल हुए आदरणीय भुनेश्वर शोभा राम बघेल विधायक डोंगरगढ़ अध्यक्ष अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण छत्तीसगढ़शासन कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त, रतन लाल यादव अध्यक्ष ब्लाक कांग्रेस कमेटी घुमका, डोमार दास साहू जनपद सदस्य, चंद्रेश वर्मा विधायक प्रतिनिधि, मंथीर साहू विधायक प्रतिनिधि, श्रीमति बिंदू बल्देव वर्मा सरपंच इरईखुर्द, मिथलेश कुमार साहू सरपंच पटेवा, माधव दास साहू, श्री दयाल सिंह साहू, राजेश कुमार साहू, विजय कुमार साहू, खेमन साहू,पुसऊराम वर्मा, भिषम साहू एवं समस्त ग्रामवासी इरईखुर्द की गरीमामयी उपस्थिति रही।

## एनएमएमएसई के लिए ओजस्वी का चयन



**उतई, 13 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** राष्ट्रीय साधन सह प्रावीष्य छात्रवृत्ति परीक्षा में शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला महका कला से कुमारी ओजस्वी वर्मा का चयन हुआ है शाला की ओर से बच्चे को शुभकामना प्रदान करते हुए संस्था के प्रधान पाठिका श्रीमती गायत्री वर्मा एवं शिक्षक गण शिक्षकों द्वारा छात्रा को प्रोत्साहित किया गया एवं भेंट देकर सम्मानित किया गया एवं यह गर्व की बात है यह जानकारी शाला विकास समिति के अध्यक्ष ज्ञानेश्वर ठाकुर ने दिया।

## राज्य स्तरीय कार्यक्रम में सीएम ने किया जिला अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मनीषा का सम्मान



**कवर्धा, 13 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** रायपुर में छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग द्वारा राज्य स्तरीय कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कबीरधाम जिला की अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती मनीषा रावटे को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया ।

महिला और बालिकाओं के सुरक्षा और महिलाओं के आत्मसम्मान और गौरव के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्यो के लिए जिला अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मनीषा ने बेहतर कार्य हमेशा करती है , जिस कारण सम्मानित हुई ।

# अनाधिकृत निर्माण के नियमितीकरण को लेकर निगम

भिलाई, 13 मार्च। अनाधिकृत विकास व निर्माण के नियमितीकरण को लेकर निगम आयुक्त रोहित व्यास ने बड़ी बैठक लेकर जोन आयुक्त सहित राजस्व विभाग के आला अधिकारी की मौजूदगी में सख्त निर्णय लिए हैं। अब अनाधिकृत विकास व निर्माण के नियमितीकरण को लेकर निगम प्रशासन सख्त हो गया है। इसके दायरे में आने वाले सभी को नियमितीकरण कराना होगा वरना नियमितीकरण नहीं कराने वालों पर कार्यवाही भी होगी। आपको बता दें कि अनाधिकृत विकास व निर्माण का नियमितीकरण कराने के लिए बहुत ही कम समय बचे हुए हैं, इस समय का फायदा उठाते हुए नियमितीकरण के लिए आर्किटेक्ट के माध्यम से शीघ्र आवेदन करना होगा अन्यथा कार्यवाही तय है?इसलिए शीघ्र ही नियमितीकरण के लिए अप्लाई कर ले और कार्यवाही से बचें। गौरतलब हो कि अनाधिकृत विकास व निर्माण के नियमितीकरण के लिए आज निगम आयुक्त रोहित व्यास ने गहन समीक्षा की और वार्ड वार इसकी जानकारी ली। उन्होंने कहा कि शासन की महत्वाकांक्षी योजना के तहत नियमितीकरण की प्रक्रिया अभी जारी है, इसका लाभ सभी को लेना चाहिए। उन्होंने बैठक में फील्ड में आ रही समस्याओं की जानकारी ली तथा जोन क्षेत्रों में अनाधिकृत विकास व निर्माण के दायरे में आने वाले दुकानों और मकानों की जानकारी ली और कहा कि अनाधिकृत विकास व निर्माण के नियमितीकरण में तेजी लाने के लिए सभी वास्तुविद की



सूची लोगों को प्रदान करें, प्रत्येक जोन क्षेत्र में इसकी सूची भी चस्पा करें, प्राप्त आवेदन पर कार्यवाही के लिए निगम स्तर पर निर्धारित समय अवधि भी निर्धारित करें ताकि समय पर आवेदन का निराकरण हो सके, नियमितीकरण के लिए प्राप्त आवेदनों पर फील्ड का निरीक्षण जोन स्तर पर अभियंता करेंगे, इससे प्रक्रियाओं में तेजी आएगी। सहायक राजस्व निरीक्षक तथा वास्तुविद स्तर पर भी आवेदनों की समीक्षा बैठकों में की जायेगी और इस आधार पर कर्मचारियों की जिम्मेदारी भी तय होगी। अनाधिकृत विकास व निर्माण के नियमितीकरण के दायरे में लाने के लिए अधिक से अधिक लोगों से संपर्क करने के निर्देश बैठक में आयुक्त ने दिए। उल्लेखनीय है कि 14 जुलाई 2022 से अनाधिकृत विकास व निर्माण के नियमितीकरण के तहत आवेदन लेने की प्रक्रिया प्रारंभ हुई है और इस तिथि से 1 वर्ष बाद तक ही नियमितीकरण के लिए आवेदन कर सकते हैं। इस मुताबिक नियमितीकरण के आवेदन के लिए बहुत ही कम समय शेष है बल्कि कुछ महीने ही बचे है। आयुक्त ने बैठक में राजस्व अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि नियमितीकरण के दायरे में लाने के लिए फील्ड स्तर पर हर संभव प्रयास करें, राजस्व के कर्मचारी इसमें किसी भी प्रकार की ढिलाई न बरतें। आज की बैठक में नगर तथा ग्राम निवेश के सहायक संचालक प्रतीक दीक्षित, अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी, जोन आयुक्त राजेंद्र नायक, येशा लहरे, पूजा पिल्ले तथा खिरोद्र भोई, जोन के समस्त राजस्व विभाग के कर्मचारी तथा

# जीवनदीप समिति की बैठक में गृहमंत्री ने सुविधाों व समस्याओं की जानकारी ली

**रिसाली।** रिसाली के 30 बिस्तर सरकारी अस्पताल में 1 अप्रैल से प्रसव सुविधा के साथ ही बीमार जरूरतमंदों को 24 घण्टे जांच सुविधा मिलेगी। यह निर्णय दुर्ग ग्रामीण विधायक व लोक निर्माण और गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू की अध्यक्षता वाली जीवनदीप समिति की बैठक में लिया गया। मंत्री ने रिसाली नगर पालिक निगम के सभागार में निकुम, उतई व रिसाली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों के समस्याओं और मरीजों को दी जाने वाली सुविधाओं पर अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों से चर्चा की। मंत्री ताम्रध्वज साहू ने कहा कि त्वरित इलाज और बीमार को राहत पहुँचाने के लिए अस्पताल की स्थापना की गई है। जनप्रतिनिधियों से चर्चा के बाद मंत्री ने कहा कि बीएमओ डॉ देवेंद्र बेलचंदन इस बात को सुनिश्चित करे कि डॉक्टर व अस्पताल स्टाफ निर्धारित समय पर अपनी सेवाएं दे रहे है कि नही। उन्होंने कहा कि दुर्ग जिला अस्पताल में दबाव



अधिक रहता है। ऐसे में अगर सामुदायिक अस्पताल बेहतर कार्य करे तो दबाव कम होगा। गंभीर मरीज को ही जिला अस्पताल भेजें। दबाव कम होने से बेहत्तर इलाज होगा। मंत्री ने सभी अस्पतालों में सुविधाएं बढ़ाने जनप्रतिनिधि व अधिकारियों के साथ विजिट कर मौके पर ही कार्ययोजना बनाने की बात कही। जीवन दीप समिति की बैठक में रिसाली महापौर शशि सिन्हा, उतई नगर पंचायत अध्यक्ष डिकेन्द्र हिरवानी , जनपद सदस्य रूपेश देशमुख , सभापति केशव बंछोर , स्वास्थ्य विभाग प्रभारी गोविंद चतुर्वेदी , एसडीएम मुकेश रावटे , निगम आयुक्त आशीष देवांगन , बीएमओ डॉ देवेंद्र बेलचंदन , डीपीएम ऋचा मेश्राम,डॉ पुन्ना लाल भगत , डॉ मनीषा ठाकुर , डॉ देवेंद्र बंजारे, बीईटीओ राजेन्द्र डहरिया व विनय रामटेके आदि उपस्थित थे। नवीन अस्पताल है। संसाधन का अभाव है। 1 अप्रैल से सातों दिन 24 घंटे सुविधा शुरू की जाए। बीएमओ डॉ देवेंद्र आवश्यक उपकरण और प्रसव व्यवस्था के लिए संसाधन पर विशेष ध्यान दे। मंत्री साहू ने निगम आयुक्त आशीष देवांगन व एसडीएम मुकेश रावटे को अस्पताल भवन के लिए 20 हजार वर्ग फीट जगह चिन्हित करने निर्देश दिए।

### उतई सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र

स्थानीय जनप्रतिनिधियों के सहयोग से अस्पताल परिसर में गार्डन का निर्माण किया जाएगा। साइकिल- स्कूटर स्टैंड को व्यवस्थित तरीके से बनाया जाए। ताकि मरीज को खुला वातावरण और शुद्ध हवा मिले। प्रभारी डॉक्टर को अपने अधिनस्थ कर्मचारियों को समय पर सेवाएं देने सुनिश्चित करने कहा गया।

### निकुम सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र

माह में एक बार दी जाने वाली सोनोग्राफी सुविधा को सप्ताह में एक बार किया जाए। 108 संजीवनी सुविधा का स्टॉपेज प्वाइंट निकुम में भी किया जाए। अस्पताल में सेवाएं देने अनियमित कर्मचारी रखने कलेक्टर से स्वीकृति ली जाए। डॉक्टर की कमी को दूर करने आउटसोर्सिंग के तहत कार्य योजना बनाई जाए। स्टाफ समय पर उपस्थित है कि नहीं इसकी सतत मॉनिटरिंग की जाए।

# आईटीसीटी भखारा मं आयोजित सेमिनार में कैरियर,पर्सनालिटी डेवलपमेंट की जानकारी दी



**अंवरी, 13 मार्च।** आईटीसीटी कंप्यूटर प्रशिक्षण केन्द्र, रामलीला मैदान, भखारा में बच्चों का स्किल डेवलपमेंट करके उनकी प्रतिभा निखारने और भविष्य संवारने हेतु व्यक्तित्व विकास और कैरियर गाइडेंस का प्रोग्राम शनिवार 11 मार्च 2023 को सुबह 11 बजे से 01 बजे तक आयोजित किया गया। जिसमें हमारे बीच रायपुर से उपस्थित दीप एकेडमी के डायरेक्टर एवं मास्टर ट्रैनर मिस्टर कुलदीप सर द्वारा सही कैरियर का चुनाव कैसे करें ऐसे विभिन्न पहलुओं पर जानकारी प्रदान करने के साथ ही,स्पोकन इंग्लिश,कम्युनिकेशन स्किल,प्रेजेंटेशन स्किल,इंटरव्यू स्किल के बारे में भी विस्तार पूर्वक जानकारी प्रदान किया गया। जिसमें बच्चो ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया और ध्यान पूर्वक सुनकर कार्यक्रम की सराहना की कार्यक्रम में उपस्थित संस्था के संचालक एवं संरक्षक एवं सदस्यगण भी उपस्थित रहे।

## एक नजर

### संस्कार भारती ने रंग पंचमी पर फाग गीत, कविता पाठ का किया आयोजन



**रायपुर 13 मार्च।** अखिल भारतीय संस्था संस्कार भारती द्वारा रंग पंचमी के अवसर पर होली मिलन समारोह का आयोजन चंद्राकर छात्रावास डंगनिया, रायपुर में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती एवं प्रभु श्री रामचंद्र जी पर माल्यार्पण कर किया गया सभी अतिथियों, कवियों को रंग गुलाल लगाकर एवं फूल माला से स्वागत सुश्री रजनी बाजपेई विभाषा मिश्रा व्याख्याता किरण चंद्राकर द्वारा किया गया। तत्पश्चात फाग गीत डॉ. पुरुषोत्तम चंद्राकर, संतोष चंद्राकर, जागेश्वरी चंद्राकर, प्राण मानिकपुरी, एवं साथियों द्वारा प्रस्तुत किया गया। मंच संचालन कवित्री उर्मिला देवी उर्मी द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संयोजन केदार चंद्राकर अध्यक्ष, चंद्राकर समाज रायपुर एवंअनिल चंद्राकर युवा अध्यक्ष, सचिव श्रीमती किरण चंद्राकर, श्रीमती मीना चंद्राकर का विशेष सहयोग रहा। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ के जाने-माने कवि साहित्यकार गीतकार रामेश्वर शर्मा, मीर अली मीर, राजेश जैन राही, लोकनाथ साहू ललकार, उर्मिला देवी उर्मी, अनिल श्रीवास्तव जाहिद, उपेंद्र कश्यप, विजय मिश्रा अमित, डॉक्टर सीमा श्रीवास्तव, इंद्रदेव यदु, दिनेश साहू, भक्त भूषण चंद्रवंशी, गुरदीप टुटेजा, संजय देवांगन, धनराज साहू नूपुर साहू, बजरंग बंसल, डॉ. योगेंद्र चौबे इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ खेमराज साहू बलजीत कौर द्वारा बहुत सुंदर कविता पाठ किया गया।

### चंद्रनाहु चंद्रा समाज के होली मिलन समारोह में उड़ा गुलाल




**रायपुर 13 मार्च।** जिसमें मुख्य अतिथि के रुप में डॉ चौलेश्वर चंद्रा प्रदेश अध्यक्ष छत्तीसगढ़ कांग्रेस कमेटी पिछड़ा वर्ग विभाग जी ने अपने उद्बोधन में कहा कि सच्चाई की जीत निश्चित होती है प्रदेश के मुख्या माननीय मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल जी की महत्वकांक्षी योजनाओं का लाभ लोगों को मिल रहा है महिला स्व सहायता समूह के द्वारा बनाए गए रंग गुलाल छत्तीसगढ़ी व्यंजनों का लुफ्त भी मिल रहा है अतः समाज की एकता एकजुटता में होती है जो कि चंद्रा समाज की उपलब्धि बुलंदियों पर है यह एक मिसाल है इनके अलावा विशिष्ट अतिथि सत्यनारायण चंद्रा डॉ तंडेश चंद्रा जे डी संरक्षक एचपी चंद्रा मौसम वैज्ञानिक संरक्षक उषाबोध राम चंद्रा क्षेत्रीय अध्यक्ष बसंत चंद्रा संरक्षक धनीराम चंद्राकर संरक्षक वाशु चंद्रा लता चंद्रा उपाध्यक्ष उमा चंद्रा सचिव पुष्पा चंद्रा सहसचिव किशोर चंद्रा यज्ञनारायण चंद्रा गोपाल चंद्रा लोकेश चंद्रा भोजराम चंद्रा आरती चंद्रा उत्तम चंद्रा विनोद चंद्रा राजकुमार चंद्रा महेश चंद्रा पुणीमा चंद्रा गोपेश्वर चंद्रा होमेश्वरी चंद्रा गणेश चंद्रा सुशीला चंद्रा कन्हैया चंद्रा टंकेश्वर चंद्रा अमर चंद्रा शिवराम चंद्रा महेंद्र चंद्रा डॉ अजय चंद्रा दीप्ति चंद्रा रामेश्वर चंद्रा संतोषी चंद्रा गुरुचरण चंद्रा जिला युवा अध्यक्ष समिल रहे कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री बोध राम चंद्रा जी किए।

### विधायक चंद्राकर से बिहान भवन की मांग करने पहुंची महिलाएं



**अंवरी 13 मार्च।** ग्राम संगठन बोरझरा की महिलाएं कुरूद विधायक अजय चंद्राकर से भेंट कर बिहान भवन की मांग किया है। महिलाओं ने कुरूद विधायक को अवगत करवाते हुए बताया की गांव में छब्बीस स्व.सहायता समूह संचालित है। और गांव की लगभग तीन सौ महिलाएं समूह से जुड़ कर आर्थिक रूप से सक्षम हो रही है। गांव में नियमित बैठकें होती है।बिहान भवन नही होने के कारण उन्हें गांव में निर्मित सामाजिक भवनों में बैठक संचालित करना होता है।लगातार सामाजिक कार्य होने की स्थिति में ग्राम संघटन की बैठकों को स्थगित करना पड़ जाता है।और जरूरी कार्यों में विलंब हो जाता है साथ ही कृषि से संबंधित कृषि यंत्रों को भी रखने के लिए दिक्कतों का सामना करना पड़ता।जिसके कारण बिहान भवन की जरूरत है। ग्राम संघटन के उक्त मांग को विधायक चंद्राकर ने अगले बजट में शामिल कर बिहान भवन स्वीकृत करवाने आश्वासन दिया है।

### छत्तीसगढ़ को देश की सर्वश्रेष्ठ डायसिस बनाएंगे लॉरेंस

**रायपुर 13 मार्च।** छत्तीसगढ़ डायसिस की नई एडहॉक कमेटी का अभिषेकीकरण समारोह रविवार को सेंट पॉल्स कैथेड्रल में आराधना में हुआ। बिशप द राइट रेव्ह. अजय उमेश जेम्स उन्हें पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई। सचिव नितिन लॉरेंस वे प्रथम उद्बोधन में कहा कि आशा करता हूं कि इस संयमकाल में आप सभी प्रभु की नजदीकी की ओर बढ़ रहे होंगे। हमने उपवासकाल का आधा सफर तय कर लिया है। परमेश्वर पिता से प्रार्थना करता हूं कि यह अद्भुत समय आपकी और हम सभी की जिंदगी का टर्निंग पाइंट हो। हम प्रभु में नई सृष्टि बनकर उभरें। आज के पवित्र दिन में, इस विशेष अवसर पर मैं और छत्तीसगढ़ डायसिस की पूरी एडहाक एक्जीक्यूटिव कमेटी परमेश्वर परमेश्वर पिता का धन्यवाद करती है।

# समाज कोई भी हो, शिक्षा सबसे जरूरी है: मुख्यमंत्री

## समाज की इकाई व्यक्ति है, पिछले चार वर्षों में व्यक्ति को केंद्र में रखकर शुरू की गई हैं योजनाएः मुख्यमंत्री




**रायपुर, 13 मार्च।** उद्योग व्यापार में कलार समाज को कोई नकार नहीं सकता है, लेकिन बिना शिक्षा के कोई भी समाज हो आगे नहीं बढ़ सकता है। प्रत्येक समाज के लिए शिक्षा जरूरी है और जिसने भी शिक्षा से नाता तोड़ा है वो समाज पिछड़ गया है। उक्त बातें मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने छत्तीसगढ़ कलार महासभा के द्वारा रायपुर के साइंस कालेज मैदान में आयोजित कलार महासम्मेलन में कहीं।

इस मौके पर मुख्यमंत्री ने दो बड़ी घोषणाएं करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में महुआ बोर्ड की स्थापना की जाएगी। कलार समाज की पूजनीय माता बहादुर कलारिन के महिला सशक्तीकरण के योगदान को अतुलनीय करार देते हुए मुख्यमंत्री ने उनकी जयंती पर एच्छिक अवकाश का प्रावधान किए जाने की घोषणा की है। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने कहा कि प्रत्येक समाज की इकाई व्यक्ति होता है और राज्य सरकार ने पिछले चार वर्षों में व्यक्ति को ही केंद्र में रखकर योजनाएं शुरू की हैं ताकि हर समाज के लोग लाभांवित हो सकें। मुख्यमंत्री ने कहा कि वो यदि योजनाओं का लाभ लोगों को न मिले, लोग बीमार रहें तो मजबूत छत्तीसगढ़ की कल्पना कभी नहीं हो सकती है इसीलिए समाज के अंतिम व्यक्ति की जेब में भी पैसा जाए इसका प्रावधान छत्तीसगढ़ शासन ने किया है ताकि प्रदेश की प्रगति निरंतर होती रहे ।

मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ में अलग अलग समाज के लोग मिलजुल कर रहते हैं, जाति वैमनस्यता की यहां कोई जगह नहीं है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ के लोगों का सामाजित ताना-बाना बेहद मजबूत है और इससे छत्तीसगढ़ को मजबूती मिलती है।

कलार महासम्मेलन में लोगों को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ में शिक्षा का स्तर पिछले चार वर्षों में काफी बढ़ा है। ग्रामीण क्षेत्रों में भी स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल खुले हैं और नक्सल क्षेत्रों में लंबे समय से बंद पड़े स्कूलों को भी खोला गया है। छात्रों को गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा मिले इसके लिए राज्य सरकार लगातार प्रयास कर रही है और इसीलिए शिक्षा पर 17 हजार करोड़ रूपए खर्च किए जाने का प्रावधान बजट में रखा गया है। युवाओं को रोजगार मिले इसके लिए आधुनिक मांग के आधार पर आईटीआई कालेजों मे नए ट्रेड खोले जा रहे हैं ताकि समय की मांग के अनुसार युवा प्रशिक्षित हो सकें।

### कैट ने वैष्णव से चीनी सीसीटीवी के उपयोग पर प्रतिबंध लगाने का आग्रह किया

**रायपुर 13 मार्च।** कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी, चेयरमेन मगेलाल मालू, अमर गिदवानी, प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र दोशी, कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव, परमानन्द जैन, वाशु माखीजा, महामंत्री सुरिन्द्रर सिंह, कार्यकारी महामंत्री भरत जैन, कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल एवं मीडिया प्रभारी संजय चौबे ने बताया कि भारत में चीनी सीसीटीवी के बड़े पैमाने पर उपयोग पर अपनी गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स ने आज केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव को आज भेजे एक पत्र में चीनी सीसीटीवी सिस्टम को राष्ट्र की सुरक्षा के लिए संभावित ख़तरा बताते हुए इसके उपयोग पर देश भर में प्रतिबंध लगाने का जोरदार आग्रह किया है। कैट ने कहा की चीनी सीसीटीवी प्रणाली किसी भी डाटा को देश से बाहर सथानांतरित करने में सक्षम हैं। कैट ने कहा कि पूर्व में जिस प्रकार से सरकार ने चीनी ऐप्स पर प्रतिबंध लगाया था उसी तरह देश में चीनी सीसीटीवी के उपयोग पर भी तुरंत प्रतिबंध लगाया जाना चाहिए। अमर पारवानी एवं जितेन्द्र दोशी ने कहा कि फ़िलहाल देश में किसी भी डेटा संरक्षण कानून या किसी अन्य सक्षम कानून या किसी निगरानी तंत्र के अभाव में ऐसे सीसीटीवी सिस्टम द्वारा प्राप्त डेटा या सूचना को दुनिया में कहीं भी आसानी से स्थानांतरित किया जा सकता है।

# जातिगत जनगणना को लेकर देश के राष्ट्रपति व प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**नगरी 13 मार्च।** छत्तीसगढ़ पिछड़ा कल्याण संघ और राष्ट्रीय संगठन ओबीसी यूनाइटेड फ्रंट आफ इंडिया के बैनर तले 11 से 12 मार्च तक दो दिवसीय देश की राजधानी दिल्ली में न्याय अधिकार महाकुंभ सभा आयोजित किया गया। पिछड़ा वर्ग कल्याण संघ जिला धमतरी के जिला अध्यक्ष अंगेश हिरवानी ने बताया कि इस कार्यक्रम में देश के विभिन्न राज्यों से राष्ट्रीय एवं प्रदेश स्तर के सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित थे। उपस्थित सभी समाज प्रमुखों ने अपने-अपने उदबोधन पर विचार रखते हुए कहां की समाज के हित में राष्ट्रीय स्तर पर ओबीसी की जनगणना कराई जाए व शिक्षा स्वास्थ्य रोजगार किसान शैक्षणिक संस्थान की व्यवस्था को सुचारू रूप से व्यवस्थित की जाए ताकि देश के प्रत्येक समाज को वर्ग को युवाओं को लाभ मिल सके, कि बात रखी।सभा के पश्चात पिछड़ा वर्ग कल्याण संघ छत्तीसगढ़ के द्वारा माननीय प्रधानमंत्री भारत सरकार और महामहिम राष्ट्रपति के नाम पर ज्ञापन दिया गया।उपस्थित देशभर के सामाजिक कार्यकर्ताओं के द्वारा एक रूप से आवाज उठाई गई की राष्ट्रीय जनगणना के प्रपत्र में ओबीसी का अलग से कालम रखा जाए ताकि ओबीसी की वास्तविक जनसंख्या और उसकी प्रतिशत पूरे भारत को पता चल सके जिसके आधार पर देश के हर क्षेत्र में जनसंख्या के अनुपात में उन्हें प्रतिनिधित्व करने का मौका मिल सके, छत्तीसगढ़ राज्य सरकार द्वारा ओबीसी के आरक्षण पर लाए गए अध्यादेश पर महामहिम राज्यपाल के द्वारा हस्ताक्षर किया जाए, आयोग की अनुशंसा पूर्णतः लागू किया जाए, घर की अवधारणा को भारतीय संविधान और मंडल आयोग के मूल भावना के अनुसार समाप्त किया जाए, निजी क्षेत्र में भी प्रतिनिधित्व सुनिश्चित किया जाए, ओबीसी के लिए भी पृथक आयोग ,बजट ,योजना लाई जाए, जनसंख्या के आधार पर ओबीसी के लिए संस्थान सुव्यवस्थित किया जाय, ओबीसी बालिकाओं के लिए देश की राजधानी दिल्ली में हजारों सीटर सर्वविधायुक्त छात्रावास बनवाई जाए, देश में संचालित विभाग, क्षेत्र में विश्वविद्यालय ,विद्यालय में ओबीसी के लिए आरक्षित सीट नहीं है वहां आरक्षित सीट रखी जाए, छत्तीसगढ़ के बस्तर संभाग में छत्तीसगढ़ के बस्तर संभाग में स्थापित एनएमडीसी के कार्यालय को बस्तर में स्थापित किया जाए, देश के सभी राज्यों में आयुर्वेदिक संस्था ने स्थापित किया जाए, बढ़ती बेरोजगारी को देखते हुए रोजगार के अवसर अति शीघ्र प्रदान किया जाए,इस न्याय अधिकार महाकुंभ में देश की राजधानी नई दिल्ली में दो दिवसीय राष्ट्रीय अध्यक्ष महेश मानव व छत्तीसगढ़ पिछड़ा वर्ग कल्याण संघ प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश साहू के प्रतिनिधित्व में संगठन प्रदेश महासचिव भागवत वैष्णव,सहित पदाधिकारी रूखम सेन,चंद्रशेखर साहू,ठाकुर राम,भगवान सिंह,हिरामन साहू,परशुराम, राष्ट्रीय संगठन से बी ईश्वरइया चीफ जस्टिज ,वीरेंद्र यादव जस्टीज हाई कोर्ट,नवा कुमार सरना सासंद कोकरझार असम,राजकुमार सैनी पूर्व सांसद ॥क्रराजेंद्र यादव प्रोफेसर दिल्ली,भानुप्रताप वकील सुप्रीम कोर्ट सहित पूरे प्रदेश के संगठन साथी वा पदाधिकारी शामिल हुवे।

### महिलाएं आत्मनिर्भर होकर कार्य कर रही है:रोशनी वैष्णव

**राजनांदगांव 13 मार्च।** जनपद पंचायत राजनांदगांव अंतर्गत ग्राम पंचायत धामनसरा में एकता ग्राम संगठन बिहान समुह आमसभा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें मुख्य अतिथि रोशनी वैष्णव क्षेत्रीय जनपद सदस्य अध्यक्षता लोकेश गंगवीर सरपंच विशेष अतिथि कृत लाल पटेल उपसरपंच बिसे लाल पटेल अध्यक्ष धामनसरा राज पटेल समाज लाल राम निषाद संरक्षक जिला निषाद समाज नीलकंठ पटेल पंच भागवत दास वैष्णव पंच रामचंद्र चंद्राकर ग्राम विकास समिति के अतिथि में मां सरस्वती एवं छत्तीसगढ़ महतारी पुजा अर्चना कर शुभारम्भ किया अतिथियों स्वागत गुलाल एवं गुलदस्ता तथा गमछा श्रीफल भेंट कर स्वागत सम्मान किया शुभारंभ आमसभा प्रारंभ किया गया जिसमें एकता ग्राम संगठन श्रीमती गंगा पटेल ने शपथ ग्रहण कराया साप्ताहिक बैठक करेंगे लिए हुए ऋण को वापस करेंगे ग्राम संगठन बैठक में जरूर जायेंगे ग्राम सभा बैठक अपनी उपस्थिति जरूर करेंगे समुह में सदैव जुड़ कर रहेंगे करके शपथ सभी समुह महिलाओं दिलाया आय व्यय सावित्री निषाद पुरा जानकारी आमसभा दिया शुद्ध आय 7लाख रूपये बचत बैंक रखा गया है महिलाओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं खेलकूद प्रतियोगिता रखा गया उत्कृष्ट कार्य करने वाले स्वरोजगार समुह को अतिथियों ने सीता बिहान समुह अहिल्या यादव तुलसी बिहान समुह उषा निषाद शिवशक्ति बिहान समुह गायत्री बाई जय दुर्गा बिहान समुह सुमन पटेल गंगा मैय्या बिहान समुह महेश्वरी निषाद विदयावांशनी बिहान समुह हेमलता वैष्णव अन्नपूर्ण बिहान समुह मंजुलता निषाद राधा स्वामी बिहान समुह रानू यादव को गिफ्ट प्रदान किया।



### हेरिटेज वॉक कर रायपुरियंस ने देखी अपने शहर की विरासत

**रायपुर 13 मार्च।** ऐतिहासिक विरासत से आम लोगों को अवगत कराने आयोजित हेरिटेज़ वॉक में शामिल होकर रायपुरवासियों ने अपने शहर के गौरवशाली अतीत की जानकारी प्राप्त की । रायपुर स्मार्ट सिटी के सहयोग से अगोरा ईको टुरिज़्म ग्रुप द्वारा आयोजित इस हेरिटेज़ वॉक में गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष महंत राम सुंदर दास, कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे, नगर निगम कमिश्नर श्री मयंक चतुर्वेदी, सभापति प्रमोद दुबे , एम आई सी सदस्य श्री जितेन्द्र अग्रवाल भी शामिल हुए । रविवार की सुबह यह हेरिटेज़ वॉक लिली चौक से शुरू हुई। इस दौरान प्रोजेक्ट गेट आउट वॉक के शिवम् त्रिवेदी, निष्ठा जोशी ने लिली चौक, नागरीदास मंदिर, जैतूसाव मठ , पुरानी बावली, अखाड़ा और टूरी हटरी के पुराने महत्व से सभी को अवगत कराया ।इस वॉक में श्रीमती स्मिता अवस्थी, श्रीमती रश्मि भूरे , रायपुर स्मार्ट सिटी के सी ओ ओ उज्वल पोरवाल आदि शामिल हुए ।

# विदाई समारोह में एसपी ने बच्चों को सफलता के लिए किया प्रेरित

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**खैरागढ़ 13 मार्च।** केसीजी जिले के हायर सेकंडरी स्कूल झुरानदी में 12वी कक्षा के छात्रों को बिदाई दिया गया जिसमें ह्यद्वस्रष् के अध्यक्ष विजय वर्मा ने के.सी.जी.जिले बके पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा और जिला पंचायत सदस्य निर्मला वर्मा को आमंत्रित कियाबता दें कि छात्रों की बिदाई समारोह बड़ी धूमधाम से मनाया गया जिसमें 11वी कक्षा की छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया और कुछ गेम्स का भी आयोजन किया एसपी अंकिता शर्मा के द्वारा बच्चों को प्रेरणा दिया गया कि जो बच्चा जैसा सोचकर पढ़ाई करेगा वैसा ही बनेगा इसलिए सोच को ऊंचा बनाकर पढ़ाई करे और मन लगाकर पढ़ाई करने का प्रेरणा दिया वही विजय वर्मा ने अपने उदबोधन में कहा कि मैं इसी स्कूल में पढ़ाई किया हु और ये मेरा शौभाग्य है कि आज मैं इस स्कूल का शाला विकास समिति का अध्यक्ष हु और बच्चों को मन लगाकर पढ़ाई करने का प्रेरणा दिया साथ ही विजय वर्मा ने कहा कि इंसान की पहचान उसकी शिक्षा से होती है पढ़ाई कर अपने गाँव का नाम रोशन कर और अपने माता पिता के नाम रोशन करे, उन्होंने ये भी कहा कि पढ़ाई के स्तर को ऊंचा बनाने के लिये छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भुपेश बघेल लगातार काम कर रहे है मुख्यमंत्री ने पढाई के स्तर को ऊंचा करने के लिए 247 अंग्रेजी मीडियम आत्मानंद स्कूल खोले है ताकि गाँव के गरीब बच्चों को अच्छी शिक्षा मिल सके जो स्कूल पिछले 15 सालों से बंद पड़ा था उसे मुख्यमंत्री भुपेश बघेल ने फिर से खुलवाया ताकि हमारे छत्तीसगढ़ के शिक्षा की स्तर ऊंचा रहे और हमारे छत्तीसगढ़ की एक अलग पहचान बने इस दौरान सरपंच पंचकुवर ध्रुवे, आंनद सिन्हा, चिंता राम, शिवा,केदार मेश्राम, ओमकार,दिनेश वैष्णव, मीना बाई, एवं ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

### प्रोजेक्टर ऑपरेटर के अभाव में बंद

**छूरिया 13 मार्च।** सूत्रो के हवाले से खबर सरकार पढ़ाई के लिये हर संभव प्रयास रत है लेकिन ग्रामीण क्षेत्र अंतर्गत वितरण किया गया प्रोजेक्टर ऑपरेटर के अभाव मे बंद पडा है जिसमे बच्चे प्रोजेक्टर के माध्यम से पढ़ाई से वंचित हो रहे है महत्वपूर्ण योजना पूरी तरह से चौपट नजर आता है एक प्रोजेक्टर की किमत लगभग दो लाख है क्या स्कूल शिक्षा विभाग इस बंद पड़े प्रोजेक्टर की जानकारी विभाग को दिए हैं या इस महत्वकांक्षी योजना के क्रियान्वयन की जानकारी आला अधिकारी अब तक इसकी सुध लिए हैं या सिर्फ कागजों पर ही प्रोजेक्टर से पढ़ाई हो रही है इसके जिम्मेदार आखिर कौन पढ़ाई के लिए बच्चों के अच्छे भविष्य के लिए स्कूल के सुंदरीकरण के लिए सरकार प्रतिबंध नजर आती है लेकिन सरकार की मनसा को पलीता लगाते अधिकारी शिक्षा के मंदिर के प्रति अपनी आस्था प्रगट नहीं कर पा रहे जिससे सरकार की स्कूल शिक्षा विभाग में कई महत्वपूर्ण योजनाएं सिर्फ अधिकारियों की लापरवाही से कागजों पर ही नजर आता है ग्रामीण अचंल अंतर्गत संचालित शालाओं में क्या शिक्षकों को प्रोजेक्टर ऑपरेटिंग का ट्रेनिंग दिया गया है या कोई ट्रेनर उपलब्ध कराया गया है बताया तो यह भी जाता है ग्रामीण क्षेत्र अंतर्गत जितने भी शिक्षकों को शासन द्वारा मिला गया लैपटॉप प्राप्त हुआ है उसे वहां खुद ऑपरेटिंग नहीं कर पा रहा है कुछ शिक्षकों के घरों में यह लैपटॉप देखा जाना बताया जाता है क्या इन सब चीजों से शिक्षा का दायरा बढ़ रहा है या घट रहा है यह सोचनीय विषय है इसी तरह इको क्लब मद से राशि आबंटित की जाती है जिसका उपयोग पर्यावरण के संबंध में फूलदार फलदार छायादार पौधा साला प्रांगण में लगाई जाती है इसका भी बताया जाता है राशि का कुछ शिक्षकों द्वारा बंदरबांट किया जा रहा है साला परिसर में बाउंड्री वाल होने के बावजूद एवं अन्य सुविधा होने के बाद भी पर्यावरण को बढ़ावा दें यह सोच नहीं आती शासन प्रशासन से अनुरोध है कि जिनकी मानसिकता पढ़ और बढ़ में नहीं है जिनके कारण शासन के योजनाओं का लाभार्थियों को जिनके कारण योजना सिर्फ कागज तक सीमित रहती है ऐसे लोगों को जांच कर शिक्षा की ओर एक कदम बढ़ाने की जरूरत।



# पंचमुखी सेवा फाग मंडली दुर्ग बनी विजेता

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**राजनांदगांव 13 मार्च।** प्रयागराज धाम मोतीपुर आजाद चौक में जय जय फाग ग्रुप के तत्वावधान में द्वारा 4 व 5 मार्च को दो दिवसीय फाग एवं झांकी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस महोत्सव में ख्याति प्राप्त झांकी मंडलियों ने भाग लिया।

समिति के रोहित यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि होली पर्व पर फाग महोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें प्रदेशभर के ख्याति प्राप्त मंडलियां शामिल होकर अपनी बेहतरीन कला व झांकी का बेहद ही अनुपम नजारा दिखाते हुए प्रयागराज धाम को वृंदावन बना दिया। इस महोत्सव को देखने व आनंद उठाने आसपास क्षेत्र के लोग उमड़ पड़े। दो दिन तक मोतीपुर आजाद चौक वृंदावन धाम बन चुके थे। इस दो दिवसीय फाग महोत्सव में प्रथम श्री पंचमुखी सेवा एवं फाग समिति शिवपारा दुर्ग की मंडली आएं जिसे स्व.कमल वर्मा की स्मृति में शिव वर्मा द्वारा 5001 रूपए व मोंमेट से सम्मानित किया गया। वहीं दूसरे स्थान पर जय भवानी सेवा एवं फाग मंडली बम्हनी बालोद रही जिसे स्व.सुदामा यादव की स्मृति में किशुन यदु द्वारा 4001 रूपए व मोंमेट से सम्मानित किया गया। तीसरे स्थान पर नवरत्न बाल जस एवं झांकी परिवार हरदी वार्ड नं. 50 रही जिसे स्व.जैनलाल वर्मा, रमेश वर्मा की स्मृति में लीला वर्मा द्वारा 3001 रूपए व मोंमेट से सम्मानित किया गया। चतुर्थ स्थान पर जय शीतला परमानंद जस एवं फाग परिवार किरगी डोंगरगांव रहे जिसे स्व.सुशीला चौहान की स्मृति में दीपक चौहान द्वारा 2001 रूपए व मोंमेट से सम्मानित किया। पंचम स्थान पर जय छत्तीसगढ़ जगराता जस एवं फाग मंडली कन्हारपुरी की रही जिसे स्व.भानबाई यादव की स्मृति में महेन्द्र यादव द्वारा 1001 रूपए व मोंमेट से सम्मानित किया एवं षष्ठम झनकार मानस एवं फाग मंडली मोतीपुर रहे जिसे स्व.दुजिया साहू की स्मृति में केवल साहू द्वारा 501 रूपए व मोंमेट से सम्मान किया गया। इसी तरह सभी मंचस्थ मंडलियों को स्व. दीपक विराट, सूरज विराट की स्मृति में मोंमेटो, स्व.गोरेलाल की स्मृति में उदेश्य गढ़ेवाल द्वारा 301 रूपए, स्व.प्रेमुलाल की स्मृति में फोटो फ्रेम प्रभात यादव द्वारा व सदाबहार पुरस्कार के रूप में 51, 31, 21, 20, 15 व 11 रूपए राशि भेंट की। आयोजन को सफल बनाने में विनय वर्मा, पिंटू देवांगन, रोहित यादव, आकाश यादव, सूरज साहू व जय-जय फाग ग्रुप के सदस्यगण की विशेष भूमिका रही।

### प्रेम,उमंग, उत्साह और खुशियों का पर्व है होली - :गोविंद साहू

**अंवरी 13 मार्च।** जय बजरंग गणेश उत्सव समिति एवं समस्त ग्रामवासी रिंवागहन के सहयोग से एक दिवसीय फागगीत, जस गीत एवं नाचा गम्मत का आयोजन किया गया था। जिसके शुभारंभ अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत सभापति गोविंद साहू शामिल हुए। सर्वप्रथम कार्यक्रम के शुभारंभ मे भगवान श्री कृष्ण की पूजा अर्चना कर इस कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया गया। तत्पश्चात आयोजक समिति द्वारा मंच पर उपस्थित सभी अतिथियों का गुलाल तिलक लगाकर स्वागत किया गया जिला सभापति गोविंद साहू ने अपने उद्बोधन में सभी लोगों को होली पर्व की बधाई देते हुए कहा की होली का पर्व प्रेम ,उमंग,उत्साह और खुशियों का पर्व है, इस त्यौहार में लोग एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर खुशीयो के साथ मनाते है।

### कांग्रेस ने किया सांसद का पुतला दहन:आसिफ

**राजनांदगांव 13 मार्च।** केंद्र में बैठी भाजपा सरकार की जनहित की असफल नीति एवं पूंजीपतियों को लाभ दिलाने की नीति से जो महंगाई चरम पर है और उस महंगाई को रोक सकने में जहां केंद्र सरकार विफल है वहीं भाजपा के सांसद संतोष पांडे की निष्क्रियता भी जगजाहिर है और वे इस भीषण महंगाई के दौर में जनता के हित में आवाज उठाने में विफल हैं जिसके कारण क्षेत्र की जनता हताश व परेशान हैं उसके विरोध में आज ओवर ब्रिज के नीचे चिखली चौक में राजनांदगांव के निष्क्रिय सांसद संतोष पांडे का पुतला दहन उत्तर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष आसिफ अली के नेतृत्व में किया गया। राजनांदगांव नगर निगम की महापौर श्रीमति हेमा देशमुख जी, श्री किशन खण्डेलवाल जी,की उपस्थिति में व उत्तर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष आसिफ अली के नेतृत्व में मुख्य रूप से सुदेश देशमुख जी, रुपेश दुबे जी, संजय रिजवानी जी, राजू डागा, पार्षद गामेन्द्र नेताम, सतीश मसीह,मधुकर बंजारी, राजा तिवारी, दुलारी साहू,सिद्धार्थ डोंगरे, एजाजुल रहमान, झम्मन देवांगन,सचिन टूरहाते, कुसुम दुबे, भोजू भाई, अमित जंघेल, हितेश गोन्नाडे,जितेंद्र कौशिक, हनीफ खान,शिवम् गढ़पायले,शैलेश ठावरे,चेतन सिन्हा, सफी गौरी,राहुल गजभिए, कृष्णा मेश्राम, शेख अनीश खान,प्रमोद सोनटेके, निरंजन पासवान, प्रियेंस मेश्राम, बंटी पाल,बादल देवांगन, रवि साहू, छोटू साहू, वार्ड के वरिष्ठ मैकूलाल यादव, मुरली रगड़े, प्रीत साहू, पंचराम निषाद, प्रकाश यादव, आनंद रामटेके, जसवंत ठाकुर, बंशी यादव, कृष्णा ताम्रकार, गोपाल सिन्हा, राजेश यादव,रंभा अग्रवाल, नबी खान, गोलू भट्टा, देवेंद्र साहू, रोहित यादव, चंदन साहू, अरविंद साहू, दानी रगड़े, द्वारका यादव, टीपू अली, सोहेल शेख, दिव्यांश चौरडिया,हनी रगड़े, अंकित कुलदीप, गोलू कुलदीप, करण रगड़े, दीपेश नामदेवे, ऋषि रजक, उमेश, राजेश सिन्हा, मोहित स्वामी, भीमू सिन्हा,गोलू विश्वकर्मा, महेश यादव,बड़ी संख्या में कांग्रेसजनों के साथ निष्क्रिय सांसद का पुतला दहन किया । महापौर हेमा देशमुख ने कही कि राजनांदगांव के सांसद संतोष पांडे की निष्क्रियता के चलते पूरे क्षेत्र की जनता महंगाई की मार झेलते हुए विकास के नाम पर अपने आप को ठगा सा महसूस कर रहे है सांसद पांडे अपने 4 वर्ष के कार्यकाल में केंद्रीय योजनाओ की सौगात अपने संसदीय क्षेत्र की जनता को नहीं दे पाए और पूंजीवादी योजनाओं जिससे जनता को आर्थिक भार झेलनी पड़ती है।



## प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय नगरी का आयोजन

# महिला दिवस पर महिलाओं का किया गया सम्मान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**नगरी 13 मार्च।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय नगरी में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के शुभ अवसर पर खुशहाल महिला खुशहाल परिवार विषय पर कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें मुख्य रूप से आदरणीया ब्रह्माकुमारी सरिता दीदी जी जिला धमतरी, श्रीमती अनीता दुबे (कवित्री), श्रीमती शैल चंद्रा (प्राचार्य एवं लेखिका) श्रीमती संध्या मानिकपुरी जी, श्रीमती महमूदा खान (प्राचार्य), श्रीमती चेलेश्वरी साहू (प्रदेश सोशल मीडिया सह प्रभारी महिला मोर्चा छ.ग.) श्रीमती सीमा जैन तथा ब्रम्हाकुमारी सरस बहन, ब्रम्हाकुमारी भावना बहन, ब्रम्हाकुमारी स्वाति बहन, ब्रम्हाकुमारी साधना बहन, ब्रह्माकुमारी मुलेश्वरी, ब्रम्हाकुमारी चंद्रमुखी बहन, सहित नगरी अंचल के लगभग 150 माताएं एवं बहने शामिल हुई सर्वप्रथम सभी ने कुर्सी दौड़ एवं पासिँग गेम के साथ मनोरंजन खेल का आनंद उठाया तत्पश्चात कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन कर परमात्मा को याद करके किया गया तथा ब्रम्हाकुमारी बहनों द्वारा सभी अतिथियों सहित अंचल से आई हुई सभी माताओं और बहनों को बैच लगाकर अभिवादन किया गया फिर संस्था की बहनों द्वारा नारी तू शक्ति है गीत पर मनमोहक नृत्य किया गया तत्पश्चात आदरणीयां राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी सरिता दीदी जी ने अपने दिव्य उद्बोधन में महिला दिवस की अनंत शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए कहा कि नारी के बिना संसार की कल्पना असंभव है नारी इस संसार की आधारशिला है नारी जननी है संपूर्ण संसार की वह धुरी है इस धरा पर जीवन की उन्होंने कहा कि नारी एक चिन्ह है त्याग, तपस्या, दया, करुणा, क्षमा, ममता व सम्मान की नारी ईश्वर की बनाई हुई अनुपम कृति है आगे कहा परिवार समाज व देश को सशक्त बनाने में नारी का अहम भूमिका होती है नारियां अपने भीतर निहित गुणों को पहचान कर श्रेष्ठ संस्कारों का बीज डालकर परिवार को सुखमय और श्रेष्ठ बनाने तथा सब के प्रति देने की शुभ भावना रखते हुए प्रेम खुशी व सहयोग देने का कार्य करती है उनकी मन की दशा घर परिवार तथा वातावरण को सबसे अधिक प्रभावित करती है सरिता दीदी जी ने आगे कहा नारी अपना आध्यात्मिक व नैतिक शाब्दीकरण करें अपने कल्याणमयी तथा शक्ति स्वरूप को पहचान कर अच्छे परिवार समाज व विश्व नव निर्माण में अपना सहयोग प्रदान करें साथ ही नियमित मैडिटेशन के अभ्यास से एकाग्रता मनोबल विश्वास को बढ़ाएं इसी क्रम में ब्रम्हाकुमारी सरस बहन ने कहा नारी आदिकाल से एक वाणी है जिसका गायन दुर्गा, लक्ष्मी, सीता तथा सरस्वती के रूप में होती है उन्होंने कहा जहां नारियों के सम्मान होती है वहां देवता निवास करते हैं श्रीमती शैल चंद्रा जी ने कहा नारियों को अपने अधिकारों के प्रति सजग रहना है नारी कमजोर नहीं अपितु उसके अंदर अपार शक्तियां निहित है श्रीमती अनीता दुबे जी ने महिला दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हम खुश रहेंगे तो औरों को भी खुशी दे सकेंगे तत्पश्चात समाज में सम्मानित महिलाओं का उत्कृष्ट सम्मान किया गया जिसमें डॉ. श्रीमती शैल चंद्रा (ओजस्विनी पुरस्कार 2023) श्रीमती अमिता दुबे (राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय स्तर पर साहित्य व नारी शक्ति सम्मान) संध्या मानिकपुरी (महिला मैट व साहित्य सम्मान) श्रीमती बोधिनी यदु (अंतर्राष्ट्रीय विशिष्ट शिक्षक सम्मान) श्रीमती भारती ठाकुर (गृह वाटिका के माध्यम से प्रकृति सेवा सम्मान) श्रीमती दुर्गेश नंदिनी साहू (गोबर प्रोडक्ट के माध्यम से महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने हेतु सम्मान) श्रीमती खेमिन यादव (पंडवानी गायिका) सभी को मेमेंटो साल, श्रीफल एवं पौधों से सम्मानित किया गया साथ ही अंचल से आई हुई सभी माताओं बहनों को श्रीफल तथा पौधों से सम्मानित कर कार्यक्रम को अंतिम रूप दिया गया।

## संपादकीय

# कांग्रेस संगठन को मजबूत करना जरूरी

इस साल कुछ राज्यों में विधानसभा चुनाव है, इसलिए माना जा रहा है कि संगठन को मजबूत करने के लिए प्रदेश अध्यक्ष बदले जा सकते हैं। छत्तीसगढ़ में भी इसी साल विधानसभा चुनाव होने हैं। यहां के अध्यक्ष को बदलने की चर्चा तो प्रदेश प्रभारी बदलने के साथ ही शुरू हो गई थी, वैसे भी मोहन मरकाम का कार्यकाल पूरा हो चुका है। उन्हें कई कारणों से बदला नहीं गया है। प्रदेश प्रभारी बदलने के बाद ही राज्य में कांग्रेस अधिवेशन की तैयीर शुरू हो गई थी। इसलिए मोहन मरकाम को बदला नहीं गया । मल्लिकार्जुन खड़गे के अध्यक्ष बनने के बाद से माना जा रहा था कि कांग्रेस अपने संगठन को मजबूत करने के लिए काम करेगी। लेकिन भारत जोड़ो यात्रा शुरू हो जाने पर पूरी पार्टी उसी में जुट गई। उसके बाद गुजरात,हिमाचल चुनाव आ गए, वह खत्म हुए तो पूर्वोत्तर के तीन राज्यो ं चुनाव हुए। इससे मील्लकार्जुन खड़गे को संगठन में बदलाव का मौका ही नहीं मिल रहा था। कहा भी जाने लगा था कि कांग्रेस अध्यक्ष चुनाव को हुए कई महीने हो गए हैं। मल्लिकार्जुन खड़गे कांग्रेस संगठन को मजबूत करने का काम कब शुरू करेंगे। पहले माना जा रहा था कि कांग्रेस अधिवेशन के पहले संगठन का बदलाव हो जाएगा लेकिन नहीं हुआ। लोग सोचते रहे कि अधिवेशन में संगठन में बदलाव की घोषणा तथा कार्यसमिति का चुनाव भी हो जाएगा। अधिवेशन में भी ऐसा नहीं हुआ। अधिवेशन में तो कार्यसमिति के चुनाव को टाल दिया गया। अब छत्तीसगढ़ में कांग्रेस अध्यक्ष बदलने की चर्चा तेज हो गई है। भूपेश बघेल के कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से मिलने के बाद यह चचाई और तेज हो गई है कि अब छत्तीसगढ़ कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम को बदल दिया जाएगा। उनकी जगह दो लोगों के नाम की चर्चा है। एक हैं खाद्य मंत्री ंअमरजीत भगत तथा दूसरे हैं सांसद दीपक बैज। दोनो ही आदिवासी क्षेत्र से आते हैं एक सरगुजा से एक बस्तर से । इससे साफ है कि मुख्यमंत्री ओबीसी है तो अध्यक्ष आदिवासी बनाया जाना है। कांग्रस की जीत में आदिवासी क्षेत्र की अहम भूमिका रही है। आदिवासी वोटों के कारण ही कांग्रेस को आदिवासी क्षेत्रों में बडी सफलता मिली थी, आनेवा ले चुनाव मे इस सफलता को फिर से पाने के लिए आदिवासियों को खुश होना जरूरी है। यदि आदिवासी कांग्रेस अध्यक्ष को हटाकर आदिवासी कांग्रेस अध्यक्ष नहीं बनाया जाता है तो यह आदिवासी वर्ग की उपेक्षा मानी जाएगी। कांग्रस खुद भाजपा के लिए कहती रही है कि आदिवासी अध्यक्ष को हटाकर भाजाप ने आदिवासियों का अपमान किया है। अब वह खुद मोहन मरकाम को हटाकर आदिवासी अध्यक्ष नहीं बनाती है तो भाजपा इसे मुद्दा बनाकर कांग्रेस को घेकरने का प्रयास तो करेगी ही। भाजपा की पकड़ आदिवासी क्षेत्र में कमजोर हुई है तो चाहेगी कि ऐसा मुद्दा मिले जिससे वह अपनी पकड़ आदिवासी क्षेत्र में फिर से बना ले। भाजपा वैसी ही आदिवासी क्षेत्र में धर्मांतरण,आरक्षण को मुद्दे को उटाकर कांग्रेस को घेर रही है। भूपेश बघेल ने आरक्षण बढ़ाकर आदिवासियों सहित सभी वर्गों को खुशि करने की अच्छी कोशिश की थी लेकिन हस्ताक्षक्र के लिए आरक्षण विधेयक को राज्यपाल के पास भेजे जाने के बाद राज्यपाल ने उस पर हस्ताक्षर नहीं किया। इसी बीच राज्यपाल भी बदल दिया गया। आदिवासी लोग आरक्षण का लाभ नहीं मिलने से वैसे ही कांग्रेस से नाराज हैं कि वह उन्हें आरक्षण का लाभ नहीं दिला पा रही हैं।ऐसे मे ंअगह कांग्रेस मोहन मरकाम की जगह किसी दूसरे अध्यक्ष बनाती है तो आदिवासी और नाराज हो सकते है। आदिवासी और नाराज न हो इसके लिए मोहन मरकाम की जगह आदिवासी अध्यक्ष बनाने का प्रयास किया जा रहा है। मोहन मरकाम को बदलने की वजह यह बताई जा रही है कि वह सत्ता के साथ तालमेल बिठाकर संगठन को मजबूत नहीं कर सके। एक दो बार तो भूपेस बघेल के साथ उनकी टकराव भी हुआ। इसी का खामियाजा मोहन मरकाम को भुगतना पड़ा है। मुख्यमंत्री का चेहरा तो भूपेश बघेल ही होंगे, वह राज्य में अपनी पसंद का अध्यक्ष चाहेंगे इसलिए माना जा रहा है कि जो भी छत्तीसगढ़ कांग्रेस अध्यक्ष तो भूपेश बगेल की पसंद का होगा। राज्य में कांग्रेस अधिवेशन के सफल आयोजन के बाद भूपेश बघेल का कद आलाकमान की नजर में और बढ़ा तो है। भूपेश बघेल जानते हैं कि चुनाव में जीत के लिए, टिकट वितरण में अध्यक्ष की अहम भूमिका होती है। इसलिए भूपेश बघेल चाहते हैं कि उनकी पसंद का अध्यक्ष बनया जाए। आलाकमान भूपेश बघेल से खुश है और छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की जीत चाहती है। यह जीत भूपेश बघेल ही कांग्रेस को दिला सकते हैं। इसलिए भूपेश बघेल को राज्य मे ंजीत के लिए खुली छूट दी जाएगी। यह छूठ अध्यक्ष चुनने से लेकर ,किसे टिकट दी जान और किसकी टिकट काटनी है। यह सब फैसला भूपेश बघेल ही करेंगे।

## आज का राशिफल

**मेष:** सेहत अच्छी रहेगी। आपके घर से जुड़ा निवेश फ़ायदेमंद रहेगा। दिन के उत्तरार्ध में अचानक आई कोई अच्छी ख़बर पूरे परिवार को ख़ुशी देगी। दूसरों को ख़ुशियाँ देकर और पुरानी ग़लतियों को भुलाकर आप जीवन को सार्थक बनाएंगे। खाली वक्त का आज आप सदुपयोग करेंगे और उन कामों को पूरा करने की कोशिश करेंगे जो बीते दिनों पूरे नहीं हो पाए थे।

**वृष:** गर्भवती महिलाओं के लिए अतिरिक्त सावधान रहने का दिन है। आज आपके भाई-बहन आपसे आर्थिक मदद मांग सकते हैं और उनकी मदद करके आप खुद आर्थिक दबाव में आ सकते हैं। हालांकि स्थिति जल्द ही सुधर जाएगी। नवयुवकों को स्कूल प्रोजेक्ट की बाबत कुछ राय लेने की ज़रूरत हो सकती है। आप और आपका महबूब आज प्यार के समुन्दर में गोते लगाएंगे और प्यार की मदहोशी को महसूस करेंगे।

**मिथुन:** आपकी इच्छा-शक्ति को प्रोत्साहन मिलेगा, क्योंकि आप बहुत पेचीदा हालात से निकलने में क़ामयाब रहेंगे। भावुक फ़ैसला लेते वक़्त अपनी तार्किकता न छोड़ें। लम्बे समय से अटके मुआवज़े और कर्ज़ आदि आख़िरकार आपको मिल जाएंगे। अगर आप पार्टी करने की सोच रहे हैं, तो अपने अपने अच्छे दोस्तों को बुलाएँ। ऐसे कई लोग होंगे, जो आपका उत्साह बढाएंगे।

**कर्क:** मौज-मस्ती और मनपसंद काम करने का दिन है। नए क़रार फ़ायदेमंद दिख सकते हैं, लेकिन वे उम्मीद के मुताबिक़ लाभ नहीं पहुँचाएंगे। निवेश करते समय जल्दबाज़ी में निर्णय न लें। पुराने दोस्त मददगार और सहयोगी साबित होंगे। कोई अच्छी ख़बर या जीवनसाथी/प्रिय से मिला कोई संदेश आपके उत्साह को दोगुना कर देगा। आज ऐसे बर्ताव करें जैसे कि आप 'सुपर-स्टार' हैं, लेकिन सिर्फ़ उन चीज़ों की ही प्रशंसा करें जो उसके क़ाबिल हैं।

**सिंह:** कार्यक्षेत्र में वरिष्ठों का दबाव और घर में अनबन के चलते आपको तनाव का सामना करना पड़ सकता है- जो काम में आपकी एकाग्रता को भंग करेगा। जिन लोगों ने जमीन खरीदी थी और अब उसे बेचना चाहते हैं उन्हें आज कोई अच्छा खरीदार मिल सकता है और जमीन बेचकर उन्हें अच्छा धन लाभ हो सकता है। बच्चे की पढ़ाई के बारे में चिंता करने की ज़रूरत नहीं है।

**कन्या:** आज आप ख़ुद को सुकून में और ज़िंदगी का लुत्फ़ उठाने के लिए सही मनोदशा में पाएंगे। तंग आर्थिक हालात के चलते कोई अहम काम बीच में अटक सकता है। आपके बच्चे के पुरुस्कार वितरण समारोह का बुलावा आपके लिए ख़ुशनुमा एहसास रहेगा। वह आपकी उम्मीदों पर खरा उतरेगा और आप उसके ज़रिए अपने सपने साकार होते हुए देखेंगे। फूल देकर अपने प्यार का इज़हार करें।

**तुला:** अच्छी चीज़ों को ग्रहण करने के लिए आपका दिमाग़ खुला रहेगा। करीबी रिश्तेदारों के घर जाना आज आपकी आर्थिक स्थिति को बिगाड़ सकता है। पारिवारिक सदस्य या जीवन-साथी तनाव की वजह बन सकते हैं। रोमांस के लिहाज़ से बहुत अच्छा दिन नहीं है, क्योंकि आप आज सच्चा प्यार ढूंढने में विफल हो सकते हैं। कोई रोचक मैगजीन या उपन्यास पढ़ के आजके दिन को आप अच्छी तरह से व्यतीत कर सकते हैं।

**वृश्चिक:** ज़िंदगी की ओर उदास नज़रिया रखने से बचें। आकस्मिक मुनाफ़े या सट्टेबाज़ी के ज़रिए आर्थिक हालात सुदृढ़ होंगे। एक बेहतरीन शाम के लिए रिश्तेदार/दोस्त घर आ सकते हैं। रोमांटिक मुलाक़ात बहुत रोमांचक रहेगी, लेकिन ज़्यादा देर के लिए नहीं होगी। आज मौसम का मिजाज कुछ ऐसा रहेगा कि आप बिस्तर से उठने को राजी नहीं होंगे।

**धनु:** शारीरिक लाभ के लिए, विशेषकर मानसिक तौर पर मज़बूती हासिल करने के लिए ध्यान और योग का आश्रय लें। आज के दिन आपको अपने उन दोस्तों से बचकर रहने की जरुरत है जो आपसे उधार मांगते हैं और फिर उसे लौटाते नहीं हैं। आपकी दिलचस्प रचनात्मकता आज घर के वातावरण को सुखद बनाएगी। हालाँकि प्यार में निराशा हाथ लग सकती है लेकिन हिम्मत मत हारिए क्योंकि आखिर में जीत सच्चे प्यार की ही होती है।

**मकर:** भले ही आप उत्साह से लबरेज़ हों, फिर भी आज आप किसी ऐसे की कमी महसूस करेंगे जो आज आपके साथ नहीं है। आप ख़ुद को नए रोमांचक हालात में पाएंगे- जो आपको आर्थिक फ़ायदा पहुँचाएंगे। रिश्तेदारों के यहाँ छोटी यात्रा आपके भागदौड़ भरे दिन में आराम और सुकून देने वाली साबित होगी। कुछ लोगों के लिए जल्द ही शादी की शहनाई बज सकती है, जबकि दूसरे ज़िन्दगी में नए रोमांस का अनुभव करेंगे।

**कुंभ:** मौज-मस्ती और मनपसंद काम करने का दिन है। जिन लोगों ने अतीत में अपना धन निवेश किया था आज उस धन से लाभ होने की संभावना बन रही है। ऐसा कोई जिसे आप जानते हैं, आर्थिक मामलों को ज़रूरत से ज़्यादा गंभीरता से लेगा और घर में थोड़ा-बहुत तनाव भी पैदा होगा। प्रेम-संबंध में ग़ुलाम की तरह व्यवहार न करें। आज आप अपने जीवनसाथी को सरप्राइज दे सकते हैं, अपने सारे कामों को छोड़कर आज आप उनके साथ वक्त बिता सकते हैं।

**मीन:** अपनी सेहत के बारे में ज़रूरत से ज़्यादा चिंता न करें। निश्चिंतता बीमारी की सबसे बड़ी दवा है। आपका सही रवैया ग़लत रवैये को हराने में क़ामयाब रहेगा। फ़ौरी तौर पर मज़े लेने की अपनी प्रवृत्ति पर क़ाबू रखें और मनोरंजन पर ज़रूरत से ज़्यादा ख़र्च करने से बचें। जब निवेश करने का सवाल आपके सामने हो, तो स्वतन्त्र बनें और अपने फ़ैसले ख़ुद लें।

# ख़ाली डब्बा,लुटते लोग

### गंभीर समस्या

**निर्मल रानी**



कभी कभी अपने बुज़ुर्गों की दूरदर्शिता के बारे में सोचकर बहुत आश्चर्य होता है। 1968 में रिलीज़ हुई मुंबई सिनेमा की सुपरहिट फ़िल्म 'नीलकमल' में साहिर लुधियानवी के लिखे गीतों में एक प्रमुख एवं लोकप्रिय गीत था 'ख़ाली डिब्बा खाली बोतल, ले ले मेरे यार - ख़ाली से मत नफ़रत करना ख़ाली सब संसार'। साहिर लुधियानवी द्वारा 55 वर्ष पूर्व लिखे गये इस गीत के एक एक शब्द आज अक्षरशः सही साबित हो रहे हैं। जिस तरह बाज़ार में मिलावट ख़ोरी का बोलबाला है। आटा से लेकर मिर्च मसाला ,दूध घी सब कुछ बाज़ार में असली कम परन्तु मिलावटी अधिक उपलब्ध है, इस गीत में इन सभी वास्तविकताओं पर तफ़्सील से रौशनी डाली गयी है। और इसी गीत का मुखड़ा यानी 'ख़ाली डब्बा' ये तो न केवल लगभग सौ प्रतिशत चरितार्थ हो रहा है बल्कि लूट खसोट की यह व्यवसायिक मानसिकता फ़ैशन का रूप भी धारण कर चुकी है।

आज आप खाने पीने के किसी भी बड़े से बड़े ब्रांडेड आउटलेट पर चले जायें या फिर इलाक़े की प्रसिद्ध मिठाई की दुकानों या बेकरी आदि पर, आपको लगभग हर जगह बड़े और वज़नी डिब्बे मिलेंगे। इन डिब्बों को दुकानदार सरे आम हज़ारों रूपये प्रति किलो की मिठाई के साथ तोलता है। डब्बों के अंदर गत्ते की ही लाइनें इस तरह विभाजित कर दी जाती हैं ताकि उनमें कम से कम मिठाई आये परन्तु देखने में डिब्बा भरा लगे। इसी तरह हज़ारों रूपये क़ीमत के गिफ़्ट पैक में थोड़ी सी काजू किशमिश या बादाम आदि रख कर दो तीन गत्ते के डिब्बे या बोतलों में आधा भरकर गत्ते के बड़े,सुन्दर व भारी भरकम डब्बों में पैक कर लैमिनेट कर दिया जाता है ताकि ग्राहक या उपभोक्ता उसे जल्दी खोलने की कोशिश भी न करे और अपने घर जाकर ही खोले। फिर चाहे जश्न मनाये या अपना सिर पीटे, परन्तु अपनी जेब ज़रूर दुकानदार को झाड़ता जाये। यहाँ यह बताना भी ज़रूरी है कि सरकार की तरफ़ से त्यौहारों के समय मिष्ठान विक्रेताओं को प्रायः यह निर्देश दिये जाते हैं कि वे मिठाई के साथ डिब्बे का वज़न न करें। इसके लिये क़ानून भी बनाये गए हैं। परन्तु लगभग पूरे देश में मिष्ठान दुकानदार धड़ल्ले से मिठाई की क़ीमत पर ही गत्ता भी तौल रहे हैं। और अफ़सोस तो यह कि इन भ्रष्ट दुकानदारों की हौसला अफ़ज़ाई भी उपभोक्ताओं का वही बड़ा नव धनाढ्य वर्ग कर रहा है जो स्वयं को लुटता देख कर भी ख़ामोश रहने में ही अपनी 'रईसी की शान' समझता है। इसी तरह पूरे बाज़ार में तरह तरह के चिप्स,कुरकुरे और न जाने क्या क्या खाद्य पदार्थ आदि उपलब्ध हैं। इन सभी में माल से अधिक हवा भरी रहती है। इन पाउच के अंदर क्या है यह किसी को पता नहीं चलता क्योंकि इनके दोनों और गूढ़े रंगों में कंपनी अपने ट्रेड मार्क, नाम आदि छापती है। जबकि क़ायदे से एक ओर पारदर्शी पन्नी होनी चाहिये ताकि ग्राहक को पता चल सके कि जिस खाद्य सामग्री को वह ख़रीद रहा है उसकी रंगत,शक्ल सूरत और स्थिति कैसी है। चीन में ज़्यादातर पाउच एक ओर छपे हुये होते हैं और दूसरी तरफ़पारदर्शी । क्योंकि वहां उपभोक्ता हितों का ध्यान रखा जाता है। हमारे देश में उपभोक्ताओं के हितों की कोई फ़िक्र नहीं जबकि उपभोक्ता हितों का संरक्षण करने वाले तमाम क़ानून भी मौजूद हैं। देश में उपभोक्ता दिवस भी मनाया जाता है और देश भर में उपभोक्ता अदालतें भी मौजूद हैं।

कुछ दिन पूर्व देश में इस समय तेज़ी से फैल चुकी एक विदेशी बेकरी कंपनी द्वारा बेचा जाने वाला एक बिस्कुट का डिब्बा हाथ लगा। इस कंपनी का केक,पेस्ट्री,बन,ब्रेड आदि ख़रीदना लोग अपना स्टेट्स सिंबल समझते हैं। मात्र 250 ग्राम बिस्कुट के इस गोल प्लास्टिक के डिब्बे की क़ीमत थी लगभग एक हज़ार रूपये। इस डिब्बे में एक एक बिस्कुट (कुकीज़ ) अलग अलग पन्नी में सील था। इसकी क़ीमत देखकर स्वभावतः इस बात का गुमान हुआ कि हो न हो यह बिस्कुट निहायत ही लज़ीज़ व असाधारण होगा। परन्तु यक़ीन जानिये कि वह बिस्कुट स्वाद में न तो मीठा था न ही ख़स्ता न ही




ऋंची। चबाने के बाद दांतों व मसूड़ों में चिपक ज़रूर रहा था। यानी हमारे देश की साधारण बेकरियों पर इससे दस गुना कम क़ीमत पर इससे भी स्वादिष्ट व ताज़े बिस्कुट उपलब्ध हैं। फिर सहसा मस्तिष्क में यह प्रश्न भी उठा कि यदि मुझ से इसी लगभग चार हज़ार रूपये क़ीमत वाले फीके व स्वादहीन बिस्कुट का गुणगान करने के लिये कहा जाये तो मुझे क्या लिखना चाहिये। सहसा इस व्यावसायिक पाखण्ड पर पर्दा डालने में आज के प्रचलित बहाने ज़ेहन में आये। यानी -÷चार हज़ार रूपये किलो वाला अमुक विदेशी बेकरी का यह बिस्कुट आपको रखे शुगर फ़्री और सिर्फ़ शुगर फ़्री ही नहीं बल्कि आपको रखे कोलेस्ट्रॉल फ़्री भी÷। ज़ाहिर है जब बिस्कुट में चीनी ही नहीं पड़ेगी तो शुगर फ़्री होना ही है और जब घी नहीं डाला जायेगा तो कोलेस्ट्रॉल फ़्री भी होगा। सवाल यह है कि जब इसमें न तो घी है न ही चीनी फिर आख़िर इसका मूल्य इतना अधिक क्यों ? ऐसा इसलिये कि यह ब्रांडेड है,और ब्रांड ही बिकता है,इसी बेकरी के थैले हाथों में लटका कर उपभोक्ता का स्टेटस सिम्बल परवान चढ़ता है। यहां आपको यह भी बताते चलें कि इसी बेकरी के केक,बिस्कुट आदि चार हज़ार रूपये से कहीं ज़्यादा क़ीमत के भी उपलब्ध हैं यानी आठ से दस हज़ार रूपये प्रति किलो तक।

मिठाइयों के बड़े नामी व ब्रांडेड आउटलेट्स का भी यही हाल है। मंहगी से मंहगी मिठाई के नाम पर केवल चांदी के नाम का वरक़ लपेटा जाता है। जबकि लोगों का कहना है कि चांदी के नाम पर जो वरक़ लपेटा जाता है वह भी चांदी नहीं बल्कि अलुमिनियम का होता है। गोया चांदी के वरक़ के नाम पर उपभोक्ताओं को ज़हर खिलाया जा रहा है। पिछले दिनों तो टी वी पर एक ख़बर प्रसारित हुई कि पचास हज़ार रूपये किलो तक की मिठाई भी बाज़ार में बिक रही है। बताया जा रहा था कि इसमें केसर और सोने के वरक़ का प्रयोग किया गया है। अब मिठाई ख़रीदने वाला भला यह कैसे सुनिश्चित करे कि इतनी मंहगी मिठाई में केसर और सोने का वरक़ है भी या नहीं और वह भी असली है या नक़ली ? बहरहाल,भ्रष्टाचारियों,मिलावटख़ोरों,कम नापने-तौलने वालों को खुली छूट का कारण दरअसल हमारे ख़ामोशी और अनापत्ति है। लिहाज़ा बेहतर होगा कि यदि हम इस ज़ुल्म और संगठित लूट के ख़िलाफ़ आवाज़ उठाने में अपनी 'तौहीन' समझते हों तो कम से कम ख़ाली डब्बा-ख़ाली बोतल जैसा गीत आज के दौर में भी गुनगुनाकर अपने बुज़ुर्गों की दूरदर्शिता पर तो गर्व कर ही सकते हैं।

# पड़ोसी की शांति में ही निहित है अपनी भी शांति

### विदेश

**तनवीर जाफ़री**



जिन ब्रिटिश शासकों से के विरुद्ध संयुक्त भारत के सभी लोगों ने मिलकर पराधीन भारत को स्वाधीनता दिलाई थी,1947 में हुये दुर्भाग्यपूर्ण विभाजन के बाद उसी भारत से पाकिस्तान नामक एक नये राष्ट्र का उदय हुआ। इस्लामी राष्ट्र बनाने से लेकर विश्व इस्लामी जगत में अपना प्रभुत्व स्थापित करने जैसे 'हवा-हवाई इरादों ' के परिणामस्वरूप पाकिस्तान का गठन हो गया। और अंग्रेज़ों ने भारत छोड़ते छोड़ते भारत को विभाजित करने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुये हमारी शक्ति को कम किया। दरअसल वैश्विक राजनीति में किसी राष्ट्र को कमज़ोर करना,उसकी आंतरिक फूट का लाभ उठाना,उसे क़र्ज़ व आर्थिक सहायता जैसे 'उपकारों ' से दबाकर रखना,उसे उसी के पड़ोसी के साथ उलझाने यहाँ तक कि संभव हो तो लड़ाने की साज़िश करना आदि राजनायिक भाषा में एक 'सफल कूटनीति' समझी जाती है। उसी का अनुसरण करते हुये अंग्रेज़ों ने हिन्दू-मुस्लिम राजनैतिक विवाद को हवा देते हुये भारत विभाजन के लिये खेला। कमोबेश वैसी ही राजनीति 1971 में 'बंगाली मुसलमानों के हक़ की आवाज़' उठाने के नाम पर भारत द्वारा की गयी। पाकिस्तान के विभाजन के लिये भारत ने पूर्वी पाकिस्तान का तब तक साथ दिया जब तक नव राष्ट्र के रूप में बांग्लादेश अस्तित्व में नहीं आ गया। इसी दौर में बंग्लादेश से असीमित संख्या में बंग्लादेशियों ने भारत की ओर शरणार्थी के रूप में कूच किया। भारत पर भारी आर्थिक बोझ पड़ा। और आजतक वही शरणार्थी 'बांग्लादेशी मुसलमान' के नाम से विशेष राजनैतिक विचारधारा के लोगों के लिये 'राजनीति' करने का कारक बने हुये हैं। बांग्लादेश के गठन के बाद ख़ासकर भारत-पाक-मुक्ति मोर्चा संघर्ष के दौरान हुये विश्व के सबसे बड़े आत्म समर्पण के बाद वही पाकिस्तान और विशेषकर वहां के शासक व सेना भारत को अपने सबसे बड़े दुश्मन की नज़र से ज़रूर देखने लगे। नतीजा सामने है,कश्मीर को विवादित करने के अंतराष्ट्रीय प्रयासों से लेकर भारत में आतंक फैलाने तक, ड्रग्स व हथियारों से लेकर नक़ली करेंसी भारत भेजने तक और हनी ट्रैप में लोगों को फंसाने जैसे हथकंडे तक पाकिस्तान भारत के विरुद्ध आज़माता रहता है। और अब विगत तीन दशकों से उसी पाकिस्तान की व्यवसायिक प्रगाढ़ता चीन से बढ़ती जा रही है। यहां तक कि भारत विरोध की आग में तपता पाकिस्तान,चीन के शिकंजे में बुरी तरह उलझता जा रहा है।

उधर भारत का दूसरा घनिष्ठ पड़ोसी देश नेपाल है। राजशाही समाप्त होने के बाद यहाँ की लोकतांत्रिक राजनीति में भी उथल पुथल मची रहती है। जिस नेपाल के करोड़ों लोग भारत में रोज़गार पाते हैं,जहाँ के लोग भारतीय सेना सहित भारत की ही अनेक सरकारी व ग़ैर सरकारी नौकरियों में भी सेवा करने का अवसर पाते हों वही नेपाल कभी कभी भारत को भी आँखें दिखाने लगता है। क़रीबी पड़ोसियों के रूप में भारत और नेपाल के अद्वितीय सम्बन्ध हैं, जिसमें व्यवसाय,खुली सीमायें, जनता के बीच रिश्ते नाते,व साहित्य व संस्कृति के गहरे सम्बन्ध भी हैं । परन्तु यहां यह जानना भी ज़रूरी है कि इन संबंधों के बावजूद भी नेपाल की पीठ पर भी चीन का हाथ है जो अपने भारत विरोधी दूरगामी राजनैतिक मक़सद के तहत पकिस्तान की ही तरह नेपाल को भी अपने चंगुल में फंसाना चाहता है। गत वर्ष नवंबर में नेपाल हुये संसदीय चुनाव के समय यह आशंका भी जताई गयी थी कि चीन,नेपाल में पाकिस्तान की ख़ुफ़िया एजेंसी के साथ मिलकर भारत विरोधी साज़िशें रच सकता है। ख़बरों के मुताबिक़ इसके लिए चीनी सुरक्षा एजेंसी मिनिस्ट्री आफ़ स्टेट सिक्योरिटी ने पाकिस्तानी ख़ुफ़िया एजेंसी इंटर सर्विसेज़ इंटेलिजेंस (ढ्ढस्ढ्ढ) के साथ काम भी शुरू कर दिया था। भारतीय सुरक्षा एजेंसियों की इस रिपोर्ट पर 18 अगस्त 22 को दिल्ली में हुए राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति सम्मेलन 2022 में चर्चा भी हुई थी । इसे लेकर गृह मंत्रालय ने नेपाल से सटे उत्तराखंड,उत्तर प्रदेश, बिहार, बंगाल व सिक्किम को भी सचेत किया था। उसी दौरान चीन के तीसरे सबसे बड़े नेता ली झांशु ने काठमांडू का दौरा किया था । हालांकि नेपाल के लोग पाकिस्तान द्वारा भारत के विरुद्ध चीन के साथ मिलकर रची जा रही साज़िश से बाख़बर ज़रूर हैं परन्तु इसके बावजूद चीन,पाकिस्तान के सहयोग से नेपाल के माध्यम से भारत में अस्थिरता फैलाने का षड्यंत्र पूरी ताक़त के साथ रच रहा है। राजनैतिक विश्लेषकों के अनुसार भारत और नेपाल के रिश्तों में 2015 से ही तब कड़ुवाहट शुरू हो गई थी जब भारत ने नेपाली आपूर्ति के विरुद्ध 'ब्लॉकेड' किया था। इस ब्लॉकेड का पूरा फ़ायदा चीन ने नेपाल के प्रति हमदर्दी जताते हुये उठाया था ।

इसी तरह भारत चीन के विवादों का कारण भारत चीन सीमावर्ती अनेक इलाक़े तो हैं ही परन्तु चीन को भारत से सबसे अधिक तकलीफ़ तिब्बत की स्वायत्ता के मुद्दे पर तिब्बत का साथ देना भी है।

चीन अपने आर्थिक संसाधनों और कूटनीति की मदद से दक्षिण एशिया में अपना प्रभाव बढ़ाना चाहता है। उस की नेपाल पर कुदृष्टि का भी ऐतिहासिक सन्दर्भ है। चीन के प्रथम कम्युनिस्ट नेता व संस्थापक माओत्से तुंग ने एक बार सार्वजनिक रूप से यह कहा था कि -'तिब्बत हमारी हथेली और लद्दाख़ ,नेपाल, भूटान, सिक्किम व अरुणाचल प्रदेश यह पाँच उंगलियां हैं। हथेली तो हमने ले ली है और अब पाँच उंगलियों को भी आज़ाद कराना है '। परन्तु चूंकि आज के दौर में परोक्ष रूप से सैन्य शक्ति का प्रयोग कर क्षेत्रीय विस्तार करना बेहद कठिन है इसलिए चीन इन इलाक़ों को विवादित बनाना तथा यहां अपना प्रभाव बढ़ाकर भविष्य का अपना राजनैतिक व भौगोलिक विस्तार का इरादा ज़रूर साफ़ करना चाहता है। दूसरी तरफ़ इसी के साथ साथ नेपाल में एक नये राष्ट्रवाद का स्वर बुलंद हो रहा है जिसका एक बड़ा हिस्सा भारत विरोधी है। इन सबके बावजूद वर्तमान भारतीय सत्ता की प्राथमिकता नेपाल का विश्वास जीतने,उसे चीन व पकिस्तान जैसे पड़ोसी देशों के कुचक्र से दूर रखने से अधिक इस बात में रहती है कि किसी तरह नेपाल पुनः 'हिन्दू राष्ट्र ' बन जाये। गत वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जितनी भी नेपाल यात्रायें हुयी हैं उनमें उनके तेवर,लिबास,भाव भंगिमा,अंदाज़ आदि को देखकर इस बात का अंदाज़ा भी बख़ूबी लगाया जा सकता है। नेपाल व भारत के लोगों के लिये यह एक भावनात्मक स्टैंड तो हो सकता है परन्तु इससे नेपाल के लोगों का दिल जीतने तथा उससे रिश्ते सुदृढ़ करने या फिर उसे चीन व पकिस्तान से दूर ले जाने में शायद ही कोई मदद मिले।




अब नेपाल में पोखरा स्थित शालिग्रामी नदी या काली गंडकी से अहिल्या रूपी पत्थर की 6 करोड़ वर्ष प्राचीन बताई जा रही दो विशाल शिलाएं नेपाल से चल कर अयोध्या पहुंचे चुकी हैं। बताया जा रहा है कि संभवतः इन्हीं शिलाओं से बनी मूर्तियां या तो गर्भगृह में रखी जाएंगी अन्यथा राम मंदिर परिसर में कहीं और स्थापित होंगी ? इसके अतिरिक्त अयोध्या जनकपुर(नेपाल ) के मध्य राम जानकी मार्ग नामक एक विशेष मार्ग भी प्रस्तावित है। रेल व वायु मार्ग से भी दोनों देशों के बीच धार्मिक पर्यटन को विकसित किये जाने के प्रस्ताव हैं। परन्तु यह सभी उपाय उस समय धरे के धरे रह जाते हैं जब जनता अपने देश तथा वहाँ के विकास से अधिक अपने देश के अन्य निजी मामलों में दूसरे देशों का दख़ल महसूस करने लगती है। हमें केवल पाकिस्तान व नेपाल ही नहीं बल्कि श्री लंका में भी पिछले दिनों हुई उथल पुथल व उनके कारणों को नज़रअंदाज़ नहीं करना चाहिये। भारतीय नेतृत्व के समक्ष इन परिस्थितियों में सभी पड़ोसी देशों से सामंजस्य बनाये रखना बेशक एक बड़ी चुनौती है। दुनिया के सभी देशों को यह स्वीकार करना चाहिये कि आख़िर पड़ोसी की कमज़ोरी,उसकी निर्भरता तथा वहाँ की राजनैतिक अथवा आर्थिक 'अशांति' में नहीं बल्कि पड़ोसी की शांति में ही अपनी भी शांति निहित है ?

# प्रकृति का अनोखा टॉर्च हैं जुगनू'

### प्रकृति

**सुनील कुमार महला**



प्रकृति की अद्भुत और अनमोल देन है-'जुगनू।' हम सभी ने बचपन में कभी न कभी अपने गांव-देहात में, खेतों में पेड़-पौधों के झुरमुट, घास के आसपास जुगनुओं को जगमगाते हुए जरूर देखा है। हम जुगनुओं के साथ खेलें हैं, उनकी जगमगाहट ने हमें हमेशा आनंदित, उल्लसित किया है।अपने शरीर से दीप्ति या प्रकाश उत्पन्न करने वाला प्रकृति का यह अद्भुत कीट बच्चों, बूढ़ों, महिलाओं, जवानों सभी को अपनी तरफ जरूर आकर्षित करता है।वैसे,जुगनू शहर में भी दिखते हैं लेकिन इन्हें ज्यादातर गांव में ही देखा जाता है। ये अधिकतर रात के समय में ही चमकते हैं। हालांकि ये दिन में भी चमकते रहते हैं लेकिन हम उन्हें दिन के समय में देख नहीं पाते हैं। दरअसल, चमकने के हिसाब से नर और मादा दोनों जुगनू रात्रि के समय चमकते हैं, लेकिन नर जुगनू उड़ते हुए चमकता है। नर ऐसा इसलिए करता है ताकि वो मादा जुगनूओं को अपनी तरफ आकर्षित कर सके। आपको यह जानकर अत्यंत ही हैरानी होगी कि जुगनूओं के अंडे तक भी चमकते हैं।दिखने में यह एकदम पतले और दो पंख वाले होते हैं। ये जंगलों में पेड़ों की छाल में अपने अंडे देते हैं। इनके द्वारा उत्पन्न लाल,पीला, हरा प्रकाश हमारी आंखों में जब चमकता है तो हम यह सोचने के लिए मजबूर हो जाते हैं कि प्रकृति का वास्तव में कोई भी जवाब नहीं है, वह अनोखी, अद्भुत, अकल्पनीय है और रहस्यों से भरी हुई है। वैसे, जुगनुओं द्वारा प्रकाश रासायनिक क्रिया द्वारा उत्पन्न किया जाता है। इसमें अवरक्त और पराबैंगनी आवृत्तियाँ नहीं होतीं हैं। इनका शरीर बहुत ही नरम, मुलायम होता है और इन्हें 'बिजली के या चमक के कीड़े' भी कहा जाता है। इन्हें 'प्रकृति की टॉर्च' भी कहा जा सकता है। जुगनू तो इनका नाम है ही। वैसे,नर और मादा जुगनू की शारीरिक बनावट में एक खास अंतर होता है। नर जुगनू जहां उड़ते हुए चमक सकता है, वहीं मादा जुगनूओं के पास पंख नहीं होते हैं। इसलिए वो एक ही जगह पर चमकती रहती है। वैसे तो भारत में देहाती क्षेत्रों में भी काफी संख्या में जुगनू पाए जाते हैं, लेकिन अधिक रोशनी से चमकने वाले जुगनू अधिकतर वेस्टइंडीज और दक्षिणी अमेरिका में ही पाए जाते हैं। जानकारी देना उचित होगा कि इस कीड़े की खोज 1667 में रॉबर्ट बायल नाम के एक वैज्ञानिक ने की थी। जुगनुओं के बारे में लोगों में यह गलत धारणा है कि ये फॉस्फोरस के कारण चमकते हैं।जुगनू फास्फोरस की वजह से नहीं बल्कि ल्युसिफेरेस नामक के प्रोटीनों के कारण चमकते हैं। जुगनू इस अपने द्वारा की गई रोशनी में अपने लिए खाना भी खोजते हैं और चमक पैदा कर अपने साथी को भी अपनी ओर आकर्षित करते हैं। जैसे ही हमारे मन-मस्तिष्क में जुगनू का नाम आता है तो 'हमारे हृदय' में 'चमक' या 'दीप्ति' कौंधने लगती है। अमूमन, जुगनू समशीतोष्ण और उष्णकटिबंधीय जलवायु में पाए जाते हैं। सभी ज्ञात जुगनू लार्वा के रूप में चमकते हैं, केवल कुछ वयस्क ही प्रकाश उत्पन्न करते हैं, और प्रकाश अंग का स्थान प्रजातियों के बीच और एक ही प्रजाति के लिंगों के बीच भिन्न होता है। जुगनुओं ने हमेशा हमेशा से मानवजाति का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया है और लैम्पाइरिडे बीटल क्रम कोलोप्टेरा में कीड़ों का एक परिवार है, जिसमें 2,000 से अधिक वर्णित प्रजातियां हैं, जिनमें से कई प्रकाश उत्सर्जक हैं। जुगनू देखने में सुंदर होते हैं और विभिन्न संस्कृतियों में इनके सौंदर्य की सराहना की जाती है, विशेष रूप से जापान जैसे देश में इनके लिए अलग से पार्क तक बनाए गए हैं। हालांकि इस धरती पर जुगनू ही ऐसा प्राणी नहीं है जो चमकता है। बहुत सी मछलियां और केकड़े भी चमक पैदा करने वाले गुण रखते हैं लेकिन कीटों में जुगनू प्रमुख है जो रोशनी पैदा करते हैं। जुगनू पृथ्वी पर डायनासोर के युग से विद्यमान बताये जाते हैं। आज प्रकृति का यह अनमोल तोहफा तेजी से धरती से गायब हो रहा है। आज ग्लोबल वार्मिंग हो रही है, जलवायु परिवर्तन हो रहा है, प्रदूषण बहुत बढ़ गया है। इससे जुगनुओं के अस्तित्व पर लगातार खतरा मंडरा रहा है। ताज्जुब करने वाली बात यह है कि दुनिया भर में जितने भी कीट पतंगे मौजूद हैं, उनमें जुगनुओं की हिस्सेदारी लगभग 40 फीसदी है। आज शहरों में तो दूर की बात प्रकृति का यह अनमोल तोहफा(जुगनू) गांवों-देहातों में भी विरले ही नजर आता है। बढ़ते औधोगीकरण, जनसंख्या, कीटनाशकों के अनवरत प्रयोग, प्रदूषण से इस नन्हें से कीट की जान पर आज बन आई है। इनकी प्रजातियों में तेजी से गिरावट दर्ज की जा रही है। जुगनू किसानों के मित्र जीव हैं। धरती के पारिस्थितिकीय तंत्र में इन नन्हें कीटों का बहुत ज्यादा महत्व है, क्यों कि ये नन्हें कीट फसलों की रक्षा करते हैं। इन नन्हें, कोमल कीटों का अस्तित्व धरती पर बहुत आवश्यक है, क्यों कि इनके अस्तित्व पर कहीं न कहीं मानव अस्तित्व भी टिका हुआ है।

# आत्मनिर्भर बनाने सभी योजनाओं का करें बेहतर क्रियान्वयन:अजगल्ले

## सांसद की अध्यक्षता में दिशा समिति की बैठक संपन्न



**जांजगीर-चांपा 13 मार्च।** लोकसभा सांसद श्री गुहाराम अजगल्ले ने आज दिशा समिति की बैठक लेते हुए गरीब और कमजोर लोगो को आत्मनिर्भर बनाने के लिए शासन द्वारा चलाई जा रही सभी योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन कराए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि योजनाओं के उद्देश्य को समझते हुए आजीविका के विविध स्त्रोतो को प्रोत्साहित किया जाना आवश्यक है। लोकसभा क्षेत्र जांजगीर-चांपा सांसद श्री गुहाराम अजगल्ले की अध्यक्षता में आज जिला विकास एवं समन्वय निगरानी समिति (दिशा) की जिला स्तरीय बैठक का आयोजन जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित की गई। सांसद ने पिछली बैठक के पालन प्रतिवेदन की समीक्षा करते हुए विभिन्न योजनाओं और निर्माण कार्यों की सतत मॉनिटरिंग और गुणवत्तापूर्ण कार्य कराये जाने कहा।

दिशा समिति की बैठक में सांसद ने मनरेगा के कार्यों की जानकारी लेते हुए निर्धारित गाइडलाइन अनुसार विभिन्न कार्य कराये जाने कहा। उन्होंने कहा कि स्व सहायता समूह को मसालें, मिर्च पाउडर, हल्दी उत्पादन, कोसा उत्पादन आदि कार्यों के लिए प्रशिक्षण देते हुए ज्यादा से ज्यादा प्रोत्साहित कराना जरूरी है। जिससे वे गुणवत्तापूर्ण उत्पाद तैयार कर आत्मनिर्भर बन सके। सांसद ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अधिकारी को सड़कों की केन्द्र, राज्य व विभाग द्वारा जांच किए जाने पर उसकी रिपोर्ट उन्हें उपलब्ध कराए जाने कहा। उन्होंने जल जीवन मिशन के कार्यो की जानकारी लेते हुए हितग्राहियों के घरों के बाहर तक नहीं बल्की उनके घरों के आंगन तक नल कनेक्शन दिए जाने कहा। उन्होंने सुव्यवस्थित पाइप लाइन बिछाते हुए गुणवत्तापूर्ण कार्य करते हुए जनता को पानी की बेहतर सुविधा उपलब्ध कराये जाने कहा। सांसद ने प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना मद अंतर्गत कमजोर वर्ग के लिए किए जा रहे कार्यों का नियमित मॉनिटरिंग करने कहा। उन्होंने जिले में स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत मातृत्व स्वास्थ्य, शिशु स्वास्थ्य, परिवार कल्याण कार्यक्रम राष्ट्रीय क्षय नियंत्रण कार्यक्रम, राष्ट्रीय कुष्ठ नियंत्रण कार्यक्रम, आयुष्मान भारत योजना सहित अन्य योजनाओं की जानकारी लेते हुए जिला अस्पताल में ऑक्सीजन प्लांट की क्षमता, वेंटिलेटर बेड की जानकारी ली तथा मरीजों को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराए जाने कहा। उन्होंने जिले में उद्यानिकी विभाग के कार्यों को बेहतर ढंग से संचालित करते हुए ज्यादा से ज्यादा हितग्राहियों को लाभान्वित कराये जाने कहा। सांसद ने प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी और ग्रामीण, राष्ट्रीय सामाजिक सहयोग. कार्यक्रम, स्वच्छ भारत मिशन, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, डिजिटल भारत भू-अभिलेख आधुनिकीकरण कार्यक्रम, मिड-डे-मील स्कीम, सर्व शिक्षा अभियान, डिजिटल इंडिया पब्लिक इंटरनेट एक्सेस प्रोग्राम, राष्ट्रीय कृषि विकास योजना (रफ्तार), प्रधानमंत्री रोजगार उत्पत्ति योजना, सुगम्य भारत अभियान, खाद्य सुरक्षा योजना, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, सर्व शिक्षा अभियान आदि की क्रमबद्ध समीक्षा की।

## एक नजर

### रोजगार दिवस परआधार प्रमाणीकरण का अभियान



**बीजापुर 13 मार्च।** महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गांरटी अधिनियम अंतर्गत जिले में 1 फरवरी से आधार आधारित भुगतान प्रणाली लागू करने के मिनिस्ट्री ऑफ रूरल डेवलपमेंट, भारत सरकार के दिशानिर्देश के बाद कलेक्टर श्री राजेंद्र कटारा की पहल से ग्राम पंचायत स्तर पर व्यापक प्रचार प्रसार एवं शिविर का आयोजन कर मनरेगा श्रमिकों के आधार कार्ड की छायाप्रति प्रमाणीकरण हेतु संकलित की जा रही है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री रवि कुमार साहू ने देते हुए बताया कि प्रत्येक माह के 7 तारीख को रोजगार दिवस का आयोजन किया जाता है जिसमें इस माह माह महात्मा गांधी नरेगा योजना अंतर्गत आधार प्रमाणीकरण हेतु आधार कलेक्शन के कार्य को मिशन मोड में चावल उत्सव के साथ साथ किया जाने कहा गया ताकि एबीपीएस में कन्वर्ट कराकर अधिक से अधिक मजदूरों को रोजगार उपलब्ध कराया जा सके। 7 मार्च को जिले की ग्राम पंचायतों में मनरेगा योजनान्तर्गत कुल 10 हजार से अधिक मजदूर कार्य किए । ग्रामीण जाबकार्ड धारी परिवारों को रोजगार दिवस के उपलक्ष्य में आधार सक्षम भुगतान प्रणाली से होने वाले फायदे को जानकारी विस्तृत रूप से समझाई गई।

### सेना भर्ती के लिए ऑनलाइन पंजीयन 20 मार्च तक

**उत्तर बस्तर कांकेर 13 मार्च।** जिला सैनिक कल्याण अधिकारी ले. कर्नल उदया कुमार टी. (सेवानिवृत्त) ने जानकारी दी है कि सेना भर्ती हेतु पंजीयन 15 मार्च से बढ़ाकर 20 मार्च निर्धारित की गई है, जिले के इच्छुक अभ्यर्थी सेना भर्ती के लिए ऑनलाईन पंजीयन कर सकते हैं। सेना भर्ती के लिए लिखित परीक्षा 15 अप्रैल के बाद होगी। लिखित परीक्षा में उत्तीर्ण होने वाले उम्मीदवारों को ही भर्ती रैली में शामिल किया जायेगा।इच्छुक उम्मीदवार विभागीय वेबसाईट में ऑनलाईन पंजीयन कर सकते हैं। पंजीकरण प्रश्नों के लिए अभ्यर्थी वेबसाइट पर ईमेल कर सकते हैं या ऑनलाइन सीईई प्रश्नों के लिए jia-helpdeskw®wx@gmail.com पर और मोबाइल नंबर 79961-57222 पर भी संपर्क किया जा सकता है। अधिक जानकारी के लिए सेना भर्ती कार्यालय रायपुर के दूरभाष नंबर 0771-2965213 पर भी संपर्क कर सकते हैं।

### वन खेलकूद प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन



**उत्तर बस्तर कांकेर 13 मार्च।** अखिल भारतीय 26वें वन खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी पंचकुला हरियाणा में विभिन्न खेलकूद का आयोजन किया गया। कांकेर वन मंडल अंतर्गत कोरर उप वनमंडल में लिपिक पद पर पदस्थ श्री सालिक राम साहू ने पावर लिफ्टिंग तथा वेट लिफ्टिंग प्रतियोगिता में 55 किलोग्राम वर्ग में 3 स्वर्ण पदक हासिल किये हैं। वहीं वनमंडल अंतर्गत कांकेर परिक्षेत्र में कार्यरत महिला वनरक्षक सुश्री निरूपा सलाम ने भी पावर लिफ्टिंग तथा वेट लिफ्टिंग प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 63 किलो ग्राम वर्ग तथा 64 किलोग्राम वर्ग में एक स्वर्ण पदक तथा एक रजत पदक पर कब्जा किया है। वहीं कुमारी मंजूलता शोरी ने 45 किलोग्राम वर्ग तथा 47 किलोग्राम वर्ग में 02 स्वर्ण पदक जीतकर वनमंडल कांकेर का ही नहीं अपितु राज्य को भी गौरवान्वित किया है। महिला कर्मचारियों के द्वारा पावर लिफ्टिंग व वेट लिफ्टिंग प्रतियोगिता में सफल होने पर संपूर्ण वन अधिकारी व कर्मचारियों में हर्ष का माहौल है।

### मोर आवास मोर अधिकार विषय पर भाजपा मंडल की बैठक सम्पन



**जामुल 13 मार्च।** आज भाजपा मंडल अध्यक्ष श्री जोगेश्वर सोनी जी के नैतृत्व में मोर आवास मोर आधीकर रोक के रखे हे भूपेश सरकार के विषय मे बैठक सम्पन हुई जिसमें मुख्यअतिथि श्री प्रेमलाल साहू जी भाजपा महामंत्री जिला भिलाई, विशेष अतिथि श्री रेखराम बंछोर जी जिलाउपाध्यक्ष, अध्यक्षता श्री जोगेश्वर सोनी जी के उपस्तिथ में सम्पन्न हुआ। बैठक का विषय था विधानसभा घेराव जिसमे जामुल मण्डल द्वारा प्रेमलाल साहू जी से 2 बसें देने का प्रस्ताव भी पारित करवाया। इस बैठक में मुख्य रूप से श्री आकाश सिंह ठाकुर जी प्रदेश सदस्य युवा मोर्चा, श्री जितेंद्र साहू जी जिला उपाध्यक्ष युवा मोर्चा, महामंत्री नूतन वर्मा, उपाध्यक्ष अनिता साहू, अरुण यादव, दीपक सिंह,कोषाध्यक्ष सुभाष पंचाल, महिला मोर्चाध्यक्ष रूपेश्वरी वर्मा जी, मंत्री संजय यादव, शंकर साहू, कार्यालय प्रभारी भगवान सिंह चौहान, युवा शक्ति से सोनू यादव, अनूप राय, राम साहू, टिकेश्वर साहू, सुरेंद्र यादव, प्रियांशु वर्मा, शुभम गोस्वामी, आदि उपस्तिथ थे। कार्यक्रम का आभार प्रशान्त बंटी गुप्ता द्वारा किया गया।

# अनुभव के आदान - प्रदान से गरीबी उन्मूलन के गुर सीख रही महिलाएं

■ 18526 महिलाएं, 1960 एसएचजी समूह के 126 ग्राम संगठन का चल रहा वार्षिक अधिवेशन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बीजापुर 13 मार्च।** राष्ट्रीय ग्रामीण आजिविका मिशन अंतर्गत जिले में 1960 स्व सहायता समूहों का निर्माण हुआ है, जिनमें ग्रामीण क्षेत्र की कुल 18 हजार 5 सौ 26 महिलाएं जुड़कर वित्तीय लेन देन, वित्तीय बचत और अपनी आजिविका संवर्धन हेतु सामूहिक अथवा व्यक्तिगत रूप से कार्य कर रही है। वार्षिक अधिवेशन के जरिए ये महिलाएं एक दूसरे के अनुभव, बैक लिंकेज से मिले ऋण, व्यापार करने के अपने तौर तरीके, और समूह से जुड़ने के फायदे को एक मंच पर बांट रही हैं। यह वार्षिक अधिवेशन ग्राम संगठनों द्वारा मार्च माह तक चलेगा।

शुक्रवार को ग्राम पंचायत गोटाईगुड़ा में शिव सांई महिला संगठन से जुड़े स्व सहायता समूह की महिलाओं का वार्षिक अधिवेशन कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमे ग्राम पंचायत के जनप्रतिनिधि, ग्रामवासी, स्व सहायता समूह की महिलाएं अपने अनुभवों को बाटने के साथ वार्षिक अधिवेशन कार्यक्रम में योजना से जुड़ने से लाभ के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। जिन परिवार की महिलाएं स्व सहायता समूह से नहीं जुड़े हैं उन्हें समूह में जुड़ने हेतु प्रोत्साहित किया गया। साथ ही मनरेगा योजनांतर्गत हितग्राहियों को आधार सीडिंग करवाने के बारे में तकनीकी सहायक प्रियंका टोप्पो के द्वारा समझाया गया। इसके अलावा मनोरंजन एवं उत्साहवर्धन करने के लिए स्व सहायता समूह की महिलाओं का खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित किया गया, जिसमें रस्सी खींच, मटका फोड़, कुर्सी दौड़ कराया गया, कार्यक्रम के समापन में खेलकूद प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत भी किया गया। वर्ष भर ये समूह की महिलाएं अपने समूह में ही नियमित बैठक, लेन देन कर गरीबी उन्मूलन की दिशा में आगे बढ़ रही हैं।

### मौसम ने ली करवट, हल्की बूंदाबांदी से तापमान में आई गिरावट

**जगदलपुर, 13 मार्च।** उत्तर छत्तीसगढ़ से दक्षिणी कर्नाटक तक विस्तारित द्रोणिका की वजह से बस्तर के मौसम में भी बदलाव दिखाई दिया। तापमान गिरने के साथ-साथ बारिश और तेज हवाओं से लोगों ने कुछ राहत महसूस की है। मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक 14 मार्च तक मौसम पर असर रहेगा। बस्तर में विशेष तौर पर मध्य बस्तर में हल्की बूंदाबांदी के साथ कई जगह ओलावृष्टि और बारिश भी हुई है। असम में हुई बारिश की वजह से आम के शुरुआती फल झड़ने लगे हैं। इससे फसल को नुकसान की आशंका है। यह समय बस्तर में महुआ बीनने का भी है और तेज हवा हल्की बूंदाबांदी से महुवे को भी नुकसान हुआ है।

### कृषि विभाग ने ग्रीष्म कालीन फसल प्रदर्शन के लिए कृषकों को निःशुल्क उड़द बीज का वितरण किया

**कांकेर, 13 मार्च।** कृषि विभाग के आत्मा योजना अंतर्गत ग्रीष्म कालीन फसल प्रदर्शन उड़द ग्राम खैरखेडा में सरपंच हेमलता जुर्री के हाथो से निःशुल्क उड़द बीज का वितरण किया गया। कृषक शिवलाल, छाबे बाई , गनेशिया बाई, जयसिह तथा अन्य किसान उपस्थित रहे 7 धान के बदले अन्य फसल को बढ़ावा देने हेतु दलहन फसल लगवाने के साथ साथ उसके पोषड़ के बारे मे विस्तार पूर्वक बताया गया। इस अवसर पर प्रमिला मंडावी वरिष्ट कृषि विकास अधिकारी, देवेन्द्र कुंजाम, गोपाल कृष्ण अस्सिस्टेंट टेक्नोलॉजी मैनेजर एवं दिलीप तारम कृषक मित्र उपस्थित रहे।

# नवरत्न कंपनी एनएमडीसी बचेली लोडिंग प्लांट के रेक लोडर मशीन में लगी आग,करोड़ों की क्षति

■ एनएमडीसी परियोजना को हुआ करोड़ो का नुकसान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बचेली 13 मार्च।** लौहनगरी बचेली के नवरत्न कंपनी एन एम डी.सी परियोजना के लोडिंग प्लांट में स्थापित रेक लोडर मशीन की मरम्मत के दौरान लगी भीषण आग एनएमडीसी की सुरक्षा में तैनात सी आई एस एफ बल के दमकल विभाग ने बुझाई आग मिली जानकारी के अनुसार रवीवार दिनांक 12 मार्च को प्रथम पाली में रेक लोडर मशीन में मरम्मत का कार्य गैस वेल्डिंग के माध्यम से की जा रही थीं गैस वेल्डिंग की जलती हुई कण कन्वेयर बेल्ट में गिरने के कारण आग लगने की अनुमान लगाई जा रही हैं। मशीन में आग की लपटे को धड़कते हुए देख मरम्मत में लगे कर्मचारी कन्वेयर बेल्ट को काट कर मशीन से गिरा दिया और सी आई एस एफ दमकल विभाग को इसकी सूचना दी सूचना मिलते ही सीआईएसएफ के जवान अग्निशमन वाहन के साथ आनन-फानन में घटनास्थल पहुंच कर आग पर काबू पाया एवं रेक लोडर के स्टेकचर को अधिक नुकसान होने से बचा लिया लोडर की मदद से ही मालगाड़ी की बोगियों मे आयरन ओर लोड की जाती है परियोजना के लिए यह रेक लोडर मशीन अहम महत्वपुर्ण है। मार्च महीना में अपने वार्षिक लक्ष्य को पुर्ण करने के लिए मशीन की उपयोग तीनो पाली में अधिक से अधिक उपयोग कर लाभ लिया जाता है विदित हो कि लोडिंग प्लांट कभी बंद नही रहती है। घटना के बाद द्वितीय पाली से ही अधिकारी एवं कर्मचारी उक्त रेक लोडर मशीन की मरम्त कार्य में जुट गए हैं। राहत की बात यह है कि घटना के दौरान कार्य कर रहे अधिकारी कर्मचारी सुरक्षित हैं एवं किसी प्रकार का कोई हताहत नहीं हुई।

# दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**भिलाई 13 मार्च।** मोहन नगर थाना क्षेत्र में युवती से रेप का मामला सामने आया है। होली के दिन शंकर नगर निवासी बदमाश ने युवती को तेजाब से जलाने की धमकी दी और भिलाई के होटल में लेकर पहुंचा। यहां उसने युवती से रेप किया और किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी भी दी इस मामले में युवती ने रविवार को मोहन नगर थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। युवती की शिकायत पर मोहन नगर पुलिस ने धारा 342, 366, 376, 377, 506 (बी) के तहत अपराध दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है मोहन नगर टीआई विपिन रंगारी ने बताया कि 12 मार्च को पीड़िता ने थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई है पीड़िता ने बताया कि शंकर नगर दुर्ग निवासी सुनील महोबे ( 48 ) ने होली के दिन उससे रेप किया था। पीड़िता ने बताया कि सुनील महोबे ने उसे अकेला पाकर तेजाब फेंक कर जला देने की धमकी दी। धमकी देने के साथ ही उसने अपनी मोटर साइकिल में बिठाया और भिलाई पावर हाउस स्थित साई लॉज में लेकर पहुंचा। यहां पर सुनील महोबे ने युवती से जबरन शरीरिक संबंध बनाया और किसी बताने पर जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़िता ने बताया कि घटना के बाद वह काफी डर गई थी और घटना के चार दिन बाद इसकी शिकायत दर्ज कराई। मोहन नगर पुलिस ने इस मामले में अपराध दर्ज कर तत्परता से कार्रवाई की है आरोपी सुनील महोबे को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

## शिक्षक पद पर नई वरिष्ठता सूची से हो पदोन्नति

# 12 हजार सहायक शिक्षकों व 16 हजार शिक्षकों को मिलेगी पदोन्नति

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**नारायणपुर 13 मार्च।** छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन नारायणपुर के जिलाध्यक्ष अजय तिवारी ने शिक्षक पद पर पदोन्नति हेतु जनवरी 2023 की स्थिति में नई वरिष्ठता सूची बनाने की मांग की है, उन्होंने कहा है कि पूर्व में अप्रैल 2022 की स्थिति में सहायक शिक्षको की वरिष्ठता सूची जारी की गई है, जिसमे सैकड़ो शिक्षको की पदोन्नति हो चुकी है, ऐसे में पूरे प्रदेश में व्याख्याता, शिक्षक, प्रधान पाठक मिडिल, प्रायमरी की पद गणना जनवरी 2023 की स्थिति में किया जाकर नवीन वरिष्ठता सूची का प्रकाशन कर शीघ्र पदोन्नति किया जावे।

डीपीआई को भी चाहिए कि विभिन्न विषय के व्याख्याता पद पर पदोन्नति हेतु रिक्त पद जारी किया जावे तथा पहले व्याख्याता के पद पर पदोन्नति हो, जिससे सहायक शिक्षको को शिक्षक के ज्यादा पद पर पदोन्नति दिया जा सके।

छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष अजय तिवारी, प्रदेश संयोजक उमेश रावत, गणेश सिंग, जिला उपाध्यक्ष रोहित सहारे, जिला सचिव निर्भय साहु, श्यामसलोने शुक्ला, मानिकराम चिराम,हेमन्त बाम्बोडे, संतोष पात्र,ब्लॉक अध्यक्ष ओरछा, ने कहा है कि सहायक शिक्षक की वरिष्ठता सूची से हजारो सहायक शिक्षको की पदोन्नति प्रधान पाठक पद पर हो चुकी है, आगे शिक्षक पद पर पदोन्नति हेतु 1 जनवरी 2023 से सहायक शिक्षको की नई वरिष्ठता सूची बनाकर पदोन्नति प्रक्रिया पूर्ण किया जावे।

छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन द्वारा पदोन्नति के सम्बंध में शासन व डीपीआई को कई सुझाव भी दिया गया है, चूंकि उच्च न्यायालय से सभी याचिका को निराकृत किया गया है अतः एसोसिएशन के सुझाव व मांग पर उचित निर्देश जारी कर सम्पूर्ण पदों पर एकरूपता से शीघ्र पदोन्नति किया जावे। छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रदेशाध्यक्ष संजय शर्मा ने सचिव स्कूल शिक्षा विभाग, आयुक्त लोकशिक्षण संचालनालय से व्याख्याता पद पर जल्द पहले पदोन्नति करने की मांग की है।

छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के थीम पर छत्तीसगढ़ स्कूल शिक्षा सेवा (शैक्षिक एवं प्रशासनिक संवर्ग) भर्ती तथा पदोन्नति नियम 2019 में एल बी संवर्ग के लिए पदोन्नति में ( 5 वर्ष को शिथिल करते हुए 3 वर्ष ) वन टाइम रिलेक्सेशन देने का संशोधित राजपत्र 31 दिसंबर 2021 को जारी किया गया है, जिसे माननीय उच्च न्यायालय ने वन टाइम रिलेक्सेशन के निर्णय को सही ठहराया है। पदोन्नति हेतु पहले व्याख्याता, प्रधान पाठक पूर्व माध्यमिक शाला, उच्च वर्ग शिक्षक, प्रधान पाठक प्राथमिक शाला के पद पर क्रमशः पदोन्नति किये जाने से रिक्त पद की संख्या बढ़ेगी, जिससे अधिक से अधिक एल बी संवर्ग के शिक्षकों को पदोन्नति का लाभ प्राप्त हो पाएगा।

वर्तमान में प्राथमिक शाला प्रधान पाठक के 22 हजार पद में 18 हजार पदों पर पदोन्नति हो चुकी है। प्राथमिक शाला प्रधान पाठक के प्रतीक्षा सूची सहित 4 हजार पद, मिडिल स्कूल प्रधान पाठक के 06 हजार, व्याख्याता के 10 हजार, शिक्षक के 08 हजार पद सहित कुल 28 हजार पद पदोन्नति हेतु रिक्त है, अतः शिक्षा विभाग द्वारा एसोसिएशन के पत्र अनुसार अद्यतन वरिष्ठता सूची प्रकाशित कर तय समय सीमा में पदोन्नति आदेश जारी किया जावे।

### उसूर जनपद अध्यक्ष ने जनपद निधि से ग्राम पंचायत एंवम समाज को कुर्सी वितरण किया



**बीजापुर 13 मार्च।** उसूर जनपद अध्यक्ष सुश्री अनिता. तेलम ने आज रंग पंचमी के अवसर पर ग्राम पंचायत मुरदण्डा सहित महार समाज एंवम ईसाई समाज को समाजिक गतिविधियां को सुचारू रूप से संचालित करने के उददेश्य से चालीस चालीस कुर्सीयां का वितरण किया। इस मौके पर ग्रामीण पंचायत के प्रमुख व समाज के प्रमुख लोगों के अलावा जिला कांग्रेस कमेटी के सचिव वीरेन्द्र वासम ग्राम सरपंच आदि मौजूद. रहे इस दौरान सभी लोगों ने जनपद अध्यक्ष सुश्री अनिता तेलम का आभार जताया और धन्यवाद ज्ञापित किया।

### नक्सली मुठभेड़ में शहीद हुए प्रधान आरक्षक की प्रतिमा का अनावरण



**कुरूद 13मार्च।** बलिदानी नकुल ध्रुव की लगी प्रतिमा( गोंड समाज ने जताया अजय चंद्राकर का आभार) कुरूद नक्सली मुठभेड़ में शहीद हुए प्रधान आरक्षक गोड़ समाज के नकुल सिंह ध्रुव, के प्रतिमा के अनावरण के लिए कुरूद गोड़ समाज ने विधायक अजय चंद्राकर के प्रति ग्राम भैंसमुंडी के आदिवासी सामुदायिक भवन में कुरुद परिक्षेत्र, गोंड समाज का होली मिलन समारोह में आभार व्यक्त किया है !शासन से सहयोग नहीं मिलने के बावजूद विधायक अजय चंद्राकर ने अपने स्वयं के पैसे से शहीद नकुल सिंह ध्रुव की प्रतिमा को बनवाया है और उस प्रतिमा का अनावरण भी किया है उनके इस पुनीत कार्य से गोड़ समाज अपने को गौरवान्वित महसूस कर रहा है !और खुशी जाहिर करते हुए अजय चंद्राकर को धन्यवाद ज्ञापित कर आगे भी समाज को ऐसे ही सहयोग देने की अपेक्षा जाहिर की है! उनके इस पुनित कार्य के लिए समाज के बसंत ध्रुव ,तेजराम छेदया, हरिश्चंद्र मंडावी ,सरजू राम परते, भरोसा पडोटी, भुपेद्र,नेताम,बोधन छेदैया, लोकेश्वर नेताम ,जन्मेजय ध्रुव, पोखराज नेताम ,राधे मंडावी, मनी राम नेताम ,दौलतध्रुव, बालमुकुंद नेताम, श्यामलाल नेताम, उदेराम, बलिराम ध्रुव, राज कुमार ध्रुव, सुखीराम, धनीराम ,शनि ओटी,गोकुल , राधे लाल मंडावी, भगवान ने काम मनी रामस्वरूप, रोहित ध्रुव, श्री ईश्वर ध्रुव,कलीराम कुलेश्वर, जितेद्र आभार व्यक्त किया है!

### आदिवासी युवा बेरोजगारों को छलने व वाला बजट: नंद किशोर राणा



**बीजापुर 13 मार्च।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा राज्य विधानसभा में प्रस्तुत बजट को प्रदेश अनुसूचित जनजाति कार्यसमिति सदस्य एवं पार्षद बीजापुर नंदकिशोर राणा ने आधारहीन बजट बताकर विरोध जताया है। भूपेश बघेल सरकार ने बजट में प्रदेशवासियों के साथ आदिवासी वर्ग को छलने का काम किया है। बजट में बस्तर संभाग की पूरी तरह से अनदेखी की गई है। भाजपा नेता राणा ने कहा कि बीते चार वर्षो में कॉग्रेस सरकार छत्तीसगढ़ प्रदेश के नागरिकों से बजट के नाम पर केवल छलावा करती आ रही है। इस वर्ष भी जो बजट सरकार ने पेश किया इसमें आम आदमी, छोटे व्यापारी, घरेलू महिलाओं, मध्यम वर्गीय परिवार, शासकीय कर्मचारियों, पेंशनर्स, श्रमिक, छोटे-बड़े उद्यामियों के लिए कोई राहत नहीं दी गई है। प्रदेश कांग्रेस सरकार के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा प्रस्तुत बजट विकास की कोरी कल्पना, केवल चुनावी घोषणा, फाइलों तक सीमित और जनता को गुमराह करने की कलाकारी बजट है। इस बजट में बस्तरको अनदेखा कर संभाग की जनता को निराश कर हतोत्साहित किया गया है। नंदकिशोर राणा प्रदेश अनुसूचित जनजाति कार्यसमिति सदस्य एवं पार्षद बीजापुर ने कॉग्रेस जनप्रतिनिधियों द्वारा बजट को जन हितैषी एवं संभावनाओं को साकार करने वाला बताने पर अपनी तीखी प्रतिक्रिया में कहा है कि, झूठी सरकार का यह झूठा बजट है जो सरकार में आने से पहले 10 दिन के अंदर गंगाजल को लेकर जो कसम खाते हुए 36 वादे किए थे उस पर भी कोई ध्यान आकर्षित नहीं किया ।

### समिति की बैठक में रामनवमी आयोजन पर चर्चा



**नारायणपुर 13 मार्च।** 11 मार्च को जगदीश मंदिर के प्रांगण में श्रीरामनवमीं आयोजन समिति की पहली बैठक संपन्न हुई, जिसमें सभी वरिष्ठजनों ने अपने- अपने सुझाव रखे। जिसके बाद समिति के संरक्षक,पदाधिकारियों व सदस्यों ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि इस वर्ष 30 मार्च को रामनवमीं का भव्य आयोजन किया जाएगा,जिसमें शहर के सहारे चौक-चौराहों और मुख्य मार्गो को भगवामय किया जाएगा साथ ही सर्व हिंदू समाज एवं अन्य समाज प्रमुखों से मिलकर उनकी भी सहभागिता सुनिश्चित करने का प्रयास किया जाएगा। इस वर्ष रामनवमीं आयोजन समिति द्वारा झांकी प्रतियोगिता का भी आयोजन किया जाएगा, जिसमें किसी भी वार्ड-मोहल्ले एवं पंचायतों के लोग,समितियां, मंदिर समितियां एवं अन्य कोई भी इसमें भाग ले सकता है, जिसमें प्रथम पुरस्कार - 31000, द्वितीय पुरस्कार- 21000, तृतीय पुरस्कार- 11,000 दिया जाएगा, साथ ही प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी झांकियों को 5000 का सांत्वना पुरस्कार दिया जाएगा। इस अवसर पर रामनवमीं आयोजन समिति के संरक्षक धनराज जैन, बृजमोहन देवांगन,आलोक झा और अध्यक्ष मनीष राठौर सहित समिति के अन्य सदस्यों ने अपनी-अपनी बात रखी।इस अवसर पर चिराग ठाकुर, अभिषेक झा,अनूप वर्मा,राजेंदर सिंह,राजेश साहू, कमल कोर्राम, शैलेश साहू, खेमू साहू,अमृत सरकार,राम किंकर सिंह, नित्यानंद जायसवाल,संतोष जायसवाल,प्रशांत देवांगन, जसप्रीत सिंह,श्रीजल मिश्रा सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

### 16 दिव्यांग बच्चों का बना मेडिकल सर्टिफिकेट

**अम्बिकापुर 13 मार्च ।** बतौली जनपद के 16 दिव्यांग बच्चों को मेडिकल बोर्ड के द्वारा जांच उपरांत मेडिकल सर्टिफिकेट बना कर दिया गया। बच्चों के मेडिकल सर्टिफिकेट बन जाने से अब कई योजनाओं का लाभ ले सकेंगे। सर्व शिक्षा अभियान के जिला समन्वयक श्री रविशंकर तिवारी ने बताया कि विगत शुक्रवार को बतौली विकासखण्ड के 16 दिव्यांग बच्चों को मेडिकल बोर्ड के समक्ष जांच के लिए लाया गया जिसमें से जांच के पश्चात 10 दिव्यांग बच्चों का मेडिकल सर्टिफिकेट मेडिकल बोर्ड द्वारा बनाया गया जिसे उसी दिन छात्रों को वितरित कर दिया गया। इसी प्रकार शनिवार को 12 में से 3 दिव्यांग बच्चां को मेडिकल सर्टिफिकेट ढिया गया। 2 श्रवण बाधित बच्चों को कान के लिए दवाई दिया गया तथा 3 अल्पदृष्टि बच्चों को सर्जरी के लिए चिन्हित किया गया। ज्ञातव्य है कि कलेक्टर श्री कुन्दन कुमार ने निर्देशानुसार जिले के दिव्यांग स्कूली बच्चों की जांच अम्बिकापुर में मेडिकल बोर्ड द्वारा कराया जा रहा है।

## एक नजर

### अंतराष्ट्रीय महिला सप्ताह में विधिक जागरुकता शिविर आयोजित

**महासमुंद, 13 मार्च।** नालसा के निर्देशानुसार एवं महिला आयोग के सहयोग से महिलाओं के लिए अंतराष्ट्रीय महिला सप्ताह का आयोजन 4 मार्च से 11 मार्च 2023 तक जिला विधिक सेवा प्राधिकरण तथा तालुका विधिक सेवा प्राधिकरणों के माध्यम से किया जाएगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव दामोदर प्रसाद चन्द्रा द्वारा जानकारी दी गई कि अंतराष्ट्रीय महिला सप्ताह के अवसर पर जिले के विभिन्न ग्राम पंचायतों एवं शिक्षण संस्थानों में यह शिविर आयोजित किया जाएगा। इसी तारतम्य में 10 मार्च 2023 को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण महासमुंद द्वारा लभरा स्थित आईटीआई केन्द्र में विधिक जागरुकता शिविर आयोजित किया गया। इस अवसर सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण महासमुंद दामोदर प्रसाद चन्द्रा द्वारा महिलाओं से संबंधित होने वाले अपराध तथा उनके अधिकारों के बारे में विस्तापूर्वक जानकारी दी गई। इसके अलावा राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली तथा छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के विभिन्न योजनाओं जैसे पीड़ित क्षतिपूर्ति योजना, महिला हेल्प लाईन नंबर, लैगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम, बच्चों की देखरेख एवं संरक्षण आदि के बारे में चर्चा की गई। इसके अलावा लीगल डिफेंस कौसिल सिस्टम के अधिवक्ता अरूण कुमार पटेल, संजीव पंडा तथा श्रीमती ईश्वरीय निषाद द्वारा छात्रों को विधिक जानकारीयां प्रदान की गई। इस अवसर पर आईटीआई के शिक्षकगण उपस्थित रहे।

### किसान सम्मेलन में संसदीय सचिव ने किया किसानों को शाल, श्रीफल से सम्मानित

**महासमुंद।** संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने ग्रामीण सेवा सहकारी समिति नरतोरा द्वारा आयोजित किसान सम्मेलन शामिल होकर किसानों का साल-श्रीफल से सम्मान किया। शनिवार को ग्रामीण सेवा सहकारी समिति नरतोरा द्वारा किसान सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसके मुख्य अतिथि संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर थे। अतिथि के रूप में पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के अध्यक्ष दारा साहू, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष खिलावन साहू, ग्रामीण सेवा सहकारी समिति नरतोरा के अध्यक्ष राजू दिवान, जनपद सदस्य हेमंत डड़सेना, खोम सिन्हा, मायाराम टंडन, राजा गंभीर, दिलीप चंद्राकर, माणिक साहू, रमन सिंग ठाकुर, लेड़गा साहू, हुमन दीवान, कृष्ण कुमार नर्मदा, गंगाराम पटेल, रामजी ध्रुव, डागा राम साहू मौजूद थे।

अपने संबोधन में संसदीय सचिव श्री चंद्राकर ने भूपेश सरकार को किसान हितैषी सरकार बताते हुए कहा कि प्रदेश सरकार ने किसानों का कर्जमाफी के साथ ही वादे के मुताबिक समर्थन मूल्य में धान की खरीदी कर रही है। जिससे किसानों की आय में बढ़ोत्तरी हुई है। किसानों के हित में राज्य सरकार ने कई महत्वपूर्ण फैसले लिए हैं। किसानों को कृषि उपजों का सर्वाधिक मूल्य दिया गया है। प्रदेश में तिलहन, दलहन और कोदो-कुटकी की भी ख़रीदी समर्थन मूल्य पर की जा रही है।

किसानों को सभी न्याय योजनाओं की किश्त समय पर मिल रही है। राज्य सरकार की किसान हितैषी योजनाओं से अन्नदाता खुशहाल है। उन्होंने कहा कि किसानों के हितों में ध्यान रखते हुए विधानसभा क्षेत्र में नवीन धान खरीदी केंद्र के लिए स्वीकृति दिलाई गई है। उनके विधायकी कार्यकाल में बड़गांव, कोसरंगी, अचानकपुर, अछोला, सरईपाली, डुमरपाली, सलिहाभाठा व मालीडीह में नवीन धान खरीदी केंद्र की सौगात मिली है।

### महुआ बीनने के लिए आग लगाने पर 6000 रुपए जुर्माना देना होगा

**सुकमा, 13 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** वनाग्नि का सीजन चालू हो चुका है। वनों में लग रहे आग की गंभीर समस्या से निपटने के लिये वनमण्डल सुकमा, परिक्षेत्र सुकमा बीट पाकेला, वन प्रबंधन समिति पाकेला के सदस्यों ने बैठक कर सर्वसम्मति से यह प्रस्ताव पारित किया है कि वनों में शिकार, महुआ फूल संग्रहण या तेंदुपत्ता के लिये या कोई अन्य कारण से किसी व्यक्ति के द्वारा आग लगाया जाता है तो उसके उपर 6000 रू. का जुर्माना (अर्थदण्ड) लगाया जावेगा तथा इसकी सूचना देने वाले को 1000 रू. प्रोत्साहन राशि दिया जावेगा।वन प्रबंधन समिति की बैठक में वन परिक्षेत्र अधिकारी सुकमा श्री गुलशन कुमार साहू सहायक परिक्षेत्र अधिकारी पाकेला श्री धनसिंह जीराम परिसर रक्षक हरिश कुमार पदामी तथा अध्यक्ष वन प्रबंधन समिति पाकेला श्री रामदेव नाग, ग्राम सरपंच श्रीमती बुधरी बाई तथा गांव के अन्य बणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

उल्लेखनीय है कि ग्राम पाकेला वन प्रबंधन समिति के सदस्यों द्वारा स्वस्फूर्त रूप से टीम बनाकर प्रतिदिन वन भ्रमण किया जाता है तथा वनों में अवैध कटाई, अतिक्रमण तथा अवैध शिकार पर ग्राम स्तर पर ही प्रभावी रूप से रोकथाम कर विभाग को सहयोग किया जाता है। वन संरक्षण के प्रभावी प्रयासों को लेकर समय समय पर वन प्रबंधन समिति पाकेला की प्रशंसा जिला स्तर तथा राज्य स्तर के अधिकारियों के द्वारा भी की जसार रही है।

---

**केंद्र सरकार का महंगाई पर कोई अंकुश नहीं:साहू , हाथों से हाथ जोड़ने की पदयात्रा अंतिम चरण में**

# हाथों से हाथ जोड़कर ही देश को मजबूत किया जा सकता है:पांडे







■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**गरियाबंद, 13 मार्च।** हाथ से हाथ जोड़ो कांग्रेस की यात्रा अब विकासखंड के 65 बूथों में अंतिम दौर से गुजर रही है इस यात्रा के प्रभारी युगल किशोर पांडे एवं जिला कांग्रेस अध्यक्ष भाव सिंह साहू ने 8 किलोमीटर की पदयात्रा करते हुए लगभग 5 स्थानों पर सभा को संबोधित करते हुए कहा राहुल गांधी के बताए रास्ते पर ही देश उन्नति और विकास कर सकता है। भाजपा आज पूरे देश में जातीय भेदभाव को बहुत बढ़ावा देते हुए लोगों में वैमनसता फैलाने का कार्य कर रही है केंद्र के भाजपा के चलते ही सिलेंडर के दाम 1000 से ऊपर हो चुके हैं पेट्रोल 100 के पार चला गया है महंगाई लगातार बढ़ रही है जनता त्रस्त है और भाजपा के खास कहे जाने वाले चंद पूंजीपति लोग देश को लूट रहे हैं चाहे वह एरोड्रम हो चाहे रेलवे स्टेशन हो सब कुछ बिक चुका है निजी हाथों में जा रहा है । केंद्र सरकार देश को बर्बाद करने में जुटी हुई है ।इस अवसर पर सभा को संबोधित करते हुए जिले के यात्रा के प्रभारी युगल किशोर पांडे ने कहा कि अब स्थिति यह हो गई है कि केंद्र सरकार यह समझती है की सिर्फ जातिवाद के बदौलत ही यहां टिका पाना संभव है यही वजह है कि वह लगातार विभिन्न जाति वादों का जहर घोल में लगी हुई है देश में आज जो महंगाई है उस पर केंद्र सरकार रोक पाने में असमर्थ साबित हो रही है।छत्तीसगढ़ की भूपेश सरकार ने जो छत्तीसगढ़ में विकास किया है यह एक उल्लेखनीय उपलब्धि है जिसकी सभी तारीफ कर रहे हैं अब समय आ गया है आम लोगों को समझने का और लोगों के हाथ से हाथ जोड़कर आगे बढ़ने का। इस अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष भाव सिंह साहू ने कहा की राहुल गांधी के बताए रास्ते पर ही देश आगे बढ़ सकता है केंद्र की सरकार सिर्फ आम जनों के बीच भ्रम फैलाकर ठग रही है यह केंद्र की सरकार लोगों को आपसी वैमनस्यता बढ़ाकर टकराहट की स्थिति पैदा कर रही है हिंदू कभी भी खतरे में नहीं रहा है आज केंद्र सरकार बहुसंख्यको को खतरे में बतला कर लोगों के बीच भ्रम की स्थिति पैदा कर भाजपा को मजबूत करने में जुटी है किंतु वह भूल रही है आम जनता सब समझती है और चुनाव में इसका बदला लेगी भूपेश सरकार के कार्यो का जो असर छत्तीसगढ़ पर पड़ा है उसका परिणाम चुनाव में देखने को मिलेगा और लोग निश्चित रूप से पुनः कांग्रेस की सरकार छत्तीसगढ़ में लाएंगे और इस बार लोकसभा में भी कांग्रेस की सरकार आएगी यह निश्चित है इस अवसर पर सभा को हफीज खान पिंटू अमित मिरी संदीप सरकार मुकेश रामटेके के साथ अनेक लोगों ने संबोधित किया सभा का संचालन अमित मिरी ने किया तथा आभार प्रदर्शन ग्राम सरपंच वीरेंद्र कुमार ने किया

---

**होली मिलन**



### होली मिलन समारोह में जुटी समाज की महिलाएं

**खरसिया।** अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन खरसिया की महिलाओं ने होली मिलन समारोह मनाया। बीते शुक्रवार को सांवड़ वाली दादी मंदिर में बहुत ही शानदार और उत्साह के साथ फूलों की होली खेली गई एवं मनोरंजक गेम व लजीज व्यंजनों का लुत्फ उठाते हुए होली मिलन समारोह संपन्न हुआ।

---

# नक्सलियों ने मुखबिर के शक में की ग्रामीण की हत्या

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**गरियाबंद, 13 मार्च।** अमलीपदर थाना क्षेत्र के खरीपथरा के रहने वाले एक ग्रामीण की नक्सलियों ने हत्या कर वहीं उदंती सीतानाडी एरिया कमेटी माओवादियों ने एक पर्चाँ छोड़कर इस घटना की जिम्मेदारी लेते हुए कहा है कि उक्त व्यक्ति पुलिस का मुखबिर था इसलिए इसकी हत्या की गई है और भी इसके इसे कई बार मना किया गया है किंतु यह नहीं मान रहा था इस पर्चाँ में कुछ अन्य लोगों के भी मुखबिर होने की बात कही है. पुलिस ने रामदेव की लाश को कब्जे में लेकर पीएम हेतु उसे भेज दिया है शेरों रामदेव को तीन वर्दीधारी नक्सली अगवा कर ले गए थे. रविवार जब घर वाले जंगल की ओर ढूंढने निकले तो अमलिपदर थाना से करीब 15 किलोमीटर दूर ओड़िशा-नवरंगपुर जिले की सीमा से सटे जंगल में उसका शव पड़ा हुआ मिला. इसके अलावा मौके पर नक्सलियों के फेंके गए पर्चे भी मिले हैं. जिसमें उदंती एरिया कमेटी ने मुखबिर होने के कारण मौत की सजा देने का उल्लेख किया है अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक चंद्रेश ठाकुर ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि मृतक के शरीर में बाहरी चोट के कोई निशान नहीं मिले हैं. ऐसा लगता है कि रस्सी से गला घोंटा गया होगा,. उक्त घटना उदंती सीता नदी माओवादियों की एरिया कमेटी ने किया है और पर्चाँ भी प्राप्त हुआ है जिसमें उन्होंने इस घटना की जिम्मेदारी ली है मामले में अज्ञात नक्सलियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है. अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक चंद्रेश ठाकुर ने आगे बताया कि ओड़िशा-सीमावर्ती इलाकों में नक्सली मूवमेंट के चलते यह घटना हुई है जिले में लगातार सर्चिंग किया जा रहा है।लंबे समय के बाद नक्सलियों ने अपनी उपस्तिथि दर्ज कराई है. उल्लेखनीय है इससे पूर्व भी इसी गांव के आसपास एक अन्य ग्रामीण की हत्या नक्सलियों ने की थी वही इसी क्षेत्र में कुछ दिन पूर्व निर्माण कार्य के समय जेसीबी व अन्य मशीनों को नक्सलियों ने जलाया भी था।

---

# भाजपा की बैठक में बूथ सशक्तिकरण पर जोर



**महासमुंद,13 मार्च।** भाजपा जिला कार्यालय महासमुन्द में 11 मार्च को विधानसभा के प्रभारी प्रफुल्ल विश्वकर्मा के मार्गदर्शन में बूथ सशक्तिकरण अभियान को लेकर भाजपा शहर मण्डल की आवश्यक बैठक हुई।बैठक के प्रारम्भ में मार्गदर्शन के लिए उपस्थित प्रफुल्ल विश्वकर्मा सहित मंचस्थ वरिष्ठ भाजपा पदाधिकारियों ने भारत माता, पंडित दीनदयाल उपाध्याय, डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर बैठक की शुरुआत की। बैठक में भाजपा शहर मण्डल अध्यक्ष सतपाल सिंघ पाली द्वारा शहर मण्डल के 10 शक्ति केन्द्रों और 46 बूथों से सम्बंधित जानकारी और कार्यो का उल्लेख किया। बूथ सशक्तीकरण अभियान को लेकर भाजपा शीर्ष संगठन द्वारा मिले दिशानिर्देश अनुसार कार्यो को शक्ति केन्द्रों के बूथों में प्रभावी और सफलतापूर्वक संपन्न करने मार्गदर्शन देते हुए विधानसभा प्रभारी प्रफुल्ल विश्वकर्मा ने कहा कि चुनावी समर में बूथ एक महत्वपूर्ण शक्तिशाली प्रारम्भिक इकाई है। जिसमें प्रत्येक बूथ पर विजय भाजपा के कार्यकर्ताओं का संकल्प और लक्ष्य है। प्रफुल्ल विश्वकर्मा ने बूथ सशक्तिकरण अभियान के कार्यो की विस्तारपूर्वक जानकारी देते हुए बताया कि आगामी 15 मार्च को भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ प्रदेश की भूपेश बघेल सरकार की उदासीनता के चलते प्रधानमंत्री आवास योजना से वंचित हितग्राहियों द्वारा विधानसभा घेराव किया जाना है। पश्चात 17 से 27 मार्च तक शक्तिकेन्द्रों और बूथों में कार्यक्रम सम्पादित होना है। जिसमें सभी की एकजुटता से भागीदारी सुनिश्चित होना चाहिए। बैठक का संचालन महामंत्री प्रकाश शर्मा एवम आभार महामंत्री एमआर विश्वनाथन ने किया।बैठक में प्रमुख रूप से पूर्व राज्यमंत्री पूनम चंद्राकर, पूर्व जिलाध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर, पूर्व जिलाध्यक्ष इंद्रजीत सिंह गोल्डी, जिला महामंत्री प्रदीप चंद्राकर, सांसद प्रतिनिधि संदीप दीवान, नगर पंचायत अध्यक्ष राकेश चंद्राकर, जिला उपाध्यक्ष पवन वर्मा, राजू सिन्हा, धरम साहू, देवी चंद राठी, गोपाल वर्मा, रमेश साहू, अरुण साहू, निरंजना शर्मा, माधव टकशाले, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष सुधा साहू, सुनीता देवांगन, पार्वती साहू, उत्तरा प्रहरे, पार्षद हेमलता यादव, मधु यादव, शुभ्रा शर्मा, सुनीता साहू, प्रेम चंद्राकर, देवेंद्र चंद्राकर, पार्षद संदीप घोष, दिनेश रुपरेला, अमन वर्मा, अमित साहू, नरेंद्र गिरी, हनीश बग्गा, लाल विजय सिंह देव, राकेश श्रीवास्तव, राकेश सचदेव, अनुज पांडे, चंद्रशेखर बेलदार, फगवा पटेल, विकी गुरुदुत्ता, मनोज यादव सहित शक्तिकेन्द्रों के प्रभारी, संयोजक, सह संयोजक, अल्पकालिक विस्तारक और मंडल में गठित 5 सदस्यीय समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

---




### गोंगला में जिले का दूसरा जल उत्सव समारोह

**सुकमा, 13 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** ग्राम गोंगला में जिले का दूसरा जल उत्सव समारोह कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अथिति जिला पंचायत के अध्यक्ष हरीश कवासी ने किया। उन्होंने पानी टंकी का उद्घाटन करते हुए कहा कि जितना उपयोग है पानी का उतना ही उपयोग करने के बारे में अवगत कराया।लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारियों ने ग्रामीणों को अवगत कराया कि जल जीवन मिशन का उद्देश्य ना केवल हर घर स्वच्छ जल देना है बल्कि पंचायतों में बनी ग्राम एवं स्वच्छता समिति को पेयजल व्यवस्था के संचालन एवं रखरखाव के प्रति सशक्त भी बनाना है ताकि ग्रामीण जन सामुदायिक भागीदारी के साथ अपने स्तर पर ग्राम सभा के माध्यम से जल कर एवं जल वितरण की समयावधि निर्धारित कर स्वामित्व की भावनाओं के साथ कार्य योजना को आगे बढ़ाये।साथ ही पेयजल की गुणवत्ता के प्रति भी हर ग्रामीण को जागरूक रहने को बताया गया क्योंकि पानी सीधा हमारे स्वास्थ से जुड़ा है अगर पानी स्वच्छ रहेगा तभी हम बीमारियों से छुटकारा पा सकते हैं। इस अवसर पर योग आयोग के सदस्य श्री राजेश नारा, उपाध्यक्ष जिला पंचायत श्री बोददू राजा, सरपंच श्री आयता राम बुंगारी सहित अन्य उपस्थित थे।

### प्राथमिक शाला गोलागुड़ा के बच्चों ने किया शैक्षणिक भ्रमण



**सुकमा, 13 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** प्राथमिक शाला गोलागुडा के बच्चे आज तुंगल डेम में शैक्षणिक भ्रमण के लिए पहुंचे। आज बच्चे अपने प्रधान अध्यापिका श्रीमति जयमाला राम, शिक्षक श्री रामभुवन नेताम, स्कूल की पूर्व शिक्षिका भगवती देशमुख, रसोईया श्रीमती फूलमती, श्रीमती अनिता, स्वेच्छक राजा सोढ़ी के साथ स्कूल से तुंगल डेम के लिए पैदल निकले। रास्ते में दिशा सूचक चिन्हों के माध्यम से पगडंडी मार्गों से होते हुए शिक्षकों द्वारा दी गई चुनौतियों को पुरा करते तुंगल डेम पहुंचे।रास्ते के लिए शिक्षकों ने बच्चों के लिए विभिन्न चुनौती दे रखी थी। जैसे हर 200 मीटर की दूरी पर एक पर्ची तलाश करनी होती, उस पर्ची पर चुनौती लिखी हुई होती, जिस पर बच्चों को अमल करना होता था, बच्चे पर्ची को ढूंढ कर चुनौती पूर्ण करते थे। इन चुनौती में सरस्वती वंदना गाना, अंग्रेजी कविता सुनाना, लोक नृत्य करना, लोक गीत गाना, हिंदी कविता सुनाना, पहाड़ा सुनाना, विभिन्न जानवरों के आवाज निकलना, विभिन्न फलों के नाम बतलाना हिंदी व अंग्रेजी में आदि। इन सभी छोटी छोटी चुनौतियों को हल करते बच्चों ने पैदल सफर को रोमांचित और रोचक बना डाला।तुंगल डेम पहुंच कर बच्चे चिल्ड्रन पार्क में झूला झूल कर खूब मौज मस्ती किए। इसके पश्चात तुंगल डेम में सभी बच्चे, शिक्षक, कर्मचारियों ने बोटिंग का आनंद लिया। इन बच्चों में 90त्न बच्चे कभी बोटिंग नहीं किए थे। इसलिए बोटिंग के दौरान बच्चे रोमांचित दिखे। तुंगल डेम में स्कूल के शिक्षकों ने बच्चों को पर्यावरण, पेड़, पौधे, डेम, जानवरों आदि के बारे में जानकारी दी।

### 0से 5 तक के बच्चों को विटामिन ए की खुराई पिलाई



**सुकमा, 13 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** क्रमांक 9 में भाजपा के पर्सद दीपक नेताम एवं स्वास्थ्य विभाग की टीम के द्वारा वार्ड में शिविर लगाया गया, जिसमें 0 से 5 साल तक के बच्चों को नियमित टीकाकरण एवं विटामिन ए की खुराक पिलाई गई और आयरन सिरप भी वितरण किया गया जिसमें ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक माननीय श्री भूपेंद्र अधिकारी वं वार्ड क्रमांक 9 (बीजेपी) के पार्षद दीपक नेताम भी उपस्थित होकर वार्ड में निवास करने वाले वार्ड वासियों को परिवार के छोटे ब'चों को टीका लगाने के लिए निवेदन वं छोटे-छोटे ब'चों के स्वास्थ्य के बारे में चिंता जताई।

---

# बालवाडी सजाने से प्रधानपाठको के हाथ फिर रह गए खाली

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**पत्थलगांव, 13 फरवरी।** शासकीय स्कूलों में जैसे ही बालवाडी सजाने के नाम पर प्रधानपाठको के खाते मे शासन की ओर से रूपये जमा हुये वैसे ही बी.आर.सी.सी कार्यालय में बैठे जिम्मेदार लोग अपने पद की गरिमा भूलकर ठेकेदारी करने मे उतर आये। प्रधानपाठक बालवाडी सजाने के काम से एक बार फिर अछुते रह गये,उनके खाते में रूपये जरूर आये,परंतु उसका लाभ बी.आर.सी.सी कार्यालय मे बैठे जिम्मेदार लोग ठेकेदार बनकर उठा रहे है,इस बात से प्रधानपाठक काफी आहत हुये है,उनके द्वारा बी.आर.सी.सी कार्यालय के जिम्मेदार लोगो की खुलकर शिकायत की जा रही है,परंतु सामने आकर बोलने से वे हिचक रहे है। उनका कहना है कि बी.आर.सी.सी कार्यालय में बैठे जिम्मेदार लोग जिले के अधिकारियों के नाम पर दबाव बनाकर उनके हक का काम अपने द्वारा निर्धारित किये पेंटरो से करा रहे है। प्रधानपाठको का कहना है कि स्कूलो मे जहा बालवाडी का काम घटिया स्तर का हो रहा है,वही पंद्रह हजार रूपये की राशि मे कई हिस्सेदार बन बैठे है,उन्होने दबि जुबान बताया कि पांच हजार रूपये की राशि का कार्य कराकर पांच हजार रूपये बी.आर.सी.सी कार्यालय के जिम्मेदार लोगो के अलावा पांच हजार रूपये की वसूली जिले के अधिकारीयों के नाम पर की जा रही है,इसके लिए बी.आर.सी.सी के जिम्मेदार लोगों द्वारा प्रधानपाठको पर जिले के अधिकारीयों के नाम का दबाव बनाया जा रहा है। प्रधानपाठक इस बात की शिकायत दबि जुबान कर तो रहे है परंतु अपने उच्च अधिकारीयों का नाम सामने आने पर वे खुलकर बोलने से हिचकिचा भी रहे है।।

**जाबो बालवाडी बढाबो शिक्षा के गाडी-:**छ.ग. की भूपेश सरकार द्वारा नयी शिक्षा नीति के तहत पांच से छः वर्ष की आयु तक के बच्चो के लिए बालवाडी नामक महत्वकांक्षी योजना की शुरूवात की गयी है,परंतु जिम्मेदार लोगो के लालच की वजह से जशपुर जिले मे यह योजना सरकार के मुंह पर कालिक पोतने का काम कर रही है। मिली जानकारी के अनुसार छ.ग. सरकार द्वारा 5173 बालवाडी के साथ इस योजना की शुरूवात की है,जिसमे बच्चो के सिखने एवं समझने की क्षमता का विकास किया जाना है,फिलहाल इस योजना के तहत स्कूल परिसर मे स्थित आंगनबाडियों को बालवाडी मे तब्दील किया जा रहा है। शासन की इस महत्वकांक्षी योजना के तहत ब्लाक के 103 स्कूलो मे बालवाडी बनायी जानी है,परंतु बालवाडी की शुरूवात मे ही जिम्मेदार लोगो द्वारा अपने फायदे के लिए शासन की मंशा पर धूल झोंकने का काम शुरू कर दिया गया है।।

**नही रुक रही ठेकेदारी प्रथा-** शासकीय स्कूल के प्रधानपाठक लंबे समय से शिक्षा विभाग मे बैठे अधिकारीयों के लालच का शिकार हो रहे है,जिसका खामियाजा उन्हे घटिया कार्य की बदौलत भुगतना पडता है,बालवाडी सजाने का काम के लिए प्रधानपाठक के रूपयो का बी.आर.सी.सी के जिम्मेदार लोगो द्वारा गलत तरीके से इस्तेमाल करने की यह कोई पहली घटना नही है,इससे पूर्व भी प्रधानपाठको के खाते मे अनुदान राशि आते ही बी.आर.सी.सी मे बैठे जिम्मेदार लोग ठेकेदार बनकर प्रधानपाठको के हक पर डाका डालने का काम शुरू कर दिये थे,उस दौरान भी प्रधानपाठको की शिकायत मे कुछ जिम्मेदार लोगो पर कार्यवाही की गाज गिरी थी। अब फिर ऐसा ही मामला बी.आर.सी.सी कार्यालय से उठने के बाद प्रधानपाठक जांच के साथ-साथ दोषियो पर कार्यवाही की मांग कर रहे है,अब देखना है कि जिले मे बैठे अधिकारीयों के नाम पर बनाया जा रहा दबाव की कडी मे किस जिम्मेदार पर कार्यवाही की गाज गिरती है।।

**दो सरकार को लगा रहे चूना-**:बी.आर.सी.सी की ओर से निर्धारित किये गये पेंटरो द्वारा स्कूल के प्रधानपाठको को पंद्रह हजार रूपये के बिल थमाये जा रहे है,प्रधानपाठक बगैर जी.एस.टी के बिल पर भी आपत्ति दर्ज किये है। उनका कहना था कि बी.आर.सी.सी कार्यालय से मिलीभगत कर घटिया कार्य करने वाले पेंटर बगैर जी.एस.टी. का बिल देकर केन्द्र एवं राज्य सरकार के राजस्व की चोरी करते हुये दोनो सरकार को चुना लगाने का कार्य कर रहे है।

प्रधानपाठको का कहना है कि बी.आर.सी.सी कार्यालय के दबाव मे आकर उनके द्वारा पंद्रह हजार रूपये के बगैर जी.एस.टी.वाले बिल लेकर भुगतान कर दिया जायेगा,परंतु आगामी समय मे होने वाले ऑडिट के दौरान ये बिल उनके गले का फांस बन सकते है।।

**-मामले की जांच करायी जायेगी,दोषी पाये जाने पर कार्रवाई होगी।**
**डॉ रवि मित्तल-कलेक्टर-जशपुर**

# योग शिक्षक भर्ती में बड़ा घोटाला, 2 माह अधिकारियों ने सिर्फ कार्रवाई टाली

## कलेक्टर जनचौपाल में वस्त्र त्याग करेगा शिकायतकर्ता

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कसडोल, 13 मार्च।** बलौदाबाज़ार जिला मुख्यालय में प्रभारी जिला आयुर्वेद अधिकारी द्वारा 3 माह पूर्व योग शिक्षकों की भर्ती गोपनीय तरीके से बिना विज्ञापन के कर ली गई। इस मुद्दे को सभी दैनिक समाचार पत्रों ने पूर्व में भी प्रमुखता से उठाया/प्रकाशित किया था। दैनिक समाचार पत्रों में समाचार प्रकाशन के पश्चात कलेक्टर रजत कुमार बंसल ने मामले में जांच के आदेश दिए थे जिसमें आरोप प्रमाणित पाए गये।

इस मामले की शिकायत आयुष स्वास्थ्य संचालक, स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव एवं बलौदाबाजार कलेक्टर रजत कुमार बंसल से की गई। जिस पर कलेक्टर रजत कुमार बंसल ने जांच एवं कार्यवाही के लिए टीम गठित की। संयुक्त कलेक्टर बजरंग दुबे ने जांच में 14 योग शिक्षकों की भर्ती को नियम विरुद्ध पाया एवं भर्ती निरस्त करने का आदेश जारी हो चुका है। किंतु अभी तक योग शिक्षकों की भर्ती करने में अनियमितता बरतने वाले प्रभारी जिला आयुर्वेद अधिकारी लतेल सिंह ध्रुव को उनके पद से नहीं हटाया गया जिसके कारण वह लगातार जांच प्रभावित कर रहे हैं और भ्रष्टाचार को अंजाम दे रहे हैं। जिला आयुर्वेद अधिकारी कार्यालय में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार किया गया है। कांग्रेस के कुछ नेताओं द्वारा लगातार इस भ्रष्ट अधिकारी को संरक्षण दिया जा रहा है।

14 योग शिक्षकों की नियम विरुद्ध की गई गोपनीय भर्ती के मामले में प्रभारी जिला आयुर्वेद अधिकारी को जांच उपरांत निलंबित कर देना चाहिए था किंतु उसे अभी तक निलंबित नहीं किया गया है। जिससे क्षुब्ध होकर शिकायतकर्ता राजेश मिश्रा ने कलेक्टर रजत कुमार बंसल को पत्र सौंपकर जिम्मेदार भ्रष्ट अधिकारी के ऊपर कार्यवाही ना करने पर वस्त्र त्याग करने संबंधित आवेदन दिया है। इस संबंध में शिकायतकर्ता राजेश मिश्रा ने बताया कि बलौदाबाज़ार जिले के कई विभागों में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार किया जा रहा है। इसमें कांग्रेस सरकार के जिम्मेदारों का पूरा संरक्षण प्राप्त है।

इसी के चलते 14 योग शिक्षकों की फर्जी भर्ती करने वाले प्रभारी जिला आयुर्वेद अधिकारी के ऊपर भी कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है। राजेश मिश्रा ने कहा कि वस्त्र त्याग संबंधी पत्र कलेक्टर को सौंपा है।





यदि 1 सप्ताह के भीतर कलेक्टर ने उपरोक्त अधिकारी को निलंबित या पद से नहीं हटाया तो वह कलेक्टर के जन चौपाल में अपने वस्त्र त्याग कर कलेक्टर रजत बंसल को अपने वस्त्र सौंपेंगे। राजेश मिश्रा ने कहा कि वह गांधी जी के बताए मार्ग पर चलकर सत्याग्रह के माध्यम से ही भ्रष्टाचार और अन्याय के विरुद्ध अपनी लड़ाई जारी रखेंगे।

अब देखना यह है कि बलौदाबाजार कलेक्टर रजत कुमार बंसल प्रभारी जिला आयुर्वेद अधिकारी को पद से हटाकर किसी अन्य को बिठाते हैं या फिर राजेश मिश्रा के वस्त्र स्वीकार कर उसे अपनी जन चौपाल से निर्वस्त्र भेजते हैं। शिकायतकर्ता राजेश मिश्रा ने बताया कि जांच को लंबे समय तक दबाकर रखा गया। भर्ती निरस्त करने संबंधी आदेश भी जांच के 2 माह बाद 24 फरवरी को जारी किया गया। किंतु 15 दिन बीत जाने के बाद भी अभी तक भर्ती निरस्त करने संबंधी कोई सूचना जिला भर्ती वेबसाइट पर अपलोड नहीं की गई है।

## एक नजर

### भाजपा सोशल मीडिया की बैठक में कई विषयों की जानकारी दी गई

**कसडोल, 13 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** बलौदाबाजार जिला कसडोल नगर पंचायत में आज भारतीय जनता पार्टी सोशल मीडिया की विधानसभा स्तरीय बैठक कसडोल राम जानकी नगर भाजपा कार्यालय में सम्पन्न हुआ। उक्त बैठक में मुख्य वक्ता के रूप में प्रशांत ठाकुर प्रदेश संयोजक सोशल मीडिया व प्रभारी उपस्थित रहे, साथ में सुदीप उपाध्याय जिला संयोजक सोशल मीडिया जांजगीर चाम्पा, नागेश्वर साहू मंडल अध्यक्ष युवा मोर्चा कसडोल, हितेश रात्रे जिला संयोजक सोशल मीडिया भाजपा में प्रमुखरूप से उपस्थित रहे। आज के इस बैठक में भाजपा सोशल मीडिया से सम्बंधित विभिन्न विषयों पर जानकारी प्रदान किया गया। साथ ही भाजपा सोशल मीडिया के कार्यो में और गति लाने हेतु कार्यकर्ताओ से आह्वान किया गया। आज के इस बैठक में गौतम यादव जिला सह-संयोजक सोशल मीडिया, सुंदर साहू जिला-सह संयोजक भाजपा सोशल मीडिया, आजूराम यादव संयोजक सोशल मीडिया पलारी, प्रमोद वर्मा संयोजक सोशल मीडिया दक्षिण पलारीखोरबाहरा साहू, प्रीतम जायसवाल, अभिषेक नवरंगे, सूरज यादव, पंकज कुमार टंडन एवं सोशल मीडिया के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### सभी को निराश करने वाला बजट : योगेश

**कसडोल, 13 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** बलौदाबाजार जिला कसडोल विधानसभा के पलारी में रहने वाले योगेश ( योगी ) वर्मा ने कहा कि छत्तीसगढ़ की वर्तमान कांग्रेस सरकार जनता को गुमराह कर रही है। 4 वर्षों से प्रधानमंत्री आवास को रोके रखा और चुनावी वर्ष में जनता को ठगने का अब प्रयास कर रही है। अपने घोषणा पत्र में अनियमित कर्मचारियों को नियमित करने की बात कही गई थी, उसके लिए भी बजट में कुछ प्रावधान नहीं है। ग्राम रोजगार सहायकों का मानदेय ?5000 से बढ़ाकर ?9540 करने के अपने वादे को भी अभी तक पूरा नहीं किया गया है। इस बजट में उनको भी निराशा मिली है, बेरोजगारी भत्ता देने के अपने वादे के अनुरूप पिछले 4 साल का बकाया बेरोजगार युवाओं को प्रदान करें। चुनावी वर्ष में बेरोजगार युवाओं को बेरोजगारी भत्ता देने का घोषणा अब नहीं चलेगा। अपने घोषणापत्र में फूड प्रोसेसिंग पार्क लगाने की कसम खाई थी जो 4 वर्षों में भी पूरा नहीं हुआ और इस बजट में भी उसके लिए कोई प्रावधान नहीं किया गया है। इस बजट को कांग्रेस सरकार केवल और केवल चुनावी साल में वोट बटोरने के लिए तैयार किया गया है।

### कृषि विभाग ने मनाया अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस



**बलौदाबाजार, 13 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** उपसंचालक कृषि विभाग बलौदाबाजार में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस में मनाया गया। इस मौके विभाग में कार्यरत महिलाओं द्वारा महिला सशक्तिकरण पर विचार व्यक्त करते हुए कहा कि आज पुरूषों के बराबर कदम से कदम मिलाकर आगे बढ़ रही है। साथ हर क्षेत्र में महिलाएं प्रगति कर रही है। अगर एक महिला ठान ले कि अच्छा कार्य करने की तो वह क्या नहीं कर सकती है सब जानते है कि महिलाओं को हर जगह पुरूषों के बराबर बराबर की हिस्सेदारी महिलाओं के लिए भी लागू किया गया है। इन्ही सकारात्मक विचारों के साथ कार्यालय में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। इस अवसर पर उप संचालक कृषि जोसेफ टोप्पो, हेड क्लर्क प्रमोदिनी एम्मानुएल, सहायक सांख्यिकी अधिकारी अर्चना बघेल, भृत्य अंकिता श्रीवास्तव, अनुसुईया यदु एवं अन्य स्टाफगण भी उपस्थित रहे।

## बंद अंडरब्रिज को पुनः आरंभ करने की मांग

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगढ़, 13 मार्च।** विधायक एवं अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष भुनेश्वर बघेल द्वारा बुधवारी पारा से कालका पारा को जोड़ने वाले अंडरब्रिज को पुनः आरंभ करने की मांग करते हुए डीआरएम नागपुर के नाम से ज्ञापन स्टेशन मैनेजर को सौंपा गया। इस ज्ञापन में कहा गया है कि बुधवारी पारा परमार बाड़ा से होते हुए कालका पारा को जोड़ने वाले अंडरब्रिज को रेलवे प्रशासन द्वारा निर्माण कार्यों के चलते लम्बे समय से बंद कर दिया गया है।

आगामी 22 मार्च से आरंभ होने वाले नवरात्रि पर्व के पूर्व इसे यदि आरंभ किया जाता है तो शहर के आम जनों एवं दर्शनार्थियों को इसका लाभ प्राप्त होगा। साथ ही नवरात्रि पर्व के दौरान होने वाली परेशानियों से बचा जा सकेगा। इस दौरान विधायक भुनेश्वर बघेल के साथ ब्लॉक शहर कांग्रेस अध्यक्ष संजीव गोमास्ता संध्या देशपांडे नलिनी मेश्राम अनिल मेश्राम रिम्मी भाटिया हरीश भंडारी ममता शिंदे किरण देउडकर ममता शिंदे धन्ना लाल गणवीर रूपचंद खोबरागडे नरेश करसे संजय यादव इंदरपाल राजा प्रमोद टैंभूर्णीकर गणेश मुदलियार रेखा खोबरागडे गणेश साहू रजत देशपांडे वर्षा मेश्राम रेखा लारोकर आयशा खान साहिल खान जनक वर्मा सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस जन उपस्थित रहे।



### आपदा पीड़ित 2 परिवारों को 8 लाख की आर्थिक सहायता

**बलौदाबाजार, 13 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** प्राकृतिक आपदा से मृत 2 लोगों के निकट परिजनों के लिए 8 लाख रूपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। प्रत्येक व्यक्ति के लिए 4-4 लाख रूपये की स्वीकृति प्रदान की गई है। कलेक्टर रजत बंसल ने राजस्व पुस्तक परिपत्र की धारा 6-4 के तहत 9 मार्च को ये स्वीकृतियां प्रदान की हैं। जिला कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार लाभान्वित हितग्राहियों में दुरपति साहू पिता स्व. नेतराम साहू, निवासी ग्राम रवेली, तहसील सुहेला एवं व्यासदेव ध्रुव पिता गजानंद, निवासी ग्राम ओड़ान, तहसील पलारी हैं। हितग्राहियों के निकट परिजनों के आकाशीय बिजली, तालाब के पानी में डूबने से मौत हो गई थी। कलेक्टर ने संबंधित तहसीलदारों को आरटीजीएस के जरिये पीड़ित लोगों के खाते में राशि जमा करने के निर्देश दिये हैं।

## कसडोल नगर की सड़क पर मुर्दों का कब्जा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कसडोल, 13 मार्च।** अक्सर देखा जाता है कि जिन लोगों के पास रहने के लिए घर नहीं होता वह सरकारी जमीन पर कब्जा कर लेते हैं। कुछ वर्षो तक तहसील न्यायालय में मामला चलता है और फिर लंबे समय तक कब्जे के आधार पर पट्टा दे दिया जाता है। इस तरह कब्जे की जमीन, कब्जा करने वाले की हो जाती है। ये तो बात हुई, जीवित इंसानों की। पर बलौदाबाजार जिला के अंतर्गत कसडोल नगर पंचायत के एक सड़क पर मुर्दों ने कब्जा कर रखा है। जी हां! आपने सही पढा... सड़क पर मुर्दों का कब्जा। तस्वीरों में आप देख सकते हैं कि यह कसडोल नगर पंचायत के अंतर्गत मुक्तिधाम ( श्मशान गृह ) के पास से गुजरने वाली एक सड़क का फोटो है। यह सड़क, रिंग रोड और कसडोल नगर के मुख्य मार्ग को जोड़ने वाली सड़क है। इस सड़क के एक हिस्से पर पर मुर्दों ने कब्जा कर रखा है, इससे सड़क की चौड़ाई, एक जगह पर कम हो गई है। मुक्तिधाम जाने वाले और उसके पास से गुजरने वाली इस सड़क पर चलने वाले लोग, अक्सर आश्चर्य में पड़ जाते हैं जब देखते हैं कि इस सड़क पर मुर्दों ने कब्जा कर रखा है और जिम्मेदार अधिकारीगण इसे हटा पाने में विफल है। अक्सर सरकारी जमीन पर किए हुए कब्जों को, सरकारी अमला आकर तोड़ देता है, ध्वस्त कर देता है। पर मुर्दों के इन कब्जों को किस आधार पर नहीं हटाया जा रहा है, यह सवाल कसडोल नगर के वासियों द्वारा एक दूसरे से पूछा जाता है।





■ प्रदेश को आर्थिक रूप से सुदृढ़ बनाने में करोड़ों की रॉयल्टी देने वाला नगर बदहाल

## शासन-प्रशासन की उदासीनता से राजहरा खो रहा अपना अस्तित्व

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दल्लीराजहरा, 13 मार्च।** खनिज नगरी दल्ली राजहरा जिसके गर्भ से निकले लौह अयस्क से भिलाई इस्पात संयंत्र ने देश की प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान दिया छत्तीसगढ़ प्रदेश को आर्थिक प्रगति प्रदान की। करोड़ो की रॉयल्टी देने वाला राजहरा नगर शासन, प्रशासन की उदासीनता के चलते अपना अस्तित्व खोता जा रहा है. इसका असर व्यापार पर भी देखने को मिल रहा है। नगर विकास की महत्वपूर्ण मांग को लेकर राजहरा व्यापारी संग लगातार संघर्ष करता रहा है। शासन, प्रशासन, रेल विभाग के नगर के विकास के प्रति कई वर्षो से लचर रुख अपनाने व केवल आश्वासन दे धरातल में कोई भी काम ना दिखने से निराश नगर के समस्त व्यापारियों ने अटल सदन में बैठक कर बड़े आंदोलन की रूप रेखा तैयार कर ली है। इस बैठक में समस्त व्यापारियों ने अपनी अपनी बात रखी व एक मत होकर आंदोलन को सहमति प्रदान की। इसके पूर्व राजहरा व्यापारी संघ कर प्रतिनिधि मंडल ने अनुविभागीय अधिकारी योगेंद्र श्रीवास से मिल अपने मांग पत्र का ज्ञापन सौप आंदोलन की जानकारी पत्र के द्वारा दी। एसडीएम चर्चा में व्यापारियों ने कहा की राजहरा के अस्तित्व की रक्षा के लिए यहां पहुंचे हुए हैं। 20 साल से हम वही मांग करते आ रहे हैं. अधिकारी बदल गए सरकार बदल गई और हमारे शहर का हुलिया भी बदल गया है। 1 लाख की जनसंख्या का नगर 40 हजार में पहुँच गया। रोजगार के कोई साधन नही कोई शासकीय उपक्रम नही बीएसपी सभी स्कूल बंद कर ली है। रेल सुविधा मिल नहीं रही।कुछ मिल रहा है तो वो है आश्वासन जिस पर एसडीएम द्वारा व्यापारी संघ की बीएसपी, रेलवे व प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठक की बात कर आंदोलन पर विचार करने की बात कही गई। व्यापारी मंडल ने कहा की नगर के विकास की मांग को लेकर दल्ली से दिल्ली तक सभी प्रयास किये गए 20 दिसंबर को रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव से दिल्ली में व्यापारी संघ का प्रतिनिधि मंडल मिल मांग पत्र सौपा।



### रेल विभाग से मांग

रेल्वे भूमि पर विगत 70 साल से बसे हुए सभी निवासरत् लोगों को पट्टा प्रदान किया जाये। दल्ली राजहरा में वाशिंग यार्ड का निर्माण कराया जाये, दल्ली राजहरा से 3 दिन चलने वाली डेमू पैसेंजर ट्रेन को प्रतिदिन न्यायधानी बिलासपुर तक चलाये, अंतागढ़ से रायपुर तक प्रतिदिन चलने वाली डेमू पैसेंजर ट्रेन में बोगियों की संख्या बढ़ायी जाये। जगदलपुर से रावघाट रेल लाईन निर्माण का कार्य प्रारम्भ किया जाये। दल्ली राजहरा से चंद्रपुर महाराष्ट्र तक रेल लाईन निर्माण का कार्य प्रारम्भ किया जाये। दुर्ग से चलने वाली ट्रेनों को दल्ली राजहरा से चलाया जाये। रिजर्वेश काऊंटर को बढ़ाते हुए आरक्षण काऊंटर का समय बढ़ाया जाये।दुर्ग से चलने वाली ट्रेन को अंतागढ़ से नागपुर विशाखापट्टनम चलाने की मांग की गई रेलवे के आला अधिकारियों को लगातार कई वर्षो से ज्ञापन दिया गया पर आज तक कोई कार्यवाही नही हुई।

### शासन प्रशासन से मांग

राजहरा में औद्योगिक नगर के लिए कई बार सर्वे हो चुका है उसे आरम्भ किया जाये, दल्ली राजहरा नगर एवं चिखलाकसा की भूमि रजिस्ट्री का सरलीकरण किया जाये केन्द्रीय विद्यालय अगले सत्र से प्रारंभ करने, बालोद जिले का नाम बालोद दल्लीराजहरा संयुक्त जिला कर इसके कुछ विभागों राजहरा में लाने, नगर से बायपास सड़क का निर्माण, जल आवर्धन योजना, 100 बिस्तर अस्पताल का निर्माण शीघ्र किया जाये, नगर के 270 + 130 एकड़ भूमि पर बसे लोगों को निःशुल्क रजिस्ट्री कराकर स्थायी पट्टा प्रदान किया जाये, दल्ली राजहरा को पूर्ण तहसील की स्थापना की जाये, राजहरा नगर के डेम साइड, बोरडीह डेम व अन्य क्षेत्र को पर्यटक क्षेत्र के रूप में विकास करने कुछ मांग पूरी होने की बात की गई, बजट प्रस्तावित होने की बात कई वर्षो से की जाती रही पर आज तक धरातल में कोई भी काम नहीं हुआ है।

### 15 से आंदोलन प्रारंभ

राजहरा व्यापारी संघ ने एसडीएम को दिए ज्ञापन मे नगर के सामाजिक संगठन व राजनैतिक संगठनों व सभी जनप्रतिनिधियों के समर्थन के साथ मांग पूर्ण करने हेतु आंदोलन करने को बाध्य होकर 15 मार्च से धरना प्रदर्शन प्रारंभ किया जा रहा है। उसी कड़ी में आगे नगर बंद एवं चक्का जाम जैसे कदम हम उठाने को मजबूर होंगें जिसकी सम्पूर्ण जवाबदारी प्रशासन की होगी।

## समाचार संक्षेप

### चोरी का सामान बेचने की फिराक में घूम रहे चार लोग गिरफ्तार



**बलौदाबाजार, 13 मार्च ((तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता))।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार झा द्वारा जिले में, अवैध शराब, जुआ, सट्टा एवं अपराधिक गतिविधियों में संलिप्त व्यक्तियों पर विशेष निगाह रखी जाकर आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देश दिए गए है, जिसके पालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सचिंद्र चौबे, अनुविभागीय पुलिस अधिकारी भाटापारा आशीष अरोरा, एवं थाना प्रभारी निरीक्षक अमित तिवारी के मार्गदर्शन में पुलिस सहायता केंद्र हथबंद प्रभारी सउनि जगदेव कुमार साहू द्वारा विशेष अभियान चलाकर ग्राम हथबंद में चोरी का सामान बेचने की फिराक में घूम रहे चार संदिग्ध आरोपियों को पकड़ा गया है। आरोपियों से चोरी के सामान ऑटो पार्ट्स टायर लैपटाप ऑटो रिपेयरिंग के उपकरण वगैरह जुमला कीमती 1,32,000 एवं घटना में प्रयुक्त बोलेरो वाहन ष्ट्र04 ॥क्च9314 कीमती 1,80,000 का जप्त कर। नंदकुमार सोनी पिता सेवक राम सोनी उम्र 35 वर्ष। हेमंत कुमार सेन उर्फ रंजीत पिता दिनेश सेन उम्र 31 साल। दीप साहू पिता सुखराम साहू उम्र 36 साल। राकेश निषाद उर्फ विनय निषाद पिता मूलचंद निषाद उम्र 22 साल सभी निवासी नेवरा थाना तिल्दा नेवरा जिला रायपुर को गिरफ्तार कर धारा 41(1+4) जाफौ के तहत कार्यवाही करते हुए गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है। उक्त कार्यवाही पुलिस सहायता केंद्र हथबंद प्रभारी सहायक उप निरीक्षक जगदेव कुमार साहू, प्रधान आरक्षक अश्वनी वर्मा, कमलेश बर्मन एवं स्टाफद्वारा की गई।

### आधुनिक एवं जैविक कृषि का अध्ययन करने जिले से 24 किसानों का दल जबलपुर रवाना




**बलौदाबाजार, 13 मार्च ((तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता))।** जिला बलौदाबाजार भाटापारा के कृषि विभाग में संचालित जैविक खेती मिशन योजना अंतर्गत जैविक खेती में नवाचार को बढ़ावा देने एवं जैविक खेती से अपनी आय में वृद्धि करते हुए आत्मनिर्भरता की अग्रसर होने हेतु विकासखंड कसडोल के 24 कृषकों एवं 3 विभागीय अमलो का दल को जबलपुर मध्यप्रदेश के रवाना किया गया। इस मौके पर उपसंचालक कृषि जोशेफटोप्पो ने सभी किसानों को बधाई देतें हुए हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। साथ ही उन्होंने बताया गया कि राज्य के बाहर प्रशिक्षण सह भ्रमण कार्यक्रम के तहत् 11मार्च से 20 मार्च तक कृषकों को जवाहर लाल नेहरू कृषि विश्व विद्यालय जबलपुर, बोरलॉग इंस्टिट्यूट फॉर साउथ एशिया (ब्क्ष्ट्र)जबलपुर, कृषि विज्ञान केंद्र जबलपुर एवं अन्य संस्थानों में जैविक खेती से जुड़े वैज्ञानिकों से प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। साथ ही जैविक तरीको के उचित समावेशन के साथ उत्पादित विभिन्न फसलों के प्रक्षेत्र का भ्रमण भी करेंगे एवं उन्नत तकनीकों का अनुसरण कर जैविक फसलों के उत्पादन में वृद्धि कर सकतें है। जैविक खेती करने वाले कृषकों के लिए यह प्रशिक्षण सह भ्रमण कार्यक्रम लाभ कारी सिद्ध होगी तथा कृषकों जैविक खेती को और बेहतर तरीके से संपादन करने हेतु प्रोत्साहन मिलेगा

### उत्कर्ष योजनाः कक्षा छठवीं में प्रवेश के लिए जिले के 96 बच्चों ने दी प्रारंभिक परीक्षा



**बलौदाबाजार, 13 मार्च ((तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता))।** कलेक्टर रजत बंसल के निर्देश एवं प्रभारी सहायक आयुक्त सँयुक्त कलेक्टर मिथलेश डोंण्डे के देखरेख में आज पंडित जवाहर लाल नेहरू उत्कर्ष योजना अंतर्गत कक्षा छठवीं में प्रवेश की प्रारंभिक परीक्षा शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई। उक्त परीक्षा में जिले से परीक्षा में शामिल होने के लिए 106 परीक्षार्थियों ने पंजीयन कराया था। इसमें 96 परीक्षार्थियों की उपस्थित रहे वही 10 अनुपस्थित इस तरह लगभग 95 प्रतिशत विद्यार्थियों ने आज परीक्षा दी है। उक्त परीक्षा का केंद्र जिला मुख्यालय में चक्रपाणि स्कूल को बनाया गया था। जिसमें समय 12:00 से 2:00 तक परीक्षा आयोजित की गई। इस दौरान सहायक आयुक्त मिथिलेश डोंण्डे ने परीक्षा केंद्र का जायजा भी लिया।

### 24 लीटर कच्ची महुआ शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार



**बलौदाबाजार, 13 मार्च ((तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता))।** जिला बलौदाबाजार में पुलिस उप महानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार झा द्वारा अवैध शराब बिक्री एवं परिवहन पर अंकुश लगाये जाने के कड़े निर्देश के परिपालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस के दिशा निर्देशन में 12 मार्च को ग्राम जंगलोर में छापामारी कर आरोपी हमेश्वर डहरिया पिता अमृतलाल डहरिया उम्र 22 वर्ष निवासी जंगलोर से बिक्री करने हेतु रखे 24 लीटर कच्ची महुआ शराब जप्त किया आरोपी के खिलाफ अपराध क्रमांक 127/23 धारा 34(2) आबकारी अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध कर रिमांड में भेजा गया। संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी पलारी एवं सउनि श्रवण नेताम, आरक्षक विक्की वर्मा, कमल कोसले, दिलीप गिलहरे का योगदान रहा।

## एक नजर

### भाजपा का प्रदर्शनः पुलिस से साथ झूमाझटकी, जमकर नारेबाजी

**रायपुर, 13 मार्च।** जिले के आरंग मेंभारतीय जनता पार्टी ने मोर आवास मोर अधिकार कार्यक्रम के तहत आरंग के पुराना मंडी परिसर में धरना-प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में आरंग विधानसभा के हजारों कार्यकर्ता सहित प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राही भी उपस्थित रहे। इसके बाद हजारों की संख्या में कार्यकर्ता आरंग स्थित मंत्री शिव डहरिया के निवास का घेराव करने पैदल ही निकल पड़े। प्रदर्शनकारियों को रोकने के लिए सैकड़ो की संख्या में पुलिस बल तैनात था। बस स्टैंड के पास तीन लेयर में बैरिकेडिंग की गई थी। भाजपा कार्यकर्ता पहला बेरिकेड्स को तोड़ने में सफल रहे, लेकिन टीन-शेड से बने बेरिकेड्स के पास भारी संख्या में मौजूद पुलिस जवानों ने उन्हें रोक लिया।

### 4 संविदा अधिकारियों से छीने गए आर्थिक अधिकार

**रायपुर, 13 मार्च।** छत्तीसगढ़ के जल संसाधन मंत्री रविंद्र चौबे ने सोमवार को सदन में यह स्वीकार किया कि चार संविदा अधिकारियों को वित्तीय और प्रशासनिक अधिकार दिए गए थे जो अब उनसे छीन लिए गए हैं। हालांकि उन्होंने नियम के विपरीत वित्तीय और प्रशासनिक अधिकार देने वाले अधिकारी पर कार्यवाही से इंकार कर दिया। प्रश्नकाल के दौरान बृजमोहन अग्रवाल ने जल संसाधन विभाग में संविदा नियुक्ति का मामला उठाया। उन्होंने पूछा कि विभाग में कितने सब इंजीनियर, असिस्टेंट इंजीनियर, एग्जीक्यूटिव इंजीनियर, सुपरिंटेंडेंट इंजीनियर और चीफ इंजीनियरों के पद पर संविदा नियुक्ति दी गई है। मंत्री चौबे ने बताया कि जल संसाधन विभाग में 1 मार्च की स्थिति में 2 सब इंजीनियर, 16 असिस्टेंट इंजीनियर, 3 एग्जीक्यूटिव इंजीनियर और 6 सुपरिंटेंडेंट इंजीनियर के पद पर संविदा नियुक्ति दी गई है। मंत्री ने बताया कि सामान्य प्रशासन विभाग के नियमों के अनुसार संविदा नियुक्ति दी जाती है। बृजमोहन ने पूछा कि क्या संविदा अधिकारियों को वित्तीय और प्रशासनिक अधिकार दिए जाते हैं तो मंत्री ने कहा कि संविदा अधिकारियों को वित्तीय और प्रशासनिक अधिकार नहीं दिया जा सकता। बृजमोहन ने पूछा कि क्या विभाग में संविदा में नियुक्त किसी अधिकारी को वित्तीय और प्रशासनिक अधिकार दिया गया है? मंत्री ने बताया कि सुपरिंटेंडेंट इंजीनियर रामास्वामी नायडु, एग्जीक्यूटिव इंजीनियर अशोक कुमार तिवारी, आरपी शुक्ला और असिस्टेंट इंजीनियर एलएल देवांगन को वित्तीय और प्रशासनिक अधिकार थे। उनके वित्तीय और प्रशासनिक अधिकार ले लिए गए हैं। बृजमोहन ने पूछा कि जिन अधिकारियों ने वित्तीय और प्रशासनिक अधिकार दिए थे, उन पर क्या कार्रवाई करेंगे? इस पर मंत्री ने कहा कि कार्यवाही की कोई जरूरत नहीं है।

### राजभवन मार्च में शामिल हुए क्रेडा अध्यक्ष

**रायपुर, 13 मार्च।** केंद्र सरकार की अडानी परस्त नीति को लेकर भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के आव्हान पर छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस द्वारा राजभवन मार्च किया जा रहा है। इस मार्च में शामिल होने अक्षय ऊर्जा विकास अभिकरण क्रेडा अध्यक्ष मिथिलेश स्वर्णकार भी शामिल हुए। इनके साथ प्रदेश स्तरीय नेताओं ने भी शिरकत किया।

# सदन में एक्सप्रेस-वे की गूंज

## सत्ता पक्ष के साथ विपक्ष के विधायकों ने लगाया निजी जमीन के अधिग्रहण का आरोप




**रायपुर 13 मार्च।** विधानसभा में सोमवार को कांग्रेस विधायक सत्यनारायण शर्मा, कुलदीप जुनेजा, शैलेश पांडे ने रायपुर के तेलीबांधा एक्सप्रेस वे का निर्माण गाइडलाइन के अनुसार नहीं किए जाने की ओर लोक निर्माण मंत्री का ध्यान आकर्षित कराया. इसके साथ ही निजी जमीन का अधिग्रहण और भू-स्वामियों को मुआवजा नहीं मिलने की बात उठाई. गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू ने निजी जमीन अधिग्रहण से इंकार किया. इस पर आसंदी ने सदस्यों अपने प्रमाण सदन की पटल पर रखने के साथ मंत्री से जांच कराने की बात कही। विधायक सत्यनारायण शर्मा ने आरोप लगाया कि निजी जमीन का अधिग्रहण करके बनाया गया एक्सप्रेस वे, भू स्वामियों को मुआवजा भी नहीं मिला है. मंत्री ताम्रध्वज साहू ने कहा कि एक्सप्रेसवे निर्माण में किसी की निजी जमीन का अधिग्रहण नहीं किया गया. सर्विस रोड निर्माण के लिए निजी भू-मालिकों की सहमति से साथ निजी जमीन को लिया गया. विधायक सत्य नारायण शर्मा ने कहा कि नाले का निर्माण किया गया है, विभाग द्वारा गुमराह करके की कोशिश हो रही. विधायक ने सदन की ओर से जांच समिति से निर्माण की जांच की मांग की. विधायक कुलदीप जुनेजा और विधायक बृजमोहन अग्रवाल ने भी जांच की मांग की।

मंत्री ताम्रध्वज साहू ने कहा कि समिति बनाकर जांच की आवश्यकता नहीं. मैने पूरी जानकारी दी है. प्रचलित स्थानों पर एंट्री की व्यवस्था है, पर हर जगह एंट्री नहीं दी जा सकती. आसंदी ने विधायक सत्यनारायण शर्मा को कहा कि सभी जानकारी और डॉक्यूमेंट सदन की पटल पर रखे. विधायक कुलदीप जुनेजा ने कहा कि क्षेत्र में बस्ती में घर है. यहां घर से बाहर नहीं लोग निकल पा रहे है. अधिकारीगण अलग-अलग बयानबाजी करते हैं, सर्विस रोड देना अनिवार्य है. विधायक शैलेश पांडेय ने कहा कि ये ध्यानाकर्षण तथ्यों पर आधारित है, निजी भूमि का अधिग्रहण नही किया जा सकता, सरकार तथ्यों की जांच करे.

विधायक बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि 14 किमी का एक्सप्रेस हाइवे 22 लाख आबादी को क्रॉस करता है. 100 से अधिक झुग्गी झोपड़ी है. सर्विस रोड बनाने की घोषणा हो. विधायक कुलदीप जुनेजा ने चुटकी लेते हुए कहा कि शहर के वीआईपी रोड को पर्यटन स्थल घोषित करें. मंत्री ताम्रध्वज साहू ने कहा कि यदि प्रमाण है, तो इसे दिखाकर जानकारी दी जाएगी. एक्सप्रेस हाइवे का निर्माण होता है, तो सर्विस रोड का प्रावधान है, जितनी घर और कॉलोनी के लिए यदि एंट्री दी जाए तो एक्सप्रेसवे का औचित्य नहीं. यातायता और परिवहन की समस्या है, सर्विस रोड के लिए प्रोविजन किया जाए। माना से लेकर गुढ़ियारी तक सर्विस रोड के निर्माण के विधायक बृजमोहन अग्रवाल के सुझाव को मंत्री ताम्रध्वज साहू ने बेहतर बताते हुए कहा कि जनता की सुविधा के दृष्टिकोण से निर्णय लिया जाएगा. आसंदी ने कहा कि सदस्य अपने प्रमाण सदन की पटल पर रखें, मंत्री इसकी जांच कराएंगे. इसके साथ ही सदन की कार्यवाही दोपहर 3 बजे तक के लिए स्थगित हो गई।

# 15.63 लाख क्विंटल गोबर की हुई है खरीदी

**रायपुर, 13 मार्च।** छत्तीसगढ़ विधानसभा बजट सत्र में सोमवार को विपक्ष ने गोधन न्याय योजना का मुद्दा उठाया. मंत्री रविंद्र चौबे ने बताया कि 15.63 लाख क्विंटल गोबर खरीदा गया. 211 करोड़ का भुगतान किया गया है.पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने प्रश्न लगाया था, उनकी अनुपस्थिति में नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल ने सवाल सरकार से जिलेवार गोबर खरीदा का आंकड़ा और भुगतान की जानकारी मांगी. कृषि मंत्री रविंद्र चौबे ने बताया कि 15 फरवरी तक 352522 विक्रेताओं से 10550682.51 की गोबर खरीदी गोठान समितियों से खरीदी गई है. इसमें से 10 लाख से अधिक का भुगतान महावीर गोशाला को हो चुका है. पामगढ़ विधायक इंदू बंजारे ने सदन में सवाल किया कि पामगढ़ क्षेत्र में कितने आगंगनबाड़ी केंद्र संचालित हैं, कितने आंगनबाड़ी केंद्र भवन विहिन है, और किराए के भवन में संचालित हैं. वित्तीय वर्ष में 2021-22 में कितने आंगनबाड़ी भवन में बनाए गए हैं. इस पर महिला बाल विकास मंत्री अनिला भेड़िया ने बताया कि वित्तीय वर्ष में 2021-22 में एक भी नए भवन नहीं बनाए गए.

मंत्री ने कहा कि केंद्र से बजट नहीं मिला. नए भवनों के लिए सरकार की अलग-अलग एजेंसियों का समन्वित प्रयास जारी है. केंद्र सरकार को भी पत्र लिखा गया है. केंद्र और राज्य की बराबर हिस्सेदारी से नए भवनों का निर्माण होता है. इसके साथ ही सदन में प्रश्नकाल की कार्यवाही समाप्त हुई. मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने खान और खनिज विकास और विनियम अधिनियम, स्कूल शिक्षा मंत्री प्रेमसाय सिंह टेकाम ने छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा अधिनियम और मंत्री शिव कुमार डहरिया ने छत्तीसगढ़ नगर पालिका अधिनियम पटल पर रखा।

# केन्द्र सरकार के खिलाफ कांग्रेस का राजभवन मार्च




**रायपुर 13 मार्च ।** अडानी मामले में केन्द्र सरकार के खिलाफ आज प्रदेश कांग्रेस ने प्रर्दशन कर राज्यपाल को ज्ञापन सौंपा। हजारों कांग्रेसियों ने अंबेडकर चौक पर धरना दिया। इस कार्यक्रम में कांग्रेस के ब्लाक से लेकर प्रदेश स्तर तक के पदाधिकारी शामिल होंगे। इस अवसर पर सभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि राजभवन मार्च में मोदी सरकार के नीतियों का विरोध करते हुए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने मंच से संबोधन करते हुए कहा कि अडानी के विरुद्ध पूरे देश मे उबाल है. सैकड़ों नंबर पर रहने वाले, अडानी जी कुछ दिनों में दूसरे नंबर पर आ गए थे. हिडनबर्ग की रिपोर्ट के बाद अडानी के शेयर तुरंत गिरते नजर आने लगे थे. पूरे दुनिया का दूसरे पायदान का अमीर आदमी, गिरते-गिरते कितना नीचे आ गया था. अडानी का शेयर ताश के पत्ते की तरह गिरते नजर आने लगा था, आप पूरी दुनिया के साथ, भोले-भाले लोगों के साथ धोखाधड़ी करते रहें. लेकिन बात एलआईसी, जीवन बीमा की हो, जिसमें हमारा आपका पैसा लगा हो, उसके बाद भी सरकार उसको पैसा देते जा रही है. संसद में राहुल गांधी और खड़गे जी के भाषण को विलोपित किया जाता है.

प्रदेश प्रभारी कुमारी सैलजा ने अपने संबोधन कहा कि हम पूरे देश में आज धरना कर रहे है,क्यों कर रहे क्या जरूरत पड़ी,पूरे देश में भारत का सर नीचा हुआ है. कहा जाता था हमारे देश के एक व्यक्ति अडानी दूसरे नंबर के अमीर है, उसी समय संदेह हुआ. क्या कारण है थोड़े समय में कहा से कहा पहुंच गए. प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा कि देश की जनता को यह जानने का अधिकार है कि आखिर सरकारी बैंकों से अडानी को अनुपातहीन लोन किस के दबाव में दिया गया? षड्यंत्र उजागर होने के बाद भी एलआईसी का पैसा क्यों दबाव पूर्वक अडानी की कंपनी में लगवाया जा रहा है? एलआईसी और एसबीआई देश की जनता का भरोसा है, जिसे षडयंत्र पूर्वक व्यक्तिगत लाभ के लिए अपने पूंजीपत मित्र पर लुटाया जा रहा है। लाखों करोड़ के मनी लांड्रिंग, ब्लैकमनी, विदेशों में फर्जी सेल कंपनी बनाकर अडानी की कंपनी में लगाने के तथ्य उजागर हुए हैं। बाजार में निगरानी रखने की जिम्मेदारी सेबी की होती है, लेकिन मोदी सरकार के दबाव में सेबी भी मौन है।

# मोर आवास, मोर अधिकार' पर भाजपा 15 मार्च को करेगी विधानसभा घेराव

**रायपुर, 13 मार्च।** 'मोर आवास, मोर अधिकार' के मुद्दे को लेकर भाजपा 15 मार्च को विधानसभा का घेराव करेगी. भाजपा का आरोप है कि भूपेश सरकार ने 'मोर आवास, मोर अधिकार' के तहत बनने वाले मकानों का निर्माण रोक कर रखा है. केंद्र सरकार ने आवास के लिए पैसा तो भेजा, लेकिन राज्य सरकार ने वह पैसा गरीबों तक नहीं पहुंचने दिया. भाजपा सरकार बनी तो 16 लाख गरीब परिवारों को आवास मुहैया कराया जाएगा।

अनियमित कर्मचारी सभा को लेकर केदार गुप्ता ने कहा कि 'झूठ बोलो और राज करो' झूठे संकल्प पत्र के आधार पर कांग्रेस सरकार सत्ता में आ गई है. 2018 में उन्होंने नियमितीकरण का वादा किया था, लेकिन अनियमित कर्मचारियों को नियमित नहीं किया. निश्चित रूप से कांग्रेस पार्टी ने धोखेबाजी की है, और 2023 में सब मिलकर कांग्रेस को अलविदा करेंगे।

कांग्रेस के 13 मार्च को राजभवन मार्च को लेकर कहा भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के मंत्रियों और अधिकारियों के ठिकानों पर ईडी और आईटी छापे पड़े हैं. छत्तीसगढ़ में इनको भी ऐसा लगता है, पूरे देश में वही चल रहा है. ईडी और आईटी से उबर नहीं पा रहे हैं. यह कहते हैं तो फिर कोर्ट उनको जमानत क्यों नहीं दे रहा है? आज तक जमानत नहीं हुई है. कांग्रेस की सरकार को अपनी चिंता करना चाहिए. देश की अर्थव्यवस्था दुनिया में पांचवे स्थान पर मोदी जी ने पहुंचा दी है।

भाजपा में गुटबाजी को लेकर केदार गुप्ता ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी कैडर बेस्ट पार्टी है. कार्यकर्ताओं के द्वारा चलती है, कार्यकर्ता ही से चलाते हैं. जहां तक कांग्रेस की बात, ढाई साल का बंटवारा हुआ था दिल्ली में मुख्यमंत्री पद का, वह भी नहीं हुआ. मुख्यमंत्री भूपेश बघेल यूज एंड थ्रो की राजनीति करते हैं।

तानाशाही रवैया अपना रहे हैं. पहले टीएस सिंहदेव को जय गुरु बना कर यूज़ किया. फिर निकाल दिया, अब मोहन मरकाम की बारी है, अध्यक्ष पद से अलविदा होंगे, इसलिए कांग्रेस और भाजपा में बेसिक अंतर है।

# राज्यपाल से बढ़ा चढ़ाकर बजट भाषण पढ़वाने का आरोप

**रायपुर, 13 मार्च।** छत्तीसगढ़ विधानसभा के बजट सत्र का आज छठवां दिन है। प्रश्नकाल में कांग्रेस सदस्य मोहन मरकार के सवाल पर जहां सरकार घिरी नजर आई, तो शून्यकाल में विपक्षी सदस्य अजय चंद्राकर और बृजमोहन अग्रवाल ने राज्यपाल के अभिभाषण में छेड़छाड़ किए जाने का मुद्दा उठाया। इस मामले को सदन का माहौल जोरदार तरीके से गर्मा गया, जिसके चलते सदन की कार्यवाही 10 मिनट के स्थगित की गई।

छत्तीसगढ़ विधानसभा का बजट सत्र 1 मार्च को राज्यपाल के अभिभाषण के साथ शुरु हुआ। विपक्षी सदस्यों अजय चंद्राकर और बृजमोहन अग्रवाल का आरोप है कि सदन में राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन से जो अभिभाषण पढ़ाया गया है, उसके हिन्दी और अंग्रेजी वर्जन में लाइनों का अंतर है। आरोप है कि अंग्रेजी में एक लाइन बढ़ाई गई है, तो हिन्दी में बढ़ा–चढ़ाकर पढ़वाया गया है। इतना ही नहीं, विपक्ष ने शून्यकाल में इस मुद्दे पर और जोर देते हुए सरकार को बुरी तरह से घेरने की कोशिश की। विपक्ष का आरोप है कि सदन में 1 मार्च को राज्यपाल ने जिस अभिभाषण को पढ़ा, दरअसल उसकी प्रतिलिपियां सदस्यों को वितरित नहीं की गई।

इस मसले पर विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल ने कहा कि विधानसभा के इतिहास में इससे बड़ी धोखाधड़ी पहले कभी नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि सरकार ने राज्यपाल से गलत अभिभाषण पढ़वाया है, तो मूल बात यह है कि विधानसभा में गलत करने का प्रयास किया गया है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि यह विधानसभा और राज्यपाल का अपमान है। जिसके बाद सदन में जोरदार हंगामा शुरु हो गया और फिर सदन की कार्रवाई को 10 मिनट के लिए स्थगित किए जाने की घोषणा की गई।

# नौकरी नहीं तो वोट नहीं, प्रेरक कर्मचारियों ने दी आंदोलन की चेतावनी

**रायपुर, 13 मार्च।** प्रेरक कर्मचारियों ((ग्रामीण क्षेत्रों में साक्षरता के लिए लोगों को पढ़ाने वाले) ने नौकरी की मांग करते हुए बूढ़ा तालाब धरना स्थल पहुंचकर राज्य सरकार के खिलाफ एक दिवसीय धरना देते हुए प्रदर्शन किया। इस दौरान महानदी के पानी को हाथ में लेकर सौगंध खाई कि यदि राज्य सरकार उन्हें नौकरी नहीं देगी तो आने वाले चुनाव में कांग्रेस को वोट नहीं देंगे।

आंदोलन के बीच प्रेरक संघ के प्रदेश अध्यक्ष संदीप द्विवेदी ने पानी लेकर सामूहिक रूप से सभी प्रेरक संघ के लोगों को कसम दिलाई कि नौकरी के बाद ही कांग्रेस को वोट देंगे। अपनी मांग को दोहराते हुए कहा की सरकार को जल्द से जल्द प्रेरकों को शिक्षा और पंचायत विभाग में नौकरी, अन्य सरकारी विभागों की नौकरी में प्रेरकों को अनुभव का लाभ मिलना चाहिए।

दरअसल ये मांग साल 2018 के पहले से उठ रही है। चुनावी साल के पहले कांग्रेस ने इनसे नौकरी देने का वादा किया था, जोकि अब तक अधूरा है। अब फिर एक बार प्रेरक कर्मचारी पूरे प्रदेश में आंदोलन के जरिए मांगें मनवाने की कोशिश में हैं।

इस प्रदर्शन में प्रेरक कर्मचारियों ने अपनी मांग रखते हुए प्रशासन को ज्ञापन दिया है। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि उनके नौकरी पर सरकार का फैसला जल्द नहीं होता तो एक बड़ा आंदोलन किया जाएगा। इसके साथ 31 मार्च 2018 से अब तक प्रेरकों को 2500 रुपए प्रति माह के हिसाब से बेरोजगारी भत्ता मिले।







कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरूण छत्तीसगढ़, तरूण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2021-23